

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सैर सपाटा भागदौड़ भरी जिंदगी में ब्रेक व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 295, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

कानपुर, रविवार, 15 जून 2025




ऑपरेशन सिंदूर ने वायुसेना की क्षमता को किया प्रदर्शित...14

**आज का मौसम**

40.0° अधिकतम तापमान | 30.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 05 : 15
सूर्यास्त 07 :03

**नीट यूजी 2025 रिजल्ट जारी**

# राजस्थान के महेश टॉपर, मप्र के उत्कर्ष को दूसरी रैंक

## लड़कियों में दिल्ली की अविका अव्वल, 22.09 लाख परीक्षार्थियों में से 12.36 लाख उत्तीर्ण, यूपी के 1.70 लाख अभ्यर्थी हुए सफल

नई दिल्ली, एजेंसी



महेश कुमार



उत्कर्ष अवधिया

राजस्थान के महेश कुमार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा- स्नातक (नीट-यूजी) में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जबकि मध्यप्रदेश के उत्कर्ष अवधिया ने दूसरा स्थान हासिल किया है।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को यह जानकारी दी। मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल कुल 22.09 लाख परीक्षार्थियों में से 12.36 लाख से अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। हालांकि यह संख्या पिछले वर्ष के 13.15 लाख उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से कम है। पिछले वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या भी 23.33 लाख से अधिक थी। इस वर्ष उत्तीर्ण उम्मीदवारों में 7.2 लाख से अधिक छात्राएं हैं, जबकि 5.14 लाख से अधिक छात्र हैं। इनमें से 529 अभ्यर्थी विदेशी नागरिक, 405 एनआरआई (गैर निवासी भारतीय) और 606 ओसीआई (प्रवासी भारतीय नागरिक) कार्ड धारक हैं। महाराष्ट्र के कृषांग जोशी और दिल्ली के मृणाल किशोर झा क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। लड़कियों में दिल्ली की अविका अग्रवाल शीर्ष पर रहीं और उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पांचवां स्थान हासिल किया।

अधिकतम उत्तीर्ण अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश (1.70 लाख से अधिक) से हैं, इसके बाद महाराष्ट्र (1.25 लाख से अधिक) और राजस्थान (1.19 लाख से अधिक) का स्थान है। कुल 73 अभ्यर्थियों ने 720 में से 651 से 686 अंक प्राप्त किए हैं, जबकि 1,259 अभ्यर्थियों ने 601 से 650 के बीच अंक प्राप्त किए हैं। नीट-स्नातक में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या के संदर्भ में देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा है। एनटीए हर साल मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए नीट आयोजित करती है। एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए कुल 1,08,000 सीटें उपलब्ध हैं जिनमें सरकारी अस्पतालों में लगभग 56,000 और निजी कॉलेजों में लगभग 52,000 सीटें हैं।

### प्रदेश में पांचवें स्थान पर बरेली के यशस्वी

**बरेली।** नीट में बरेली के यशस्वी कुमार ने पांचवां स्थान हासिल किया है। यशस्वी ने 650 अंक हासिल किए हैं और उनकी आल इंडिया रैंक 75 है। सीबीगंज निवासी यशस्वी दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र हैं और उनके पिता डॉ. राजेश कुमार राजश्री मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर हैं। उनकी सफलता पर उनके परिजनों और स्कूल वालों ने बधाई दी।



यशस्वी कुमार

# राम की पैड़ी की तर्ज पर मथुरा वृंदावन में बनेगी श्रीकृष्ण पैड़ी

मथुरा (उप्र), एजेंसी

- **100 करोड़ रुपये की लागत से पैड़ी का होगा निर्माण**

उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में वृन्दावन में प्रस्तावित बांकेबिहारी कॉरिडोर के सामने अयोध्या की राम की पैड़ी की तर्ज पर एक सौ करोड़ रुपये की लागत से कृष्ण की पैड़ी का निर्माण कराया जाएगा। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के पदेन मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग को इसके लिए धनराशि तय कर उसी के अनुसार प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं। अयोध्या में राम की पैड़ी सरयू नदी के किनारे स्थित घाटों की एक श्रृंखला है, जो धार्मिक महत्व के लिए जानी जाती है।

सिंह ने बताया कि परिक्रमा क्षेत्र में डेढ़ किमी लम्बे यमुना घाटों का पुनरुद्धार किया जाएगा, जिससे वृन्दावन में यमुना के घाटों का परिदृश्य पूरी तरह बदल जाएगा।

# आतंकी साजिश : एनआईए ने मप्र-राजस्थान में छापे मारे

नई दिल्ली, एजेंसी

- **हिज्ब-उत-तहरीर के खिलाफ एनआईए का एक्शन, छापेमारी में कुछ डिजिटल उपकरण जब्त**

एनआईए ने मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की प्रतिबंधित संगठन हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) की आतंकी साजिश की जांच के लिए शनिवार को मध्य प्रदेश और राजस्थान में छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने एचयूटी और उसके सदस्यों की गतिविधियों की जांच के तहत भोपाल में तीन और राजस्थान के झालावाड़ में दो स्थान पर छापे मारे। यह छापेमारी एनआईए द्वारा दर्ज किए गए एक मामले के तहत की गई है।

बता दें कि एनआईए ने भारत में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे विभिन्न आतंकवादी और कट्टरपंथी समूह और संगठनों को खत्म करने के अपने प्रयासों के तहत मामला दर्ज किया था, जो संवेदनशील मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने की एचयूटी की साजिश से संबंधित है। एनआईए ने कहा कि युवाओं को भारत की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को उखाड़ फेंकने और शरिया कानून द्वारा शासित एक इस्लामिक सरकार स्थापित करने के मकसद से हिंसा फैलाने के प्रेरित किया जा रहा था।

# मोबाइल लेकर भागा बंदर, पीछा किया तो युवक की गिरकर मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **पीछा करने पर बंदर ने दी थी घुड़की बदांयू के गांव धरैहरा का मामला**

**अमृत विचार :** शहर से लेकर गांवों तक बंदरों का आतंक है। बंदरों की वजह से एक और युवक की मौत हो गई। बंदर युवक का मोबाइल छीनकर भागने लगा तो युवक ने पीछा किया। इस बीच बंदर ने घुड़की दी। युवक डर के कारण पीछे हुआ और छत से गिरकर उसकी मौत हो गई।

मामला उघैती थाना क्षेत्र के गांव धरैहरा का है। गांव निवासी छोटे लाल (30) पुत्र विजय सिंह गर्मी ज्यादा होने की वजह से शुक्रवार रात घर की छत पर सोए थे। चारपाई पर पास में उनका मोबाइल फोन रखा था। परिजनों के अनुसार, सुबह तकरीबन साढ़े 5 बजे बंदरों का झुंड आया और उनका मोबाइल फोन उठाकर ले गया। खटपट की आवाज से छोटे लाल की नींद खुल गई। वह अपना मोबाइल फोन लेने के लिए छत पर बंदर के पीछे भागे। इसी दौरान बंदरों के झुंड ने उन्हें घेर लिया और घुड़की दी। छोटे लाल डरकर खुद को बचाने को पीछे हुए और छत से नीचे जा गिरे। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गिरने की आवाज सुनकर परिजन दौड़कर पहुंचे। घायल को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। यहां इलाज के दौरान शनिवार सुबह छोटे लाल ने दम तोड़ दिया।

# कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर मिलेगा 1 लाख

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- **यह सुविधा सिर्फ यूपी के लोगों को, योगी सरकार के प्रस्ताव को राज्यपाल ने दी मंजूरी**

**अमृत विचार:** श्री कैलाश मानसरोवर की तीर्थ यात्रा पर जाने वालों को योगी सरकार एक लाख रुपये आर्थिक सहायता देगी। राज्यपाल की मंजूरी के बाद धर्मार्थ कार्य विभाग ने शासनादेश जारी कर दिया है। प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार यात्रा पूर्ण करने के 90 दिन के भीतर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा।

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर यह सुविधा केवल यूपी के मूल निवासियों के लिए है। विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार भारत सरकार की ओर से आयोजित की जाने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा में शामिल होने वालों के अलावा जो अपने व्यक्तिगत श्रोतों से और प्राइवेट ट्रेवल एजेंसी के माध्यम से भी यात्रा पूरा करेंगे वे सभी एक लाख रुपये अनुदान के पात्र होंगे। शर्त यह होगी कि यात्रा पूरा करके लौटने के बाद 90 दिन के भीतर वेबसाइट www.updharmarthkarya.in पर हर हाल में आवेदन करना होगा। आवेदन में अपनी फोटो, आधार कार्ड, पैनकार्ड, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट व वीजा, बैंक खाते का विवरण, यात्रा पूर्ण करने का प्रमाण पत्र समेत अन्य अभिलेख अपलोड करना होगा। कोई भी आवेदन भौतिक रूप से स्वीकार नहीं होंगे। आवेदन पत्र का परीक्षण धर्मार्थ कार्य निदेशालय लखनऊ करेगा। सब सही पाए जाने पर अनुदान राशि सीधे बैंक खाते भेज दी जाएगी। जीवन काल में एकबार ही अनुदान मिलेगा। किसी की मृत्यु होने की दशा में पत्नी-पति या आश्रित के आवेदन की जांच-पड़ताल के बाद अनुदान की प्रतिपूर्ति दी जाएगी।

### यात्रा भवन के लिए 73.58 लाख दिए

गाजियाबाद के इंदिरापुरम में बने कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन के संचालन और उपकरणों को क्रियाशील करने के लिए कार्यदायी संस्था उप्र राजकीय निर्माण निगम को 73 लाख 58 हजार 205 रुपये का बजट दिया गया है। आधी धनराशि पहले ही दी गई थी, शेष 36 लाख 79 हजार 102 रुपये की धनराशि शासन ने मंजूर की है।

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग | स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
- आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
- डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
- पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
- नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढी नाक, टॉन्सिल्स)
- हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com Email: nhrc@narainagroup.net

# एचटी लाइन का तार टूटने से पांच घरों के 26 लोग झुलसे

## इंदिरा नगर मोहल्ले के लोगों ने लाइन हटाने के लिए उठाई आवाज

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** घरों के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर गिर जाने से करंट दौड़ गया। इससे घरो व छतों पर सो रहे लोग चपेट में आकर झुलस गए। सभी को आनन फानन अस्पताल में भर्ती कराया गया। तार जोड़ने पहुची विद्युत विभाग की टीम का मोहल्ले के लोगो ने विरोध किया।

शुक्रवार की देर रात करीब 11 बजे नगर के मोहल्ला इंदिरा नगर ( हमीद नगर) में घरों के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन का तार जे टूट कर गिर गया। इससे करीब पांच घरों में करंट दौड़ गया। घरो व छतों पर सो रहे लोग इसकी चपेट में आकर झुलस गए। करंट दौड़ने से लोगों में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर लग गई और घायलों को नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद तार को जोड़ने पहुंची विद्युत विभाग की टीम का स्थानीय लोगों ने विरोध किया और लाइन को घरों के ऊपर से हटाए जाने की मांग की। मामले की सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। एसडीओ बृजेश कुमार सरोज व अवर अभियंता विकास कुमार ने स्थानीय लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया और देर रात करीब 2:00 बजे टूटे तार को जुड़वा कर बाधित आपूर्ति को बहाल कराया।


घटना की जानकारी देता व्यक्ति। अमृत विचार

### करंट की चपेट में आने से ये लोग झुलसे

**गुरसहायगंज।** करंट की चपेट में आने से मोहल्ले के रिजवान, जैनब, जावेद, इरशाद, अलीशा, नजमा, कायनात, राजा, शबनूर खान, बिलाल, हमजा, साहिल, अब्दुल्ला, नाजिमा बानो, आलम शाह बानो, आलम, भूरा उसकी पत्नी व दो बच्चे सहित चंदन की पत्नी शावरीन, बेटी आफरीन पुत्र बिलाल व साहिल सहित लगभग 26 से अधिक लोग झुलस गए। जिन्हें उपचार के लिए नगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में खासा रोष व्याप्त है और सभी ने घरों के ऊपर से निकली एचटी लाइन हटाए जाने की मांग की है।

# वाया कन्नौज प्रयागराज के लिए चलेगी साप्ताहिक ट्रेन

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- प्रत्येक शुक्रवार की सुबह 4.48 बजे और रात 10.10 बजे कन्नौज पहुंचेगी
- फिलहाल 19 जून से 01 एक अगस्त तक अप डाउन ट्रेनों का संचालन

**अमृत विचार।** ट्रेन यात्रियों के लिए रेलवे ने अच्छी खबर दी है। अब कन्नौज से प्रयागराज के लिए सप्ताह में एक ट्रेन और चलेगी। अभी तक कालिंदी एक्सप्रेस ही है जो प्रयागराज तक जाती है लेकिन यह रोज चलती है।

रेलवे से जुड़े सूत्र ने बताया कि रेल यात्रियों की सुविधा के लिए प्रयागराज जंक्शन से लालकुआं जंक्शन के बीच सीधी साप्ताहिक ट्रेन का संचालन 19 जून 25 से शुरू किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 04117 प्रत्येक गुरुवार 19 जून से 31 जुलाई तक प्रयागराज जंक्शन और लालकुआं जंक्शन से गाड़ी संख्या 04118 प्रत्येक शुक्रवार 20 जून से 01 अगस्त तक संचालित होगी।

प्रयागराज जं. से यह गाड़ी गुरुवार रात 11.30 बजे चलकर रात 12.58 बजे फतेहपुर, शुक्रवार सुबह 3.30 बजे कानपुर सेंट्रल, सुबह 04.48 बजे कन्नौज, 05.55 बजे फर्रुखाबाद जं., 07.30 बजे कासगंज जं., 08.50 बजे बदायूं, 09.50 बजे बरेली जं., 10.10 बजे बरेली सिटी, 10.30 बजे इज्जतनगर, 11.23 बजे बहेड़ी, 11.40 बजे किच्छा और दोपहर बाद शुक्रवार को दिन में 12.45 बजे लालकुआं जं. पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 04118 प्रत्येक शुक्रवार दोपहर 02.50 बजे लालकुआं जंक्शन से चलकर दोपहर 03.15 बजे किच्छा, 03.35 बजे बहेड़ी, 4.25 बजे इज्जतनगर, 4.55 बजे बरेली सिटी, शाम 5.15 बजे बरेली जं., 6.05 बजे बदायूं, 07.10 बजे कासगंज जं., रात 9.05 बजे फर्रुखाबाद जं., रात 10.10 बजे कन्नौज, रात 11.35 बजे कानपुर सेंट्रल, 12.58 बजे फतेहपुर और शनिवार की सुबह साढ़े चार बजे प्रयागराज जं. पहुंचेगी।

इस ट्रेन में चार कोच सामान्य, 05 स्लीपर, वातानुकुलित तृतीय श्रेणी इकोनामी 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के दो तथा एसी फर्स्ट सह द्वितीय श्रेणी का एक कोच होगा।

# लेनदेन में दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष

संवाददाता,छिबरामऊ


घायल युवक।

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मेहदेपुर में लेनदेन के मामले को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाकर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

कसावा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मेहदेपुर में शुक्रवार की देर शाम लेनदेन के मामले में दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि दोनों तरफ से लाठी-डंडे चलने लगे। इस खूनी संघर्ष में दो लोग घायल हो गए। कुछ लोगों का कहना है कि इस दौरान फायरिंग भी की गई। हालांकि पुलिस फायरिंग की घटना को नकार रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां कुछ देर चले प्राथमिक उपचार के दौरान अजीत पुत्र हुकुम सिंह की हालत गंभीर देख उसे तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। कोतवाल विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि लेनदेन के विवाद को लेकर मान नगला गांव के कुछ लोगों ने मेहदेपुर गांव के लोगों के साथ मारपीट कर दी। दोनों पक्षों के बीच लाठी डंडे चले, जिसमें दो लोग घायल हुए हैं। घटना की तहरीर पर नगला मान निवासी गोलू चौहान तथा पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला पंजीकृत किया गया। वहीं दूसरे पक्ष से मिली तहरीर की आधार पर ग्राम मेहदेपुर निवासी संदीप, लाला उर्फ सुधीर व अमर सिंह तथा पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### अभी नहीं होंगे मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के आवेदन

**कन्नौज।** मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं निषादराज बोट सब्सिडी योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन फिलहाल नहीं होंगे। पोर्टल पर 16 से 30 जून तक इच्छुक लोगों से आवेदन मांगे गए थे। मत्स्य पालक विकास अभिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय सिंह ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन की घोषित तारीखों को शासन से निरस्त कर दिया गया है। इसकी अगली तारीख आगे आने पर बताई जाएगी। इस बाबत उप निदेशक पुनीत कुमार ने पत्र भेज दिया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**खरीद -फरोख्त**
तीन मंजिला मकान बिकाऊ है। **कीमत 65 लाख,** पता–विशाल खण्ड 1/568 कार्नर पार्क फेसिंग (विशाल खण्ड–1) गोमतीनगर, लखनऊ में, मो0– 9532737373

**सूचना**
सूचित हो कि मै **जमीला खातून पत्नी अशरफ अली निवासी– 12/10, बस्ती राम कटरा मोहल्ला काकोरी लखनऊ,** मेरे पुत्र अशलम, पुत्रवधु सुमैला, पौत्र अफवान, हमजा, हिरजा को मैं अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूँ। अशलम तथा पुत्रवधु सुमैला के गलत चाल चलन व घर में कलह पैदा करके यह लोग मेरी सम्पत्ति को तबाह व बर्बाद कर रहे हैं। इस कारण मैं उन्हें बेदखल कर रही हूँ। आज के बाद से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्यों का उक्त लोगों का कोई लेना देना व सरोकार नहीं है। उनके द्वारा किये गये कृत्यों के यह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **विशाल यादव पुत्र राजेश यादव निवासी–ग्राम अजीटन खेडा पो0 व थाना काकोरी लखनऊ** का हूँ। मैनें सन् 2015– 2016 में विघालय एम0 एल0 पाल0 वी0– एच0एस0एस0 जी0 तालाब मोहान रोड लखनऊ से हाई स्कूल की परीक्षा उर्त्तीण की थी। जो मैं अपने गांव अजीटन खेड़ा से आलमबाग की ओर जा रहा था तभी रास्ते में जिसका जिसका रोल नं0–1378531 है। हाई स्कूल का अंकपत्र (मार्कशीट) व अन्य दस्तावेज वास्तव में खो गये है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **विजय कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. श्री बी0 डी0 श्रीवास्तव मकान संख्या 3/428, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ** का निवासी है। मेरे प्लाट संख्या 1/26, विभव खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ की ओरिजनल रजिस्ट्री जिसका नं0 (IN-UP00923833610567N) दिनांक 28.02.2015 वास्तव में खो गयी है। अगर किसी व्यक्ति को यह मिलती है तो कृपया **मो0–979470002** पर सम्पर्क करें।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम SWALIYA QURAISHI W/O RAJ BABU था। जो कि आज दिनांक 25/05/2025 को मैने अपना नाम बदलकर SHWALIYA W/O RAJ BABU रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाएगा। निवासी मोहला बड़ीहाट थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच उ0 प्र0।

**सूचना**
मेरा एक पुत्र खलीक अहमद जो 15 साल पहले दिल्ली चला गया था आज तक उसका कोई पता नहीं है। मैं अपनी चल अचल संपत्ति से उसको व उसके परिवार को बेदखल करता हूं। यदि उससे कोई लेनदेन करता है। तो उसका वह स्वंय जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **रफीक उल्ला सिद्दीकी मुहल्ला – नजरबाग कुलपहाड़ जिला महोबा**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं पूजा देवी पत्नी विश्राम सिंह निवासी ग्राम दारापुर पो0 बरहुआ मल्लावां तह0 बिलग्राम जिला हरदोई। मेरा खाता/बीमा जिसकी सं0–55769 में मेरा नाम अलका देवी दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम पूजा देवी दर्ज है। यहकि पूजा देवी एवं अलका देवी एक ही व्यक्ति के नाम है जो कि मेरे ही है। मुझे इन दोनों नाम से जाना व पहचाना जाता है।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र वेदांत गुप्ता उर्फ अमन पुत्र अविनाश चन्द्र गुप्ता, निवासी के0के0सी0 कॉलोनी, थाना–हुसैनगंज, जनपद– लखनऊ के रहन–सहन, स्वभाव एवं चाल–चलन से अपना सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है तथा अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा इनके द्वारा किये गये किसी भी अच्छे–बुरे कार्य या किसी भी लेन–देन या किसी भी प्रकार की लिखा–पढ़ी आदि की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की न होगी। **अविनाश चन्द्र गुप्ता आयु लगभग 58 वर्ष पुत्र राम सजीवन, निवासी–के0के0सी0 कॉलोनी, थाना हुसैनगंज, जनपद– लखनऊ**

# नवविवाहिता की मौत हत्या का लगाया आरोप

संवाददाता सैरिख,कन्नौज

- मायके पक्ष के लोगों ने कई घंटे काटा हंगामा

**अमृत विचार।** बीमारी के चलते नवविवाहिता की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने हंगामा काटते हुए हत्या का आरोप लगाकर ससुरालियों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है।

कस्बा के तिर्वा रोड निवासी पंकज यादव पुत्र विनोद यादव की पत्नी आरती देवी (23) की शनिवार को सुबह मौत हो गई। सूचना पर मृतका के पिता रामबाबू निवासी कसाह थाना दिबियापुर जनपद औरैया अपने परिवार के लोगों के साथ आए और हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा काटने लगे। मृतका के पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया बेटी आरती की शादी 18 अप्रैल 2024 को पंकज निवासी कूकापुर एवं वर्तमान पता नादेमऊ रोड थाना सौरिख के साथ दान दहेज समेत लगभग 15 लाख रुपये खर्च कर की थी। पति पंकज, ससुर विनोद पुत्र अहिवरन और सास सरला देवी, देवर हिमांशु अतिरिक्त दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग कर बेटी को प्रताड़ित कर रहे थे। इन लोगों ने पुत्री की हत्या कर दी है और सुबह से ही फोन पर उसे गुमराह कर रहे हैं। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार का कहना है आरती के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं जब मामले की जानकारी पड़ोसियों से ली गई तो उनका कहना था आरती बीमार रहती थी। अभी कुछ महीने पहले कम उम्र के बच्चे को जन्म दिया था जिसकी मौत हो गई थी।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**तिर्वा।** बाइक से घर जा रहे बाइक सवार युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराए जाने की बात कही है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के अशोक नगर मोहल्ला निवासी शिवम (30) शुक्रवार की रात को कन्नौज-तिर्वा मार्ग से घर वापस जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार क्षेत्र के बहेरिन गांव के पास पहुंचा तो किसी वाहन की टक्कर मार दी। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए शव का पोस्टमार्टम कारने की बात कही। कोतवाल वीरेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि विडियोग्राफी के साथ शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# डीपीओ का विवादों से रहा गहरा नाता, चुनाव ड्यूटी भी नहीं की थी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- तत्कालीन डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने निर्वाचन आयोग को लिखी थी कार्रवाई की चिट्ठी
- शासन में दबी है मामले की फाइल, फिर नहीं भेजा जा सका रिमाइंडर

**अमृत विचार।** जिला प्रोबेशन अधिकारी (डीपीओ) का विवादों से गहरा नाता रहा है। उच्चाधिकारियों की अवहेलना करना उनकी आदत में शुमार है। इस वजह से ही नगर निकाय चुनाव में लगी ड्यूटी भी उन्होंने नहीं की थी। इसको लेकर तत्कालीन जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव आयोग को चिट्ठी भी लिखी थी।

दरअसल, वर्ष 2023 में नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष और सभासद पदों के लिए चुनाव हुए थे। नामांकन प्रक्रिया में डीपीओ इरा आर्या की ड्यूटी लगाई गई थी। खास बात यह है कि महिला होने के नाते उनकी ड्यूटी सदर तहसील परिसर में ही चल रही चुनाव प्रक्रिया में लगी थी। उसके बाद भी उन्होंने जिम्मेदारी नहीं संभाली। ड्यूटी न करने की वजह से उस समय के डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर जानकारी दी थी। साथ ही कार्रवाई के लिए लिखा। बाद में वह पत्र शासन पहुंचा। कारण कुछ भी हों लेकिन शासन में कार्रवाई की बजाय फाइल दबा दी गई। बताया गया है कि आलाधिकारियों ने रिमाइंडर नहीं भेजा था, इस वजह से वह बच गईं। मामला चाइल्ड लाइन में चहेतों को आउटसोर्सिंग के तहत नौकरी देने का गर्मा गया है।

### युवक का है कार्यालय में दखल

- कहा जा रहा है कि एक युवक का कार्यालय में खूब दखल है। उसका ज्यादातर समय शहर के वन स्टॉप सेंटर और विकास भवन स्थित दूसरी मंजिल में संचालित महिला कल्याण विभाग में ही गुजरता है। इसको लेकर तरह–तरह की चर्चाएं हो रहीं हैं।

### डीएम से आउटसोर्सिंग भर्तियों में जांच की मांग

- लोगों ने डीएम से बीते 3 साल में आउटसोर्सिंग के तहत हुई भर्तियों की बारीकी से जांच कराने की मांग की है। कहा गया है कि मनमाने तरीके से चहेतों को नौकरी दे दी गई हैं। साथ ही मांग हुई है कि जांच विकास भवन के किसी अधिकारी से न कराकर कलेक्ट्रेट स्तर के अफसर से कराई जाए।

**पत्रकार वार्ता** अखिलेश यादव ने फर्रुखाबाद से लखनऊ जाते समय कन्नौज में पत्रकारों से वार्ता की

# हर्षवर्धन, अहिल्याबाई की सोने की मूर्ति लगाएंगे

कार्यालय संवाददाता कन्नौज


पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते सपा मुखिया अखिलेश यादव व मौजूद अन्य।

- सोना एक लाख पार, गरीब बेटियों की कैसे होगी शादी

**अमृत विचार।** कन्नौज सांसद और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यहां कहा कि उनकी सरकार आई तो पाल चौराहे पर अहिल्याबाई होल्कर तथा सम्राट हर्षवर्धन की सोने की प्रतिमा लगाई जाएगी। वे पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव के अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद कन्नौज स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

अखिलेश फर्रुखाबाद से लखनऊ जाते समय बिना सूचना के सपा कार्यालय पहुंचे थे। यहां चंद कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात की। यहां कहा कि कन्नौज में जनता इस बार भारतीय जनता पार्टी को नौ दो ग्यारह कर देगी। पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव के कन्नौज के विकास में योगदान को याद किया। उनके बताए रास्ते पर चलकर समाजवादी विरासत को आगे बढ़ाने की बात कही। अहमदाबाद की घटना को दुःखद बता ईश्वर से कामना की कि ऐसा हादसा फिर न हो। प्रेस के सवालों पर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। कहा कि भाजपा नेता 11 साल की उपलब्धियों की बात कर रहे हैं, जबकि असलियत यह है कि जिन सड़कों, समेत अन्य विकास कार्यों की बात कर रहे हैं वे समाजवादी सरकार के समय की हैं। भाजपा तो बस थोड़ी सी जगह मिलने पर अपना पत्थर लगा रही है। पहलगाम के आतंकी हमले को सरकार और इंटेलिजेंस की बड़ी नाकामी बताया।

सिंदूर कार्यक्रम पर चुटकी ली कि लगता है अपनी चूक की माफी मांगने के लिए घर-घर जा रहे हैं। उन्होंने हाल में वायरल हुए निर्माणाधीन सड़क उखड़ने के वीडियो पर तंज कसा, ठेकेदार ने शायद नेताओं की पेट पूजा नहीं की होगी, इसलिए सड़क की क्वालिटी भी गायब थी। जिला मुख्यालय के पाल चौराहे पर भाजपा नेताओं द्वारा अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा लगाए जाने के वायदे पर सवाल किया, तो सरकार आने पर सम्राट हर्ष समेत अहिल्याबाई की सोने की प्रतिमा लगवाने की बात कही। महंगाई पर चोट की, सोना एक लाख पार कर गया है। गरीब बेटी की शादी में गहना कहां से बनवाएगा।

इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान, जय कुमार तिवारी, सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, प्रबल प्रताप सिंह, संतोष यादव, यश कुमार दोहरे, श्याम सिंह यादव, अनिल पाल, राम शंकर लोधी सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

# दहेज के लिए विवाहिता को पीट घर से निकाला

- पति समेत ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई

**कन्नौज।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। मामले में पति समेत अन्य ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हम्मालीपुरा निवासी मोनी पत्नी आमिर खान पुत्री मोहम्मद उमर ने पति आमिर खान पुत्र नसीम कान, चचिया ससुर शमीम खान, देवर इमरान, चचिया सास रजनी, ससुर नसीम खान निवासी हरनावली बागवाला जनपद एटा के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि उसकी शादी 2017 में आमिर खान के साथ हुई थी।

शादी में दान दहेज दिया गया था। इसके बाद भी ससुरालीजन खुश नहीं थे। वे अतिरिक्त दहेज के रूप में मोटर साइकिल की मांग कर मारपीट करने लगे। मारपीट होने के बाद भी उन लोगों की वह प्रताड़ना सहती रही। इसी बीच उसके दो बच्चे हुए। इसके बाद भी दहेज को लेकर मारपीट होती रही। दहेज की मांग पूरी न करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। दोबारा घर आने पर जान से मारदेने की धमकी दी।



UPSIDA UTTAR PRADESH STATE INDUSTRIAL DEVELOPMENT AUTHORITY
वृद्धि के साथ विकास की ओर


उत्तर प्रदेश का पहला फुटवियर पार्क रमईपुर, कानपुर नगर में

आवंटन दर रू. 4600/– प्रति वर्गमी.
प्लाट साइज 1000 वर्गमी. व अधिक
मुख्य विशेषताऐं: चौड़ा सड़क नेटवर्क | स्टॉर्म जल निकासी नेटवर्क | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन | प्रवेश द्वार | बिजली आपूर्ति 24x7 | वेयरहाउस | ट्रक ले ओवर
LOCATION FEATURES
- एनएच 86 – 5 किमी.
- कानपुर नगर – 20 किमी.
- कानपुर एयरपोर्ट – 22 किमी.
आवेदन कैसे करें: 5% अग्रिम धनराशि एवं नॉन रिफण्डेबल प्रोसेसिंग फीस के भुगतान के साथ www.niveshmitra.up.nic.in पर आवेदन करें। भूखंडों की सूची एवं विवरण, नियम एवं शर्तें यूपीसीडा की आधिकारिक वेबसाइट www.onlineupsida.com पर उपलब्ध हैं। आवंटन 'जैसा है जहां है' के आधार पर किया जाएगा
आकर्षक भुगतान योजना: भूमि 90 वर्ष की लीज के आधार पर उपलब्ध। आवंटन दर रु. 4600/– प्रति वर्ग मीटर। आवंटन के 60 दिनों के भीतर कुल लागत का भुगतान करने पर 2% की छूट उपलब्ध। 25% भुगतान के बाद कब्जा
अन्य विशेषतायें व योजना: जीआईएस प्लाट www.onlineupsida.com - One Map पर उपलब्ध। लीज पंजीकरण और भवन योजना सेवाओं की स्वीकृति और अन्य एनओसी www.niveshmitra.up.nic.in पर स्वीकृत। यूपी सरकार की आकर्षक प्रोत्साहन एवं सब्सिडी योजनाएं www.niveshmitra.up.nic.in पर उपलब्ध।
कार्य प्रगति पर है
एंकर यूनिट 10% छूट
उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण
यूपीसीडा कॉम्प्लेक्स, ए–1/4, लखनपुर, कानपुर–208024
हेल्पलाईन नं0 0120–4401000 8707503785, 8853318286, ईमेल: rmkanpur@upsida.co.in
यूपीसीडा मोबाइल ऐप डाउनलोड करने के लिए स्कैन करें



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सैर सपाटा भागदौड़ भरी जिंदगी में ब्रेक व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 295, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com




**आज का मौसम** 40.0° अधिकतम तापमान | 30.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 15 सूर्यास्त 07 :03

कानपुर, रविवार, 15 जून 2025

ईरान के पास परमाणु समझौता करने का दूसरा अवसर : ट्रंप...14


आईएमए में शनिवार को भव्य पासिंग आउट परेड में जेंटलमैन कैडेट्स।

# देश को मिले 419 जांबाज अफसर

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- आईएमए देहरादून में भव्य पासिंग आउट परेड संपन्न, नौ मित्र देशों के 32 कैडेट भी पासआउट हुए

**अमृत विचारः** भारतीय सैन्य अकादमी (आइएमए) के मैदान में शनिवार को 419 जेंटलमैन कैडेट्स (जीसी) भव्य पासिंग आउट परेड (पीओपी) में अंतिम पग रखते ही देश की सेना के अंग बन गए। साथ ही नौ मित्र देशों के 32 कैडेट भी पासआउट हुए। इन कैडेट्स ने परेड के मुख्य अतिथि और निरीक्षण अधिकारी (रिव्यूइंग ऑफिसर) श्रीलंका के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो को सलामी दी।

सुबह 6:38 बजे मार्कर्स कॉल के साथ परेड का शुभारंभ हुआ। इसके बाद कंपनी सार्जेंट मेजरों ने ड्रिल स्क्वायर पर अपनी-अपनी जगह संभाली। 6:42 बजे एडवांस कॉल के साथ कैडेट्स कदमताल करते हुए परेड मैदान में पहुंचे। श्रीलंका के सेना प्रमुख ने परेड का निरीक्षण कर कैडेट्स का हौसला बढ़ाया। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया गया। सम्मानित कैडेट्स में स्वॉर्ड ऑफ ऑनर एवं सिल्वर मेडल अनिल नेहरा को प्रदान किया गया। स्वर्ण पदक रोनित रंजन और कांस्य पदक अनुराग वर्मा ने प्राप्त किया। इसके अलावा, टीईएस सिल्वर कपिल, टीजी सिल्वर आकाश भदौरिया, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर केरन कंपनी ने हासिल किया। उल्लेखनीय है कि इस बार की पीओपी के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल लसंथा रोड्रिगो भी दिसंबर 1990 में आईएमए के 87वें कोर्स से कमीशन प्राप्त कर चुके हैं।

# मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 4 नक्सली मारे गए

बालाघाट (मप्र), एजेंसी

- मध्यप्रदेश के बालाघाट में पुलिस के साथ मुठभेड़, ग्रेनेड लॉन्चर समेत अन्य हथियार बरामद

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि शनिवार को बालाघाट जिले के एक वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत चार नक्सली मारे गएघटनास्थल से ग्रेनेड लांचर, एक एसएलआर, दो .315 बोर राइफल, अन्य हथियार और सामग्री भी बरामद की गयी है।

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में राज्य ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने के अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। एक पुरुष एवं तीन महिला सशस्त्र नक्सलियों को पचामादादर एवं कटेझिरिया के जंगल में हॉकफोर्स, जिला बल एवं सीआरपीएफ के संयुक्त ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ में मार गिराया गया है। उन्होंने नक्सलियों के सफाये के लिए पुलिस बल को बधाई देते हुए कहा कि तलाशी अभियान अब भी जारी है, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और जवान लगे हुए हैं।

## एक नजर

### सुहास शेट्टी हत्याकांड की जांच एनआईए के हवाले

**मंगलुरु।** एनआईए की एक टीम हिंदू कार्यकर्ता सुहास शेट्टी की हत्या की जांच औपचारिक रूप से अपने हाथ में लेने के लिए शनिवार को यहां पहुंची। शेट्टी की एक मई को दक्षिणी कन्नड जिले के मंगलुरु शहर के बाजपे इलाके में हत्या कर दी गई थी। एनआईए के पुलिस उपाधीक्षक पवन कुमार के नेतृत्व में टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय करना शुरू कर दिया है। मंगलुरु पुलिस ने एनआईए टीम के आगमन की पुष्टि की और कहा कि प्रारंभिक जानकारी नगर अपराध शाखा (सीसीबी) के अधिकारियों के साथ साझा की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हाल ही में यह मामला एनआईए को सौंपा था।

### प्रधानमंत्री 20 को तिरंगा यात्रा में होंगे शामिल

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 जून को ओडिशा में भाजपा की पहली सरकार की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने से पहले तिरंगा यात्रा में भाग लेंगे और एक रोड शो करेंगे। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की सरकार ने यद्यपि 12 जून को अपना एक वर्ष पूरा कर लिया, लेकिन प्रशासन एक सप्ताह तक जश्न मना रहा है, जिसका समापन 20 जून को प्रधानमंत्री के संबोधन के साथ होगा। मोदी पिछले साल ओडिशा में माझी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे।

# विमान हादसे की जांच को उच्चस्तरीय समिति गठित, 11 शव के डीएनए मैच

## मेडिकल कॉलेज छात्रावास और कैंटीन परिसर के मलबे की जांच की

- ब्रिटेन ने अहमदाबाद में सहायता केंद्र किया स्थापित

अहमदबाद/नई दिल्ली, एजेंसी

अहमदाबाद में लंदन जा रही एअर इंडिया की विमान दुर्घटना में मृतकों की संख्या शनिवार को बढ़कर 280 हो गई। इसी बीच, केंद्र सरकार ने हादसे के कारणों की जांच के लिए केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बहु-विषयक समिति गठित की है। जांचकर्ता बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर (एआई171) के गुरुवार को दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों का पता लगाने के लिए बीजे मेडिकल कॉलेज छात्रावास और कैंटीन परिसर के मलबे की जांच कर रहे हैं। वहीं अब तक 11 शव के डीएनए का उनके परिजन के डीएनए से मिलान हो गया है।

नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा कि विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने टाटा के स्वामित्व वाली विमान कंपनी के बोइंग 787 श्रृंखला के विमानों की विस्तारित निगरानी के आदेश दिए हैं। एअर इंडिया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उसने अपने नौ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों की एक बार की सुरक्षा जांच की है और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के निर्देशानुसार शेष 24 ऐसे विमानों की जांच पूरी करने की दिशा में अग्रसर है। एअर इंडिया के बेड़े में अब 26 बोइंग 787-8 और सात बोइंग 787-9 विमान हैं। एक बार की सुरक्षा जांच से तात्पर्य किसी विशेष कार्यक्रम या गतिविधि से पहले किसी चीज के सुरक्षित होने और संबंधित अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए किए गए विशिष्ट निरीक्षण या मूल्यांकन से है। नायडू ने कहा कि देश में विमानन सुरक्षा के बहुत सख्त मानक और मजबूत प्रोटोकॉल हैं तथा सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता वाली केंद्रीय समिति भविष्य में अहमदाबाद दुर्घटना जैसी घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश भी सुझाएगी। इसकी पहली बैठक सोमवार को होगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बयान में कहा गया है कि समिति तीन महीने में अपनी रिपोर्ट प्रकाशित करेगी। वहीं, एअर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए अब तक 11 लोगों के शव के डीएनए का मिलान उनके परिवार के सदस्यों के डीएनए से हो चुका है। मेडिकल कॉलेज के एक वरिष्ठ सरकारी चिकित्सक ने बताया कि कई शव इतनी बुरी तरह जल गए हैं या क्षतिग्रस्त हो चुके हैं कि उनकी पहचान कर पाना मुश्किल है इसलिए डीएनए जांच कर रहे हैं। आठ शवों की पहचान उनके रिश्तेदारों ने कर ली थी और जिनके डीएनए की जांच की जरूरत नहीं है, वे पहले ही उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं।


अहमदाबाद में विमान के मलवे की जांच करती टीम। ● एजेंसी

### एअर इंडिया, एआई एक्सप्रेस उड़ान संख्या 171 का नहीं करेंगी इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** घातक दुर्घटना के बाद एयर इंडिया और एयर इंडिया (एआई) एक्सप्रेस उड़ान संख्या 171 का इस्तेमाल नहीं करेंगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस हादसे में विमान में सवार 241 लोग मारे गए थे। उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हुआ बोइंग 787–8 ड्रीमलाइनर विमान अहमदाबाद से लंदन गैटविक के लिए उड़ान संख्या एआई 171 का संचालन कर रहा था। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि यह एक आम चलन है कि घातक उड़ान दुर्घटनाओं के बाद एयरलाइंस विशेष उड़ान संख्या का उपयोग करना बंद कर देती हैं।

# तेल अवीव पर मिसाइलों की बौछार, 3 की मौत, 60 घायल

दुबई, एजेंसी

- परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई की

ईरान ने शनिवार सुबह इजराइल पर जवाबी हमले करते हुए मिसाइल और ड्रोन दागे, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। यह हमला ईरान के परमाणु कार्यक्रम और उसके सशस्त्र बलों पर इजराइल के कई हमलों के बाद हुआ है।

अधिकारियों के अनुसार, इजराइल ने प्रमुख प्रतिष्ठानों पर हमला करने तथा शीर्ष जनरलों और वैज्ञानिकों को मारने के लिए लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया। संयुक्त राष्ट्र के लिए ईरान के राजदूत ने कहा कि हमलों में 80 लोग मारे गए और 320 से अधिक घायल हुए। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल पर ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार कर दी, जिसके विस्फोटों से यरुशलम और तेल अवीव के ऊपर रात के आसमान में रोशनी हो गई। इजराइली सेना ने नागरिकों से सुरक्षित स्थानों में रहने का आग्रह किया है। इजराइल और ईरान दोनों ने कहा कि उनके हमले जारी रहेंगे, जिससे पश्चिम एशिया में लंबे समय तक एक और संघर्ष के जारी रहने की आशंका बढ़ गई है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनका उद्देश्य इजराइल के लिए किसी भी ईरानी खतरे को खत्म करना है, साथ ही उन्होंने ईरान के नागरिकों से अपने नेताओं के खिलाफ उठ खड़े होने का भी आग्रह किया। इजराइल के हमलों से अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते पर आगे की बातचीत भी संदेह के घेरे में आ गई है। दोनों देशों के बीच रविवार को ओमान में वार्ता होनी थी। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने शनिवार को कहा कि देश पर इजराइली हमलों के बाद अमेरिका के साथ आगामी परमाणु वार्ता निरर्थक है।


इजराइल के तेल अवीव में धमाके से लगी आग।

### इजराइल ने कहा- ईरान ने अब मिसाइल दागी तो तेहरान हो जाएगा तबाह

**दुबई।** इजराइल के रक्षा मंत्री कात्ज ने शनिवार को ईरान को चेतावनी दी कि अगर उसने मिसाइलें दागना जारी रखा तो तेहरान तबाह हो जाएगा। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब शुक्रवार सुबह ईरान के परमाणु ठिकानों पर इजराइल के हमले के बाद ईरान ने शनिवार रात इजराइल पर जवाबी हमले शुरू किये। ईरान ने रात से अब तक कई बार किए गए हमले में इजराइल पर 200 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं।

# 60,244 सिपाहियों को नियुक्ति पत्र देंगे शाह

- अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री योगी आज सबसे बड़ी व सफल पुलिस भर्ती को पहुंचाएंगे अंजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश पुलिस की सबसे बड़ी और सफल पुलिस भर्ती को अंजाम तक पहुंचाएंगे। रविवार को दोपहर 12 बजे आवास विकास परिषद की अवध विहार योजना के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में होने वाले नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के लिए आरक्षी नागरिक पुलिस में भर्ती 60,244 अभ्यर्थियों का आना शुरू हो गया है।


कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते योगी।

सुरक्षा से लेकर यातायात व्यवस्था को लेकर कड़े प्रबंध किए गए हैं। यह अब तक की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती है। मुख्यमंत्री ने पुलिस-शासन के शीर्ष अधिकारियों ने शनिवार को कार्यक्रम स्थल का दौरा करके व्यवस्थाएं परखी। गर्मी से बचाव के लिए पंडाल, पेयजल, कूलर, पंखे, स्वास्थ्य कर्मी-दवाएं समेत जगह-जगह हेल्प डेस्क बनाए गए हैं।

### लखनऊ समेत दस जिलों में डायवर्जन

कार्यक्रम को देखते हुए लखनऊ समेत दस जिलों में डायवर्जन प्लान लागू रहेगा। कानपुर नगर, रायबरेली, सुलतानपुर, फतेहपुर, सीतापुर, महोबा, उन्नाव, अमेठी, बस्ती व जालौन में यातायात डायवर्जन लागू रहेगा। आवश्यक वस्तुओं को छोड़कर कोई भी भारी वाहन लखनऊ नहीं आ सकेगा।

# एक्सिओम मिशन अब 19 को होगा प्रक्षेपित

**नई दिल्ली।** स्पेसएक्स द्वारा अपने फाल्कन-9 रॉकेट में तरल ऑक्सीजन रिसाव को सफलतापूर्वक ठीक कर लिए जाने के बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य के अब 19 जून को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने की उम्मीद है। इसरो ने यह जानकारी दी। मिशन को 11 जून को फ्लोरिडा में स्थित अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन पहले स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट में ईंधन के रिसाव के कारण और फिर आईएसएस के रूसी खंड में रिसाव के कारण इसे टालना पड़ा। एक्सिओम स्पेस ने अब एक्स-04 मिशन के प्रक्षेपण के लिए 19 जून, 2025 का लक्ष्य तय किया है।

# दक्षिण अफ्रीका बना डब्ल्यूटीसी का नया चैंपियन




**लंदन।** दक्षिण अफ्रीका ने लंदन के लॉर्ड्स मैदान पर ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर डब्ल्यूटीसी का खिताब अपने नाम। साथ ही आईसीसी खिताब जीतने का 27 साल का सूखा समाप्त कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने अपना पिछला आईसीसी खिताब 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था। दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को फाइनल के चौथे दिन जीत के लिए सिर्फ 69 रन की जरूरत थी। दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 213 रन से की थी। टीम ने पांच विकेट पर 282 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया। यह लॉर्ड्स के 141 साल के इतिहास में लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए दूसरी सबसे बड़ी जीत है।

# बिजली संकट : 32 हजार मेगावाट पहुंची मांग

## ग्रामीण क्षेत्रों समेत शहरी इलाके बिजली संकट की चपेट में, जनता बेहाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** भीषण गर्मी में प्रदेश में बिजली की मांग थमने का नाम नहीं ले रही है। बिजली कटौती से लोग बेहाल हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों समेत शहरी इलाके भी बिजली संकट की चपेट में हैं। बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट पर पहुंचने के आसार बन गए हैं।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार शनिवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 31,214 मेगावाट दर्ज की गई। शाम के वक्त प्रदेश में औसतन 30 हजार मेगावाट मांग हो रही थी। इस दौरान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के बिजलीघरों से 7148 मेगावाट बिजली उपलब्ध हो रही थी, जबकि मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात की जा रही थी। कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि मांग व उपलब्धता के बीच अंतर होने के कारण करीब पांच सौ मेगावाट आपात बिजली कटौती की जाती रही।

### इकाइयां ठप होने से 4361 मेगावाट उत्पादन घटा



सूत्रों ने बताया कि पिछले दिनों उत्पादन निगम की आठ इकाइयां तकनीकी खराबी के कारण ठप हो गई हैं। इनमें अनपरा लैंको की 600 मेगावाट, अनपरा की 500 मेगावाट, ललितपुर की 660 मेगावाट, टांडा की 110 मेगावाट, घाटमपुर व जवाहरपुर की 660 मेगावाट की एक–एक और ओबरा सी की 660 मेगावाट की दो इकाइयां शामिल हैं। इन इकाइयों के ठप होने से कुल 4361 मेगावाट उत्पादन घट गया है। इससे आपात बिजली कटौती की जा रही हैं। हालांकि, एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात बढ़ाकर स्थिति काबू करने का प्रयास जारी है। दूसरी ओर, स्थानीय खराबियों के कारण राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप होने व घंटो गायब रहने का सिलसिला जारी है। गर्मी में बिजली न होने से लोग बेहाल हो रहे हैं।

# अमेरिकी सांसदों को घर में घुसकर मारी गोली, दो की मौत

**अमेरिका।** अमेरिका के मिनेसोटा के दो डेमोक्रेटिक सांसदों को उनके घरों में गोली मार दी गई। पहली घटना में डेमोक्रेटिक स्टेट रिप्रेजेंटेटिव मेलिसा हॉर्टमैन और उनके पति मार्क की मौत हो गई है। दूसरी घटना में डेमोक्रेटिक स्टेट सीनेटर जॉन हॉफमैन और उनकी पत्नी येवेट को कई गोलियां मारी गई हैं। दोनों घायल हैं। दोनों की सर्जरी हुई है और डॉक्टरों को उम्मीद है कि वे बच जाएंगे। मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज ने घटना को लेकर कहा, दोनों सांसदों पर हमला राजनीति से प्रेरित लग रहा है। मेलिसा एक शानदार जनसेवक थीं। उनकी जगह कोई नहीं ले सकता।

# धोखाधड़ी के आरोप में सुपरटेक, प्रवर्तक आरके अरोड़ा के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईडीबीआई बैंक से 126.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला
- सीबीआई ने पांच स्थानों पर चलाया तलाशी अभियान, 28.5 लाख बरामद

सीबीआई ने आईडीबीआई बैंक से 126.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में नोएडा स्थित निर्माण कंपनी सुपरटेक लिमिटेड और उसके प्रवर्तक आर के अरोड़ा सहित अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

एफआईआर में अरोड़ा के साथ-साथ नोएडा स्थित कंपनी के पूर्णकालिक निदेशकों संगीता अरोड़ा, मोहित अरोड़ा, पारुल अरोड़ा, विकास कंसल, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार शर्मा और अनिल कुमार जैन का भी नाम है। शनिवार को सीबीआई ने मामले के सिलसिले में आरोपियों से जुड़े पांच स्थानों पर समन्वित तलाशी अभियान चलाया, जिसमें नोएडा और गाजियाबाद में आधिकारिक और आवासीय परिसर शामिल हैं। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि छापेमारी के दौरान एजेंसी के अधिकारियों ने 28.5 लाख रुपये की नकदी जब्त की। यह मामला आईडीबीआई बैंक की शिकायत के बाद शुरू किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने धोखाधड़ी से स्वीकृत ऋण राशि का दुरुपयोग करने की साजिश रची थी। एफआईआर के अनुसार, बैंक ने आरोप लगाया कि कंपनी और उसके निदेशकों ने झूठे बहाने के तहत ऋण सुविधाएं हासिल करने के लिए जाली दस्तावेज पेश किए। सीबीआई ने कहा कि ऋण खाते को बाद में जानबूझकर चूक करने वाला घोषित कर दिया गया और धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किया गया, जिसके परिणामस्वरूप आईडीबीआई बैंक लिमिटेड को कथित तौर पर 126.07 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

# पूर्व सांसद के निधन पर सपा मुखिया ने दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कन्नौज संसदीय क्षेत्र के पूर्व सपा सांसद छोटे सिंह यादव का लखनऊ के वेदांता हॉस्पिटल में उपचार के दौरान निधन होने के बाद उनके पार्थिव शरीर को शहर के पटेल पार्क स्थित शांति निकेतन आवास पर लाया गया। इस दौरान उनके अंतिम दर्शन एवं शोक श्रद्धा सुमन अर्पित करने लिए समाजवादी पार्टी के अलावा कांग्रेस व अन्य दलों के कार्यकर्ताओं ,समाजसेवी, साहित्यकारों का तांता लग गया।



श्रद्धा सुमन अर्पित करते सपा मुखिया अखिलेश यादव। अमृत विचार

इस बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव दोपहर उनके आवास पर पहुंचे जहां उन्होंने स्वर्गीय छोटे सिंह यादव के अंतिम दर्शन करके भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए ईश्वर से कामना की। उनके शोकाकुल परिवारीजनों को ढांढस बंधाया और वहां से लौटने के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि स्वर्गीय छोटे सिंह यादव नेताजी( मुलायम सिंह )के साथ दिन रात एक करके साथ निभाने वाले सपा के समर्पित सच्चे समाजवादी थे, उनके चले जाने से समाजवादी पार्टी को नुकसान पहुंचा है।

सपा मुखिया ने कहा कि स्वर्गीय छोटे सिंह यादव के सिद्धांत और उनके दिखाए गए समाजवादी रास्तों को हम आगे तक ले जाएं यही उनके प्रति सच्ची शोक श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक परिपेक्ष में उन की सेवाओं को भुलाया नहीं जा सकता, क्योंकि स्वर्गीय छोटे सिंह यादव ने समाजवादियों का उन्होंने साथ नहीं छोड़ा, उनके परिवार के लोग समाजवादी हैं सपा उनका सदैव सम्मान करेगी।

यहां संवाददाताओं के पूछे उत्तर में सपा प्रमुख ने कहा कि देश में दो बड़ी घटनाओं सिंदूर ऑपरेशन को लेकर जनता कुछ जानना चाहती है, वहीं अहमदाबाद में प्लेन क्रैश होने घटना को लेकर लोगों में हवाई यात्रा करें तो कैसे करें ?जिसकी जांच रिपोर्ट अभी आनी है के सवालों को लेकर समाजवादी पार्टी चिंतित है। इसके बाद उनके आवास से स्वर्गीय छोटे सिंह यादव की शव यात्रा पांचाल घाट गंगा के लिए रवाना हुई। जहां उनका पार्थिव शरीर अग्नि को समर्पित करके उनके पुत्र राकेश एव परिवारी जनों ने मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

## किशोरी ने फंदा लगाकर दी जान

**सौरिख, कन्नौज।** मामूली बात को लेकर किशोरी ने छत पर बने कमरे में दुपट्टे से फंदा लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। कुछ देर बाद परिजनों ने देखा तो उनके होश उड़ गए। उसे उतार कर अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

थाना क्षेत्र के खड़नी चौकी के गांव डिगरी निवासी अवनीश की 14 वर्षीय पुत्री लवली का शुक्रवार की शाम बड़े भाई से विवाद हो गया। इस पर उसने छत पर जाकर बने कमरे में दुपट्टे से कुंडे फंदा बनाकर गला कस लिया। कुछ देर बाद परिजन छत पर गए कमरे का दरवाजा खोला तो किशोरी फंदे से लटकी थी। परिजनों ने किशोरी को नीचे उतारा और अस्पताल ले गए जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

## सार-संक्षेप



मिठाई खिलाकर खुशियां मनाते माता-पिता। अमृत विचार

### नीट में अंशुमान ने सफलता हासिल कर नाम किया रोशन

**छिबरामऊ।** शहर की एक प्रतिभा ने नीट की परीक्षा में सफलता हासिल कर नाम रोशन किया। बेटे को मिली सफलता पर माता पिता ने मिठाई खिलाकर उत्साह वर्धन किया। शहर के इंदिरा नगर मोहल्ले के रहने वाले शिक्षक दंपति कमल बाबू तिवारी व रंजना तिवारी बेसिक शिक्षा परिषद में शिक्षक हैं। बेटे अंशुमान तिवारी ने इंटरमीडिएट की परीक्षा पास कर डाक्टर बनने का सपना संजोया था। नीट परीक्षा 2025 के लिए अंशुमान ने कड़ी मेहनत की थी। अंशुमान ने पहले ही प्रयास में आल इंडिया रैंकिग में 3624 वां स्थान प्राप्त कर जिले में नाम रोशन किया। बेटे को मिली सफलता पर शिक्षक दंपति ने मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया।





शुभम यादव को मिठाई खिलातीं मां सुनीता व साथ खड़े पिता सुभाष यादव।

### किसान का बेटा बनेगा डॉक्टर, निकाला नीट

**कन्नौज।** शहर के मौसमपुर मौरारा निवासी किसान सुभाष यादव के 20 वर्षीय बेटे शुभम यादव का चयन नीट में हो गया है। ऑल इंडिया रैंक 15,619 आई है। परसेंटाइल 99 .28 हैं। कुल 720 अंकों में 543 नंबर मिले हैं। कैटेगरी रैंक 6861 आई है। शनिवार को दोपहर 12 बजे के करीब राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यानि नीट का परिणाम जारी हो गया। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी से संबंधित परीक्षा में अच्छी रैंक आने के बाद शुभम यादव खुश हैं। उन्होंने बताया कि कन्नौज या आसपास के जनपद में सरकारी यानि राजकीय मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिल जाएगा। राज्य की रैंक आनी है। शुभम के पिता के पास 6 बीघा खेती है। उनके पास माल ढोने वाला वाहन भी है। शुभम का कहना है कि हर रोज 12 से 13 घंटे नियमित पढ़ाई की। कोचिंग जाने की बजाए ऑनलाइन तैयारी की। मोबाइल का प्रयोग पढ़ाई के लिए ही किया।

### रनियां में किशोरी पर जानलेवा हमलाकर दे दी जान



कुंदन गोस्वामी।

**जलालाबाद, कन्नौज।** कानपुर देहात के रनिया में प्रेमिका पर जानलेवा हमला कर आत्महत्या करने वाला युवक कन्नौज जनपद का मूल निवासी था। प्रेमिका उसके साथ भजन मंडली में शामिल थी। इसी दौरान उससे प्रेम संबंध हो गए थे। वह कई बार उसके घर भी आई थी। गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर निवासी कुंदन गोस्वामी (26) पुत्र मनीराम गोस्वामी ने रनिया कानपुर निवासी प्रेमिका पर जानलेवा हमला कर खुद को भी गोली मारकर जान दे दी।। घटना की खबर सुन परिजनों में चीख पुकार मच गई जबकि मृतक शादीशुदा था। उसकी एक वर्ष की पुत्री है। उसकी शादी चार वर्ष पूर्व एटा निवासी निशा के साथ हुई थी। परिवार में सात भाइयों में वह सबसे छोटा भाई था। कुंदन का परिवार खेती बाड़ी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

### नगर पालिका की लापरवाही से नाले में गिरा बाइक सवार

**छिबरामऊ (कन्नौज)।** हीरालाल वीएन इंटर कालेज खेल मैदान के सामने नगर पालिका की लापरवाही के चलते लंबे समय से टूटी पड़ी पुलिया के नाले में एक बाइक सवार युवक गिर गया। चार माह पूर्व दुर्घटना की आशंका जताते हुए इस टूटी पुलिया की खबर को छापा गया था। लेकिन नगर पालिका ने ध्यान नहीं दिया। 18 मार्च को मोहल्ला बनवारी नगर को कैरदा रोड से जोड़ने वाले मार्ग की नाले पर बनी पुलिया में किसी वाहन की टक्कर लगने से उसकी दक्षिणी दीवार टूट गई थी। अब तक नगर पालिका ने इस पर ध्यान नहीं दिया और शनिवार को एक युवक बाइक सहित नाले में जा गिरा, हालांकि उसे ज्यादा चोटें नहीं आई।

# फसल की रखवाली कर रहे वृद्ध की धारदार हथियार से हत्या

## मृतक की पत्नी ने पति की हत्या करने में दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है

संवाददाता, अमृतपुर

**अमृत विचार।** ग्राम गूजरपुर गहलवार में आम की फसल की रखवाली करने गए वृद्ध की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई।

थाना क्षेत्र के ग्राम गूजरपुर गहलवार निवासी कप्तान सिंह उर्फ लंबरदार (70) पुत्र झम्मन लाल का गांव में ही सड़क के किनारे आम का बाग है। जिसमें दो दर्जन पपीते के पेड़ के लगे हैं। तीन पेड़ आम व एक जामुन का पेड़ है। रोज की भांति शुक्रवार को रात 9 बजे कप्तान सिंह घर से खाना खाकर अपने बाग में आम की फसल की रखवाली करने के लिए बाग चले गए। फसल के चलते वह बाग में ही लेटते थे। सुबह लगभग 5 बजे के करीब ग्रामीण व महिलाएं खेतों पर शौच करने के लिए निकलीं तो देखा की वृद्ध अपनी चारपाई पर लहूलुहान अवस्था में पड़ा है। ग्रामीणों ने मामले की सूचना मृतक की पत्नी ओमवती को दी। बुजुर्ग की हत्या की खबर सुनते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोग घटना स्थल की तरफ भाग खड़े हुए वहां ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर थाना अध्यक्ष मोनू शाक्या पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। मृतक की पत्नी ने पति की हत्या करने में दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की तथा ग्रामीणों से बातचीत कर जानकारी ली। प्रथम दृष्टया देखने से प्रतीत होता है कि मृतक के सिर पर कई वार किए गये। उसके बाएं पैर पर भी एक चोट का निशान दिखा। मृतक के सिर पर भी धारदार हथियार का निशान था। आंखों पर भी चोट लगी है। घटना को अंजाम देने वालों ने मृतक का चेहरा बिगाड़ दिया। लोगों को संदेह है कि किसी अन्य जगह हत्या कर शव को यहां लाकर डाला गया है। पत्नी ओमवती ने बताया कि वह जिस जमीन पर वह 60 वर्ष से अधिक समय से रहती है उस जमीन को लेकर लीलापुर के कुछ लोगों से विवाद है। वह लोग कई बार उन्हें धमका चुके हैं। इस संबंध में उनके पति ने 6 माह पहले एक मुकदमा दायर किया था। क्षेत्राधिकारी ने बताया है कि साक्ष्य संकलन हेतु फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा लोगों से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि दो युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।



फोटो नंबर एक रोटे बिलखते परिजन अमृत विचार

## पुलिस-बदमाशों की मुठभेड़ में गोली से एक बदमाश घायल

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कंपिल थाना क्षेत्र में पुलिस ने बदमाशों से मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हुए एक कुख्यात सशस्त्र बदमाश को गिरफ्तार किया जबकि उसके अन्य चार साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए।

यह जानकारी शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि कंम्पिल थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्य, एसओजी, सर्विलांस पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र के भैसरी के समीप में गत शुक्रवार रात्रि में वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पांच सशस्त्र बदमाशों ने पुलिस पर फायर किये जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इस मुठभेड़ में पुलिस ने कायमगंज कोतवाली के ग्राम ममापुर निवासी सशस्त्र बदमाश रॉकी को जिसके पैर में गोली लगने से घायल हो गया को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि इसके चार अन्य साथी पुलिस को अंधेरे में चकमा देकर फरार हो गये । पुलिस ने पकड़े गए बदमाश के पास से 315 बोर का अवैध तमंचा कुछ खाली खोखे और नगदी भी बरामद की है और घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए बदमाश की निशानदेही पर फरार बदमाशों की तलाश में पुलिस ने दविशें देनी शुरू कर देंगी।



घायल बदमाश को ले जाते पुलिस कर्मी।

### युवक ने गटका कीटनाशक पदार्थ, हालत गंभीर

**कायमगंज।** आजम नगर निवासी विकास कुमार (18) ने संदिग्ध हालत मे कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया ।

# कैंट की भूमि पर चल रहे स्कूल की मान्यता रद

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कैंट की भूमि पर चल रहे फतेहगढ़ चौक के निकट नेशनल पब्लिक स्कूल की मान्यता रद कर दी गई।

बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से बताया गया स्कूल प्रबंधक की ओर से स्कूल संचालन को लेकर स्थानीय छावनी परिषद से कोई विधिक अनुमति नहीं ली गई। शिकायतकर्ता युनुस अंसारी ने शिकायत की थी कि नेशनल पब्लिक स्कूल अवैध तरीके से कैंट की भूमि पर चलाया जा रहा है।

इस पर जिलाधिकारी की ओर से तीन सदस्यीय टीम से जांच कराई गई। जांच में कैंट की भूमि पर स्कूल संचालित मिला। इसके अलावा स्कूल जिस भूमि पर चल रहा था उसका स्वामित्व भी विवादित मिला। इस प्रकार स्कूल छावनी परिषद की भूमि पर बिना किसी अनुमति के संचालित किया जा रहा है।

प्रदेश सचिव बेसिक शिक्षा परिषद ने अपनी जांच रिपोर्ट में भी नेशनल पब्लिक स्कूल की मान्यता समाप्त करने का आदेश दिया। वहीं स्कूल प्रबंधक रिहाना खान की ओर से प्रस्तुत किए गए साक्ष्य और उनके पक्ष को संतोषजनक नहीं पाया गया। साथ ही नेशनल पब्लिक स्कूल की कैंट भूमि को लेकर स्टेट ऑफिसर लखनऊ की ओर से ध्वस्तीकरण का आदेश भी पहले ही जारी हो चुका था।

शासनादेश के उल्लंघन के मामले में स्कूल की मान्यता रद कर दी गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद ने बताया कि छावनी की जमीन पर स्कूल संचालन को लेकर शिकायत मिली थी। जांच के बाद मान्यता रद कर दी गई है।

## थाना दिवस में डीएम व एसपी ने सुनीं शिकायतें

**कन्नौज/तिर्वा/छिबरामऊ।** शनिवार को जिले के थाना कोतवालियों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। ठठिया थाना परिसर में आयोजित थाना दिवस डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व एसपी विनोद कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर 13 फरियादियों ने समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई है। वहीं थाना क्षेत्र क़े ओसैर गांव निवासी प्रबल प्रताप सिंह ने थाना दिवस में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव में दो बीघा जमीन है जिस पर गांव क़े ही लोगों ने कब्जा कर लिया है। छिबरामऊ प्रतिनिधि के अनुसार कोतवाली में हुए थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे नायब तहसीलदार रामप्रकाश व कोतवाल विष्णु कांत तिवारी के पास कुल चार शिकायतें पहुंची, जिसमें 3 का निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया।

# पाइप लाइन डालने में खराब हुई रोड की सूची बनाएं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने जल जीवन मिशन को लेकर बैठक की। पिछली बैठक में वीएसए इंफ्रा एवं जीवीपीआर के निर्धारित समय में ओएचटी स्थापित न करने पर नाराजगी जताई। निर्देश दिए कि सभी कार्य तय समय में हो जाना चाहिए। ऐसा न करने पर लापरवाही मानते हुए कार्रवाई की जाएगी।

डीएम ने डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश को निर्देश दिए कि पाइप लाइन बिछाने के बाद जिस रोड के मरम्मत नहीं हुई है उसकी ग्रामवार सूची बनाकर संबंधित को उपलब्ध कराएं।

इससे चिह्नित रोड़/ सड़क के मरम्मत का कार्य समय से हो सके। साथ ही कार्यदाई संस्था को निर्देश दें कि जहां पाइपलाइन बिछाया जाना बचा है, उसे शीघ्र पूरा किया जाए। डीएम ने जल जीवन मिशन के लक्ष्यों की पूर्ति समय से पूरा करने के निर्देश दिए। गुणवत्ता पर ध्यान देने नहीं तो कार्रवाई करने की चेतावनी दी। हर घर नल से जल योजना में लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

### चोरी की बकरियों से लदी कार पकड़ी, चोर फरार

**सौरिख कन्नौज ।** ईको कार सवार चोरों गांव से करीब 6 बकरियों को चोरी कर गाड़ी में डाल लिया और भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर सकरावा के पास कार को रोक लिया लेकिन मौका देखते ही चोर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बकरियों सहित कार को कब्जे में लिया है।चौकी खड़नी क्षेत्र के गांव नगला मुड़ियन में शुक्रवार रात इको कार सवार चोरों ने हरनाम पाल पुत्र देशराज की चार, राकेश पाल पुत्र जगन्नाथ की दो बकरियां जो घर के बाहर बंधीं थीं को चोरी कर गाड़ी में डाल दिया और मौके से भागने लगे। उसी समय ग्रामीणों ने देख लिया और पुलिस को सूचना दे दी।

दी जानकारी — समय से इलाज हो तो क्लब फुट से ग्रसित बच्चा अपने पैरों पर चल सकता है : डॉ दलवीर सिंह

# लोहिया चिकित्सालय में मनाया गया विश्व क्लबफुट दिवस

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग ने अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से डॉ राममनोहर लोहिया चिकित्सालय में शनिवार को विश्व क्लब फुट दिवस मनाया गया। इस दौरान जन्मजात विकृतियों के बारे में बताया गया और चिकित्सकीय प्रबंधन की भी जानकारी दी गई।



इलाज के लिए आए क्लब फुट पीड़ित बच्चे।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दलवीर सिंह ने बताया कि जन्मजात दोष जन्म के समय मौजूद संरचनात्मक परिवर्तन हैं जो हृदय, मस्तिष्क, पैर जैसे शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकते हैं। वह शरीर के दिखने वाले अंग, काम करने के तरीके या दोनों को प्रभावित कर सकते हैं। इस तरह क्लबफुट एक जन्मजात विकृति है, जिससे कि हर 800 नवजात में से एक बच्चा प्रभावित होता है। देश में हर साल 33,000 बच्चे इस विकृति के साथ पैदा होते हैं। डॉ ने कहा कि अगर क्लब फुट से ग्रसित बच्चे को समय से इलाज मिल जाए तो वह अपने पैरों पर खड़ा हो सकता है और सामान्य बच्चों की तरह अपना जीवन व्यतीत कर सकता है 1

डॉ राममनोहर लोहिया चिकित्सालय में तैनात आर्थो सर्जन डॉ नीरज वर्मा ने कहा कि क्लबफुट एक जन्मजात बीमारी जरूर है लेकिन इसका उपचार संभव है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से डीईआईसी मैनेजर अमित ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत क्लब फुट जैसी 42 जन्मजात बीमारियों एवं दोषों की स्क्रीनिंग की जाती है ताकि जल्द से जल्द उचित उपचार मुहैया कराया जा सके। स्वयंसेवी संस्था अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग क्लबफुट पिछले पांच साल से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के साथ काम कर रही है। क्लबफुट जन्म के नौ दोषों में से एक है, जिसे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा प्राथमिकता दी गई है।

अनुष्का फाउंडेशन के प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव आलोक वाजपई ने बताया कि वर्तमान में क्लबफुट से पीड़ित 116 से भी अधिक बच्चों का इलाज संस्था करवा रही है। उन्होंने बताया कि क्लबफुट का यदि सही समय पर उपचार नहीं कराया जाए तो बच्चा जीवन भर के लिए दिव्यांग हो सकता है।

इलाज न किये जाने पर प्रभावित बच्चों में भेदभाव, उपेक्षा, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ, अशिक्षा, शारीरिक एवं यौन शोषण का खतरा अधिक बढ़ जाता है। क्लब फुट क्यों होता है इसका कोई विशिष्ट कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। इस समस्या में माँ अथवा बाप का कोई हाथ नहीं है। यह विकृति न तो ग्रहण की वजह से होती है और न ही माँ से बच्चे को फैलती है। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

Admission Open

B.I.U. BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Session 2025-26

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

BIU College of Humanities & Journalism

UG Programs
● BA (Mass Comm.) ● BA (Journalism)

PG Programs
● MA (Mass Comm) ● MA (Journalism)
● MA (English) ● MA (Psychology)
● MA (Sociology) ● MA (Pol. Science)


Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289

Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

**आज का मौसम**

धूप छांव के साथ उमस भरी गर्मी का दौर जारी रहेगा। फिलहाल बारिश या आंधी के आसार नहीं हैं।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 39.0° | 31.0° |
| सूर्योदय 05:20 | सूर्यास्त 07:08 |




### नाली में मिला अधेड़ का शव

**इटावा।** थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत राजागंज चौराहे के समीप नाली में अबरार 55 निवासी रामगंज का शव राजगंज चौराहे के समीप नाली में पड़ा मिला।

# मुठभेड़ में दो टप्पेबाजों के पैर में लगी गोली

## पुलिस ने पकड़े गए टप्पेबाजों के पास से तमंचा, कारतूस और नकदी के अलावा पल्सर बाइक बरामद की

**संवाददाता भरथना इटावा**

**अमृत विचार ।** भरथना थाना पुलिस व एसओजी टीम ने चेकिंग के दौरान एक मुठभेड़ के बाद दो टप्पेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी है। पकड़े गए बदमाशों के पास से दो तमंचा, कारतूस,पल्सर बाइक के अलावा नकदी बरामद हुई है। दोनों बदमाशों को इलाज के बाद जेल भेज दिया गया।



घायल बदमाशों को लेकर जाती पुलिस।



अमृत विचार

एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 10 जून को सूजी पुरा निवासी सुभाष चंद्र अपनी बाइक से मंडी में किसी को रुपया देने जा रहे थे तभी रास्ते में लिफ्ट के बहाने एक युवक बैठ गया और उनकी जेब से एक लाख रुपया पार कर दिया। बाद में वह पीछे पल्सर बाइक से आ रहे अपने साथी के साथ बैठकर भाग निकला था। पुलिस ने मामला दर्ज का उनकी तलाश शुरू कर दी थी।

शुक्रवार की रात को एसओजी, सर्विलान्स टीम एवं थाना भरथना पुलिस संयुक्त रूप से थाना भरथना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक मोटर साइकिल आती दिखायी दी, जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर फायर कर दिया तथा मोटर साइकिल मोड़कर भागने लगे। इस पर पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ बाइक सवारों पर जवाबी फायरिंग की। इसमें एक गोली कल्लू उर्फ करिया निवासी चितभवन तलैया के पास थाना इकदिल स्थायी निवासी कोकपुरा शाला फ्रेंड्स कालोनी के बांये पैर में एक गोली लगी। वहीं शिवम गिहार उर्फ चिलम पुत्र धर्मेश वर्तमान कोकपुरा फ्रेंड्स कालोनी स्थायी पता कोकपुरा फ्रेंड्स कालोनी इटावा के भी बांये पैर में गोली लगी, जिन्हें घायल अवस्था में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गये आरोपियों के कब्जे से दो तमन्चा, तीन खोखा व दो जिन्दा कारतूस एवं 93 हजार रुपये नकद बरामद किये बरामद रुपये के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी तो आरोपियों ने बताया कि हम लोगों ने 10 जून को एक व्यक्ति की मोटर साइकिल पर बैठकर उसकी जेब से एक लाख रुपये चोरी कर लिये थे। ये वही रुपये हैं। शेष रुपयों को हम लोगों ने खर्च कर दिया है।

गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के अभियोग पंजीकृत है तथा इनके द्वारा जनपद औरैया, फिरोजाबाद, मैनपुरी में टप्पेबाजी की तमाम घटनां कारित की गयी हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि पहले आरोपियों का इलाज कराया गया बाद में जेल भेजा गया।

# बिजली पानी की समस्या से त्रस्त लोगों ने लगाया जाम

**कार्यालय संवाददाता इटावा**

**अमृत विचार ।** भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली और पानी की किल्लत लोगों के लिए भारी परेशानी का सबब बन गई है। शनिवार को इसी संकट से परेशान आनंद नगर वार्ड के लोगों का आक्रोश सड़क पर फूट पड़ा। नाराज नागरिकों ने फ्रेंड्स कॉलोनी व कोतवाली क्षेत्र के आगरा-कानपुर राजमार्ग को जाम कर दिया और नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं क्षेत्रीय जनता ने वार्ड की सभासद पर भी गंभीर आरोप लगाए।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में तीन दिनों से बिजली की लगातार कटौती हो रही है, वहीं नगर पालिका की ओर से लगे ट्यूबवेल से भी पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है। इस कारण नहाने-पीने से लेकर दैनिक कार्यों तक में दिक्कत हो रही है। थाना फ्रेंड्स कॉलोनी और



पालिका प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते लोग। अमृत विचार

कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया और लोगों को आश्वासन दिया गया कि बिजली और पानी की समस्या नहीं होगी।

प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने बताया कि वे वाल्मीकि समाज से हैं और दिनभर ड्यूटी करने के चलते सफाई कार्य करती हैं। थक कर जब घर लौटती हैं तो न बिजली होती है और न ही पानी। ऐसे में परिवार की देखभाल करना मुश्किल हो रहा है।

# अघोषित बिजली कटौती से उद्योग, व्यापार हो रहा प्रभावित

**कार्यालय संवाददाता इटावा**

● **उद्योग व्यापार मंडल ने बिजली कटौती पर जताया रोष**

**अमृत विचार।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने जिले में हो रही अघोषित बिजली कटौती पर रोष व्यक्त करते हुए इसमें सुधार की मांग की है। बिजली की अव्यवस्था से उद्योग एंव व्यापार प्रभावित हो रहे हैं, कभी सुधार के नाम पर कभी जर्जर संसाधनों में आई खराबी के नाम पर घंटों बिजली गायब रहती है,तारों का टूटना और आग लगना आम बात हो गयी है,।

जिले में रिवेंप योजना में करोड़ों रुपये से बिजली के तारों को बदलने से लेकर नए ट्रांसफार्मर रखवाए जाने बावजूद बिजली व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है, बिजली चेकिग और लोड बढ़वाने ने नाम पर व्यापारियों और आम नागरिकों का आये दिन विभागीय कर्मचारियों द्वारा शोषण होता रहता है, इसके बावजूद यदि बिजली चोरी और ओवरलोडिंग हो रही है तो वह विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं है, उन्होंने बताया की यदि समस्या में सुधार नहीं हुआ तो जल्द ही एक प्रतिनिधि मंडल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलेगा,

बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग करने वालों में प्रमुख रूप से जिलामहामंत्री रिषी पोरवाल, कामिल कुरैशी, संजय वर्मा, रियाज अहमद, अर्चना कुशवाहा, भारतेंद्र नाथ भारद्वाज , देव गुप्ता, अतुल जैन बजाज, राजेश आदि रहे।

# गलत फीडिंग से नहीं मिल रहा अनुदानित बीज

**संवाददाता बकेवरइटावा**

**अमृत विचार।** कृषि विभाग के पोर्टल में निवाड़ी कला गांव को बसरेहर ब्लॉक में गौतमपुरा गांव को मनियांमऊ में फीड होने से वहां के किसानों को ब्लॉक से अनुदानित बीज नहीं मिल पा रहा है। पोर्टल में निवाड़ी कला गांव महेवा ब्लाक की जगह बसरेहर ब्लॉक में खुल रहा है जिसके कारण निवाड़ी कला के किसानों के महेवा ब्लॉक में कृषि विभाग से बीज लेने के लिए अंगूठा नहीं लग पा रहा है।

शनिवार को कई किसान महेवा ब्लाक पर अनुदानित धान का बीज लेने पहुंचे थे। परंतु गांव की गलत फीडिंग कृषि विभाग के पोर्टल पर होने के कारण उन्हें बीज नहीं मिल सका। महेवा ब्लॉक के करीब 9 गांव है जो दूसरे ग्राम पंचायत या दूसरे ब्लॉक में फीड कर दिए गए



महेवा ब्लॉक में बीज लेने के लिए एकत्रित किसान ।

हैं। गौतमपुरा गांव भी मनियामऊ ग्राम पंचायत में दिख रहा है जबकि गौतमपुरा स्वयं एक ग्राम पंचायत है। बताते हैं वर्ष 2019 में किसान सम्मान निधि के लिए फीडिंग करते समय ये गड़बड़ी हुई थी। पोर्टल में फीडिंग करते समय की गड़बड़ी के कारण किसानों को समस्या से जूझना पड़ रहा है। 1 अप्रैल से पोर्टल ऑनलाइन कर एलजी कोड लखनऊ से जारी कर दिया गया है। इस कारण पोर्टल उसी जगह खुलता है। पहले किसानों को बिना अंगूठा लगाये बीज दे दिया जाता था। अब पॉश मशीन में अंगूठा लगने के बाद ही पोर्टल पर किसान का नाम ग्राम पंचायत ब्लॉक खुलने पर किसानों को अनुदानित बीज आदि मिल सकेगा।

शुक्रवार को निबाड़ी कला के किसान अनिल कुमार त्रिपाठी व विश्वेश्वर धान का अनुदानित बीज लेने महेवा ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे लेकिन उनका गांव महेवा ब्लॉक में फीड होने से पोर्टल में नहीं खुला।

इस कारण उन्हें बीज नहीं मिल सका। दोनों किसानों ने बताया कि विभाग की गड़बड़ी का खमियाजा निबाड़ी कला के किसानों को भुगतना पड़ रहा है। इस समय धान की पौध डालने का समय चल रहा हैं बीज समय से न मिलने पर नुकसान होगा। इस सम्बंध में एडीओ कृषि हर्ष कुमार ने बताया कि वर्ष 2019 में पोर्टल में गांव महेवा ब्लॉक की जगह बसरेहर ब्लॉक में फीड हो गया। पोर्टल में सुधार के लिए शिकायत दर्ज करा दी गयी। लखनऊ से सही होगा। जल्द व्यवस्था सही हो जायेगी इसका प्रयास किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### चेकिंग के नाम पर पकड़ी गई बाइक का नहीं लग रहा सुराग

**सैफई इटावा।** जनपद कन्नौज निवासी एक युवक की करीब ढाई लाख रुपये कीमत की बाइक को दो वर्दीधारी पुलिसकर्मियों ने चेकिंग के नाम पर जब्त किया, लेकिन एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं है। पीड़ित जैकी यादव निवासी ग्राम नगला विशुना, थाना सकरावा, जिला कन्नौज ने बताया कि 7 मई 2025 को वह अपने मित्र हिमांशु के साथ सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती मरीज को देखने आया था। लौटते समय हवाई पट्टी के पास स्थित पेट्रोल पंप के निकट दो वर्दीधारी पुलिसकर्मियों ने उसे रोका। उसने बाइक के सभी वैध कागजात मौके पर दिखाए, बावजूद इसके दोनों पुलिसकर्मियों ने बाइक जबरन अपने कब्जे में ले ली और यह कहते हुए वहां से भगा दिया कि बाइक बाद में चौकी से ले जाना। पीड़ित कई बार हवाई पट्टी चौकी और थाना सैफई के कई चक्कर लगा चुका है, लेकिन बाइक को लेकर कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। कहीं कोई जब्ती पर्ची नहीं दी गई, न ही बाइक का कोई आधिकारिक रिकॉर्ड उपलब्ध कराया गया। पीड़ित युवक ने शनिवार को अपने बहनोई शीलू यादव के साथ सैफई सीओ कार्यालय पहुंचकर एक लिखित शिकायत पत्र दिया और बाइक को वापस दिलाए जाने की मांग की। इस सम्बंध में सीओ राम गोपाल शर्मा ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है। यदि किसी भी स्तर पर पुलिसकर्मियों द्वारा लापरवाही या नियमों के विपरीत कार्य किया गया है ।

### आकाशीय बिजली गिरने से मंदिर का गुंबद क्षतिग्रस्त

**भरथना।** भरथना तहसील क्षेत्र के कस्बा स्थित शनिवार की शाम को करीब साढ़े 5 बजे अचानक मौसम ने करवट बदली और आँधी के बने मौसम के बीच बादलों की तेज गडगडाहट होने लगी। तभी आकाशीय बिजली नगर के मुहल्ला राजागंज स्थित श्री रामजानकी मन्दिर की निर्माणाधीन गुंबद पर जा गिर गई। इससे गुम्बद का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी होते ही क्षेत्रीय लेखपाल और राजस्व विभाग ने मौका मुआयना किया है।

# आपसी विवाद में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ ,मौत

**बकेवर।** लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम नील देवता में 32वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया परिजन आनन फानन जिला अस्पताल ले गये जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

उक्त गांव निवासी मृतक के भाई विनय कुमार ने बताया कि उसके 32वर्षीय भाई दलवीर सिंह ने आपसी विवाद के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। उसे जिला अस्पताल ले गए जहाँ चिकित्सक ने चेकअप करने के बाद दलवीर सिंह को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर घर में कोहराम मच गया। लवेदी थानाध्यक्ष कपिल चौधरी ने बताया कि उन्हे जिला अस्पताल की सूचना पर उपनिरीक्षक को भेज दिया है युवक की मौत कैसे हुई उन्हे कोई जानकारी नही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का सही पता चल सकेगा। इसी के बादआगे की कार्रवाई की जायेगी।

# महिला बंदियों की समस्याएं सुनकर दिये दिशा-निर्देश




कल्पवृक्ष के पौधे को रोपित करतीं डॉ. बबीता सिंह व अन्य ।

**कार्यालय संवाददाता इटावा**

● **महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता चौहान ने जिले का किया भ्रमण**

**अमृत विचार।** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ बबीता सिंह चौहान ने इटावा का भ्रमण किया। इस दौरान वे जिला कारागार इटावा पहुंची। वहां पर उन्होंने और महिला बंदी गृह का निरीक्षण कर महिला बंदियों की समस्याओं को सुना ।

महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान जिला कारागार पहुंची और वहां पर महिला बंदियों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को बिस्किट,चॉकलेट आदि सामग्री देकर उनसे बातचीत की । इसके बाद कारागार परिसर में स्थित मंदिर प्रांगण में कल्पवृक्ष रोपित किया । इस अवसर पर जेल अधीक्षक कुलदीप सिंह भदौरिया, जेलर राकेश वर्मा, उपजेलरगण वंदना गौतम, मनोज तिवारी, घनश्याम सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# रात से सुबह तक गायब रही लाइन पार की बिजली

**इटावा।** गर्मी में बिजली लोगों को जबरदस्त परेशान कर रही है बिजली के चलते लोग परेशान है और रात की नींद भी पूरी नहीं हो पा रही है। शुक्रवार की रात करीब 2:30 बजे लाइन पार क्षेत्र की बिजली गायब हो गई और सुबह 7:00 बजे के बाद ही बिजली सप्लाई चालू हो सकी।

केबल में फाल्ट हो जाने के कारण रात में 2:30 बजे लाइन पार क्षेत्र की मोहल्ला फ्रेंड्स कॉलोनी, रामनगर, विजयनगर, अशोकनगर तथा गांधीनगर की बिजली चली गई। बिजली जाने के बाद कर्मचारी फाल्ट को खोजने में लगे रहे और काफी देर बाद पता चला कि केबल में फाल्ट है इसके बाद मरम्मत का काम शुरू किया गया। पहले यह कहा गया की लाइट 2 घंटे में आ जाएगी लेकिन काम चलता रहा सुबह 7:00 बजे के बाद एक-एक करके मोहल्ले की बिजली सप्लाई चालू हो पाई। सुबह 7:00 बजे अशोक नगर चालू हुआ और रामनगर फीडर सुबह 7:30 बजे चालू हो पाया। बिजली न रहने से लोग गर्मी में परेशान रहे और जागते रहे।




**बैठक** | जिलाधिकारी ने मातहतों को दिये दिशा-निर्देश

# जिस गांव में खेल मैदान न हो वहां स्टेडियम बनायें

**कार्यालय संवाददाता इटावा**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागर में समन्वय-सड़क निर्माण, जल जीवन मिशन हेतु भूमि, भरथना बाईपास भूमि अधिग्रहण, पीएम कुसुम सी-2 योजना, पंचायत उत्सव भवन-बारात घर निर्माण, मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय, ग्रामीण स्टेडियम, सामुदायिक केंद्र, आयुर्वेदिक चिकित्सालय हेतु भूमि आदि के संबंध में बैठक हुई।



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने कुसुम सी-2 योजना के अंतर्गत कहा कि वेंडर्स को बुलाकर जल्द से जल्द काम शुरू कराया जाए। उन्होंने कहा कि भूमि चिन्हांकन होते ही बिना विलम्ब किए किसानों के साथ तुरंत एग्रीमेंट कराया जाए और जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने पीडब्लूडी विभाग से सड़क पर गड्ढे भराव को लेकर चर्चा की। उन्होंने जल-जीवन मिशन के अंतर्गत भूमि चिन्हांकन हेतु चर्चा की। जिलाधिकारी ने युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रामीण स्टेडियम बनाने के लिए भूमि चिन्हांकन हेतु चर्चा की साथ ही उन्होंने बताया कि जिस गांव में कोई खेल मैदान न हो वहीं स्टेडियम बनाया जाए। उन्होंने कहा कि स्टेडियम बनाने हेतु लोकेशन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि लोकेशन अच्छी होनी चाहिए, मेन रोड पर होना चाहिए, समतल जमीन होनी चाहिए एवं पास में अधिक आबादी होनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय योजना के अंतर्गत बताया कि स्टेडियम के निकट ही विद्यालय के लिए भूमि चिन्हांकन की गई है, जिसपर जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि जमीन फाइनल करके शासन को प्रस्ताव भेजा जाए। उन्होंने सामुदायिक केंद्र बनवाने के लिए भूमि चिह्नांकन हेतु चर्चा की, जिसपर संबंधित अधिकारी ने बताया कि 6 सामुदायिक केंद्र स्वीकृत हैं एवं अन्य के लिए भूमि चिन्हांकन जारी है। बैठक में एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, समाज कल्याण अधिकारी रविन्द्र कुमार शशि, अधिशासी अभियन्ता नगर पालिका परिषद विनय मणि त्रिपाठी, विजय शंकर सहित अन्य लोग रहे।

# दिनभर तेज उमस और गर्मी, शाम को राहत की बूंदें

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- तालाबों के सूखने से पशु और पक्षी बेहाल, लू से बचने को बरतें सावधानी

**अमृत विचार।** शनिवार सुबह से निकली तेज धूप और उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। वहीं शाम को तेज हवा के साथ हुई बूंदाबांदी ने कुछ राहत दी। लेकिन बाद में फिर उमस बढ़ गई। जून के महीने में आग उगलता सूरज और आसमान से बरसती आग ने जन जीवन और पशु पक्षियों के जीवन को झकझोर दिया है। सुबह 11 बजे से ही सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। लोगों का घर से निकलना दुश्वार रहा। सरकार ने भी एडवाइजरी जारी की है कि आवश्यक कार्य या मजबूरी में ही 11 बजे के बाद घर से निकलें। पोखर, तालान, बंबे, नालियां सभी सूखे पड़े होने के कारण पशु पक्षी व्याकुल और परेशान हैं। इधर शाम चार बजे बाद तेज हवा के साथ बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। हालांकि बाद में उमस रही।

### गर्मी में बिजली की अघोषित कटौती से उपभोक्ता परेशान

**कुदरकोट, औरैया।** बिजली की आंख मिचौनी से उपभोक्ता परेशान हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि लाइनमैन ही अवैध वसूली के चक्कर में बिजली व्यवस्था बाधित कर देते हैं। बाद में तार जोड़ने के लिए रुपये वसूलते हैं। इसके चलते कुदरकोट की विद्युत आपूर्ति सुचार रूप से नहीं चल पा रही है। आधे कुदरकोट में बिजली चलती रहती है और डाकखाने वाली गली सहित कई मोहल्लों में लाइट काट दी जाती है। जिस कारण यहां के उपभोक्ता परेशान हैं। जल्द ही कोई सुधार नहीं किया गया तो यहां के लोग डीएम को शिकायती पत्र देने की तैयारी में हैं।

### प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी, धूप से करें बचाव

प्रशासन ने गर्मी को देखते हुए एडवाइजरी जारी की है कि तेज धूप में अनावश्यक घर से बाहर न जाएं। शीतल पेय पदार्थ का ज्यादा प्रयोग करें। घर से बाहर जाने पर सूती गमछे का प्रयोग करें। समय-समय पर पानी का सेवन करते रहें। प्रकृति हमें संदेश देती है कि हम अपने जीवन को समय के अनुसार कैसे ढाल सकते हैं।

## गर्मी में बढ़ी पेय पदार्थों की डिमांड



गर्मी में सत्तू की बिक्री बढ़ रही है। अमृत विचार

**बिधूना।** भीषण गर्मी से जहां आम जनजीवन अस्त-व्यस्त है। वहीं, गर्मी से बचाव के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते नजर आ रहे हैं। कोई बिधूना बेला मार्ग पर पुर्वा दुजे के पास स्थित स्विमिंग पूल में गोते लगाकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास कर रहा है तो कोई नहर बंबों में नहाकर। गांव में खेतों पर लगे नलकूपों पर भी नहाने वालों की भीड़ लगी रहती है। गर्मी से बचाव के लिए लोग अपने खान-पान में भी खासी सावधानी बरत रहे हैं। इस मौसम में अचानक सत्तू की बिक्री बढ़ गई है। ज्यादातर लोग बाइक पर लगी चक्की पर अपने ही सामने सत्तू पिसाकर खरीद रहे हैं। सत्तू बेचने वाले बेदराम का कहना है कि गर्मी के चलते उसकी सत्तू की बिक्री में अचानक इजाफा हो गया है। साथ ही गर्मी से राहत पाने को लोग नींबू शिकंजी और गन्ने का रस, लस्सी आम का रस आदि पेय पदार्थ पीकर गर्मी की तपिश को शांत करना चाहते हैं जिसके चलते नींबू शिकंजी गन्ने के रस और लस्सी की दुकान पर भीड़ लगी दिखाई देती है। गर्मी के बढ़ते तापमान के चलते हर कोई आरओ का ठंडा पानी पीना चाहता है।

## चक रोड पर कब्जा कर हो रही प्लाटिंग

**अटसू, अजीतमल।** तहसील क्षेत्र में इन दिनों भू माफियाओं का बोलबाला है। भूमाफियाओं ने चक रोड पर कब्जा कर लिया है। इससे लोगों को निकलने में दिक्कत होती है। कई बार शिकायत के बाबजूद निस्तारण न होना भू माफियाओं और अधिकारियों की मिली भगत की ओर इंगित कर रहा है। शिकायत कर्ता ने पिछले वर्ष आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन उसका निस्तारण नहीं किया गया। पीड़ित शिकायत कर्ता ने अजीतमल उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर चक रोड को कब्जा मुक्त किए जाने की मांग की है।

अटसू निवासी रामजी उपाध्याय ने बताया कि मोहल्ला राजंदाजनगर में बंबा के पास चक रोड है। इस चक रोड से लोग अपने ट्रैक्टर आदि वाहन खेतों की ओर ले जाते थे। लेकिन चक रोड पर भू माफियाओं ने कब्जा कर प्लाटिंग करनी शुरू कर दी। जिसके चलते स्थानीय लोगों के ट्रैक्टर आदि वाहन खेतों पर आसानी से नहीं पहुंच पा रहे हैं। उपजिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी अटसू और राजस्व टीम को निस्तारण के निर्देश दिए।

# प्रशिक्षण में कराया योगाभ्यास

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- योग दिवस की तैयारियों पर विकास खंड सभागार में दिया प्रशिक्षण

**अमृत विचार।** विकास खण्ड सभागार में सीडीओ के निर्देशन में 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एवं स्वास्थ्य के लिये योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के चलते योग सप्ताह चलेगा। इसके लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

विकास खण्ड औरैया के सभागार में ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सहायक व कार्यालय स्टॉफ सहित अन्य को राष्ट्रीय आयुष मिशन, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित, योग वेलनेस सेन्टर, जिला होम्योपैथिक चिकित्सालय, आयुष विभाग की गतिविधियों के अन्तर्गत वरिष्ठ योग प्रशिक्षक योगेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा अधिकारी एवं कर्मचारियों को योग प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से खण्ड विकास अधिकारी डॉ. आदित्य तिवारी ने सामूहिक रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधीनस्थों को 21 जून को संपन्न होने वाले 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग करने के साथ जीवन में निरन्तर योग करने की सलाह दी। तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रार्थना मंत्र के क्रम में सूक्ष्म व्यायाम व आसनाभ्यास के तहत ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोण आसन, पादहस्तासन के साथ मकरासन आदि के क्रम में खड़े होकर व बैठकर किये जाने वाले आसनों में मुख्य रूप से अर्थचक्रासन, उष्ट्रासन, वक्रासन, बज्रासन, भुजंगासन, उत्तानमण्डुकासन के अलावा पाचन अंगों में संक्रियता पैदा करने के लिये शलभासान, उत्तानपादासन, अर्द्धहलासन एवं पवनमुक्तासन आदि के साथ अन्त में प्रणायाम के अन्तर्गत कपालभाति, नाड़ीशोधन, भ्रामरी प्रणायाम और संकल्प मंत्र के साथ योग प्रशिक्षक योगेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा ध्यान का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खण्ड विकास अधिकारी डॉ. आदित्य तिवारी, सहायक विकास अधिकारी इन्द्रेश सिंह, विनय यादव, वरिष्ठ सहायक शिवराज सिंह, ग्राम पंचायत सचिव राजीव कुमार, पीयूष शुक्ला, सुनीत तिवारी, शिखा चतुर्वेदी, प्रांजलि अवस्थी, सत्यम सिंह परमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर गोपाल स्वर्णकार, नीरज कुमार व पंचायत सहायक आदि का सहयोग रहा।

### 13-बी देर से खुलने पर फाटक पर लगा जाम

**अछल्दा, औरैया।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग की कस्बा स्थित 13-बी क्रॉसिंग देर से खुलने पर फाटक पर लंबा जाम लग गया। फाटक पर जाम लगने से वाहन चालकों और पैदल निकलने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार की सुबह 10 बजे अछल्दा स्थित 13-बी ट्रेनों के लगातार आवागमन के चलते फाटक को बंद कर दिया, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। बाहनों की कतार लगने से बाइक सवार और पैदल निकलने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम लगे रहने से एम्बुलेंस भी फंसी रही।


रेलवे क्रॉसिंग पर लगा जाम। अमृत विचार

# आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत, एक घायल

## कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भरसेन व अछल्दा थाना क्षेत्र के ग्वारी गांव में आंधी-बारिश के दौरान गिरी बिजली

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** मौसम ने शनिवार को करवट ली और तेज आंधी के साथ बूंदाबांदी हुई। इस दौरान सदर कोतवाली और अछल्दा थाना क्षेत्र के गांव ग्वारी में आकाशीय बिजली गिरी। इसमें दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एक युवती घायल हुई है। जबकि एक भैंस भी मर गई।

सदर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत शनिवार की शाम करीब चार बजे तेज आई आंधी व बारिश के बाद गिरी बिजली से एक वृद्ध की मौत हो गई जबकि उसकी 20 वर्षीय पुत्री झुलस गई। मौत की खबर पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। वृद्ध अपनी बकरियों को चराने के लिए खेतों पर गया था।

घटना की सूचना पाकर प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भरसेन निवासी सत्तार खां 60 वर्ष की मौत हो गई। जबकि समीप में उसकी 20 वर्षीय पुत्री खुशबू भी झुलस गई। ग्रामीणों ने बताया कि सत्तार अपनी बकरियों को चराने के लिए घर के समीप ही गया हुआ था। आंधी आने के बाद वह बकरियों को अपने घर ला रहा था तभी बारिश होने लगी और तेज आवाज के साथ बिजली सत्तार के ऊपर गिर गई। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई उसी दौरान उसकी पुत्री खुशबू 20 वर्ष भी झुलस गई। घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जानकारी हासिल की और उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। इसके उपरांत शव का पंचायतनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है।


रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### मजदूरी करते समय गिरी गाज

- **अछल्दा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव ग्वारी में आकाशीय बिजली गिरने से मजदूर अधेड़ और भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार को गांव ग्वारी में पूरन कश्यप (40) पुत्र सूबेदार गांव में राजकुमार चौहान के मकान पर मजदूरी कर रहा था। तभी अचानक शाम 5:46 बजे बिजली गरजी और मजदूरी कर रहे पूरन के ऊपर गिर गई। इससे पूरन की मौत हो गई। वहीं घर के बाहर खूंटे पर बंधी राजकुमार चौहान की भैंसे घटना स्थल पर मौत हो गई। घायल अवस्था में परिजन एंबुलेश की सहायता से सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर अमरदीप चौधरी ने अधेड़ को देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक अपनी बहन विनीता देवी के यहां रहकर मेहनत मजदूरी करता था। मृतक की शादी नहीं हुई थी। पुलिस ने मामले की जांच में जुटी है।

### हीटवेव से महिला की तबीयत बिगड़ी, गई जान

- **कंचौसी।** सहायल कस्बा क्षेत्र से जमीन देखकर लौट रही महिला की भीषण गर्मी और हीटवेव के चलते वापस अपने घर झींझक जाते समय कंचौसी पेट्रोल पंप के पास मौत हो गई। मामला मंगलपुर थाना क्षेत्र के कंचौसी का है। घटना स्थल पर कंचौसी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची, जांच पड़ताल कर परिजनों को सूचना दी। बताया जाता हैं कि सहायल क्षेत्र की मूल निवासी शांति देवी पत्नी सोबरन सिंह जो अब झींझक कस्बे में मकान बना कर रह रहे हैं। शनिवार दोपहर महिला शांति देवी सहायल से खेती देखकर ऑटो से लौट रही थी तभी दोपहर में गर्मी लू के चलते तबीयत बिगड़ गई। इससे उसकी मौत हो गई। पेट्रोल पंप कर्मियों ने इसकी सूचना मंगलपुर थाने की कंचौसी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## ट्रेन की चपेट में आने से किसान की मौत

**अछल्दा।** डीएफसी रेल लाइन पर एक किसान की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई।

घाटमपुर ग्राम पंचायत घसारा निवासी रामगोपाल (58) पुत्र डमरु शनिवार शाम घर से खेत पर फावड़ा लेकर जा रहा था। उसी समय घसारा हाल्ट रेलवे स्टेशन के पास बनी डीएफसी रेल लाइन पार करते समय इटावा की तरफ से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। मालगाड़ी चालक ने इमर्जेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी को खड़ा किया। चालक ने घटना की सूचना स्टेशन मास्टर न्यू अछल्दा को दी। न्यू अछल्दा स्टेशन मास्टर ने सिविल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह मौके पर गए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# भागवत कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु


कथा सुनाते आचार्य। अमृत विचार

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला बाबा का पुर्वा में स्थिति अस्तल धाम मंदिर पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का छठा दिन श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। कथा वाचक आचार्य अर्पण द्विवेदी ने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणीजी के विवाह का वर्णन किया। कथा स्थल पर दोपहर से ही ग्रामीणों व कस्बे के नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे वातावरण में राधे-राधे और जय श्रीकृष्ण की गूंज सुनाई देती रही। कथा के दौरान आचार्य ने बताया कि रुक्मिणी विवाह केवल एक प्रेम कथा नहीं, बल्कि भक्ति और समर्पण का प्रतीक है। रुक्मिणी का श्रीकृष्ण के प्रति अगाध प्रेम और विश्वास हमें जीवन में धैर्य और भक्ति का संदेश देता है। कार्यक्रम में महिलाओं और युवाओं की विशेष उपस्थिति रही। रविवार को कथा का अंतिम दिन होगा।


कथा का रसपान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

## ग्रामीणों ने घेरा बेला विद्युत उपकेंद्र

**बिधूना, औरैया।** थाना बेला क्षेत्र के गांव मल्हौसी में एक माह से विधुत आपूर्ति की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए बेला स्थित विद्युत उपकेंद्र का घेराव किया।

इस दौरान उपकेंद्र पर कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं मिला। एक घंटे तक प्रतीक्षा करने के बाद नाराज ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से शिकायत करने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर घेराव प्रदर्शन में मोनू गुप्ता, राजन गुप्ता, राजेश कुलश्रेष्ठ, संतोष गुप्ता, सुरेश शुक्ला और पूर्व प्रधान विजय कुशवाहा विनय त्रिपाठी, प्रशांत गुप्ता, गोपाल सोनी, अमतेश अवस्थी और प्रमोद कुलश्रेष्ठ आदि मौजूद रहे।

**थाना समाधान दिवस** | जिले के सभी थानों में हुआ आयोजन, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

# एक दर्जन शिकायतें आईं, दो का मौके पर निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, औरैया/ बिधूना

**अमृत विचार।** संपूर्ण समाधान थाना दिवस में शनिवार को फरियादियों की भीड़ रही। एक दर्जन शिकायतों में दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार रुचि मिश्रा एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान ने पीड़ितों की समस्यायों को गंभीरता पूर्वक सुनकर उनका एक पखवाड़े के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। साथ ही फर्जी निस्तारण किये जाने पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। सार्वजनिक भूमि, चारागाह, तालाब, खलिहान चकमार्ग आदि को सख्ती के साथ कब्जा मुक्त कराये जाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व विभाग, विकास एवं पुलिस विभाग को लेकर आयीं। इस अवसर पर वरिष्ठ उप निरीक्षक शंभूनाथ, उप निरीक्षक सुघर सिंह, जेडी सिंह हेड मुहर्रिर, राहुल सिंह, विजयपाल चौधरी, क्षेत्रीय लेखपाल सत्यवीर पाल, अमन कुमार आदि मौजूद रहे।


समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनते अधिकारी। अमृत विचार

### थाना दिवस में आईं आठ शिकायतें, तीन निस्तारित

**अयाना।** थाना समाधान दिवस पर शनिवार को अयाना थाना में एसडीएम अजीतमल निखिल राजपूत व थानाध्यक्ष अजय कुमार ने शिकायतें सुनीं। पूरे दिन में कुल आठ शिकायतें आईं। अधिकांश शिकायतें राजस्व संबंधी रहीं। इनमें से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण करवा दिया गया। एसडीएम ने बताया कि पांच लंबित शिकायतों में टीम गठित कर रिपोर्ट मांगी गई है। जल्द ही सभी का निस्तारण करवाया जाएगा।

### थाना दिवस में बताई मकानों में दरारों की समस्या

**फफूंद, औरैया।** कस्बा के कुछ मोहल्लों में बने मकानों में आ रही दरारों की जांच कराने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता आसिफ राईन ने थाना दिवस में जिलाधिकारी को संबोधित एक पत्र एसपी औरैया को सौंपकर आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों के साथ-साथ भू-गर्भ विभाग से जांच कराने की मांग की है। शनिवार को फफूंद थाने में एसपी अभिजीत आर शंकर को जिलाधिकारी को संबोधित प्रार्थना पत्र देते हुए सामाजिक कार्यकर्ता आसिफ राईन ने बताया कि फफूंद नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों के आधा सैकड़ा के करीब मकानों में पिछले कुछ समय से दरारें देखी जा रही हैं। जिससे संपत्ति में नुकसान का खतरा बढ़ गया है। वहीं मकान मालिकों में भय का माहौल है। उन्होंने मांग की कि मकानों में पड़ रही दरारों के कारण की गहन जांच के लिए कानपुर के विशेषज्ञों और भू-गर्भ विभाग की एक संयुक्त टीम गठित की जाए।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2025 session in the following disciplines

- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Nursing M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- Faculty of Dental Sciences (All Specilities)
- Humanities and Journalism English
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Management

Last Date of Receiving Application : 30th May, 2025

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit univeristy website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध

मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)

पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)

फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

## एक नजर

### शिक्षकों को ऑनलाइन आवेदन में आ रही समस्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के 4517 सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्यों, प्रधानाध्यापकों, प्रवक्ता और सहायक अध्यापकों को ऑनलाइन आवेदन में कई तरह की तकनीकी समस्या आ रही है। सैकड़ों शिक्षकों का मानव संपदा पोर्टल कोड या मोबाइल नंबर अमान्य बता रहा है। इन शिक्षकों ने बकायदा ई-मेल करके अपर शिक्षा माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार तिवारी को समस्या से अवगत कराते हुए आवेदन की अंतिम तिथि 14 जून को बढ़ाने का अनुरोध किया है। माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट के प्रदेश महामंत्री लालमणि द्विवेदी का कहना है कि ऑनलाइन स्थानांतरण के नाम पर शिक्षकों के साथ मजाक किया जा रहा है। आवेदन के लिए अतिरिक्त समय देते हुए वेबसाइट की तकनीकी समस्याएं तत्काल दूर की जाएं।

# यूपीसीडा लगाएगा 12 नए सौर संयंत्र

## औद्योगिक क्षेत्रों में बढ़ेगी हरित ऊर्जा की हिस्सेदारी, ग्रीन इंडस्ट्रियल हब का सपना हो रहा साकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उद्योग, ऊर्जा और पर्यावरण तीनों मोर्चों पर मजबूत हो रही सरकार की नीति



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों को सौर ऊर्जा से संचालित करने की पहल की है। इसके लिए 12 नए स्थलों की पहचान की है, जहां सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएंगे। यह पहल उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022 के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य ऊर्जा की लागत घटाना, पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कटौती करना है।

12 स्थानों में सूरजपुर साइट-5, ईपीआईपी (गौतमबुद्ध नगर), टीडीएस सिटी (गाजियाबाद), एसईजेड (मुरादाबाद), बागपत, आगरा, मथुरा, झांसी, प्रयागराज, शाहजहांपुर जैसे रणनीतिक औद्योगिक केंद्र शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट निर्देश है कि प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र न केवल उत्पादन में अग्रणी हों, बल्कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और पर्यावरण-अनुकूल भी बनें। इसी लक्ष्य की प्राप्ति हेतु यूपीसीडा ने 'सौर औद्योगिक क्षेत्र' की अवधारणा को अपनाया है। कानपुर स्थित यूपीसीडा मुख्यालय में पहले ही 150 किलोवाट का सौर संयंत्र स्थापित किया जा चुका है, जो 82.98 लाख की लागत से लगाया गया। यह संयंत्र वित्तीय रूप से लाभदायक होने के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है।

यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी ने बताया कि यह पहल न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि संचालन लागत को भी कम करती है। यूपीसीडा अपने परिसरों के साथ-साथ उद्योगों को भी सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। इसका उद्देश्य ऊर्जा लागत में कटौती, कार्बन उत्सर्जन में कमी और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना है।

### सौर पथ और हरित पट्टियां बनाएंगी उद्योग क्षेत्र को सुंदर

यूपीसीडा औद्योगिक क्षेत्रों को न केवल ऊर्जा के लिहाज से सशक्त बना रहा है, बल्कि "सौर पथ" और हरित पट्टियों की योजनाओं के माध्यम से सुरक्षा और सौंदर्य का भी समन्वय कर रहा है। इन पथों पर ऑफ-ग्रिड सौर लाइटिंग सिस्टम लगाया जाएगा, जिससे रात में भी बेहतर प्रकाश व्यवस्था बनी रहेगी। हरित पट्टियां न केवल प्रदूषण नियंत्रण में सहायक होंगी, बल्कि औद्योगिक क्षेत्रों की दृश्यता और निवेश के प्रति आकर्षण को भी बढ़ाएंगी।



राजभवन में मुख्यमंत्री योगी ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से भेंट की। इस दौरान उन्हें महाराजा सुहेलदेव को लेकर अमीस की लिखी एक पुस्तक भेंट की।

## बिजली संकट से स्थिति भयावह : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि उप्र. में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद चिंताजनक है। अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। हर विभाग में लूट-खसोट है।

सपा प्रमुख शनिवार को फर्रूखाबाद में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली संकट से स्थिति भयावह है। गर्मी से लोग बेहाल है। बिजली नहीं मिल रही है। भाजपा सरकार ने नौ साल में बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई काम नहीं किया। एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया गया। बिजली की अघोषित कटौती से हाहाकार मचा है। किसान संकट में है। फसलों की खरीद में भी भ्रष्टाचार हो रहा है।

# पिछड़े वर्ग में जनाधार मजबूत करेगी प्रदेश कांग्रेस

## 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग विभाग ने आयोजित किया भागीदारी न्याय सम्मेलन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत के लिए प्रदेश कांग्रेस पिछड़े वर्ग में जनाधार को और मजबूत करेगी। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पिछड़ा वर्ग विभाग की ओर से आयोजित भागीदारी न्याय सम्मेलन में इस पर जोर दिया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. अनिल जयहिंद ने कहा कि देश भर के 90 प्रतिशत पिछड़े, अनुसूचित वर्ग व अल्पसंख्यक समाज के साथ प्रतिदिन शोषण हो रहा है। शोषण का प्रमुख कारण आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा निर्धारित होना है, सभी संवैधानिक संस्थाओं के सभी स्तर के पदों में आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी नहीं है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि सामाजिक न्याय संगठन सृजन का प्रमुख आधार बिंदु है। संगठन के सभी स्तरों में सभी वर्गों के लोगों को उनकी आबादी के अनुपात में पद और जिम्मेदारी देने के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सभी वर्गों का हित तभी सुरक्षित है, जब संविधान सुरक्षित और मजबूत रहेगा, इसलिए सभी वर्गों का यह दायित्व है कि आपस में मिलकर संविधान को मजबूत करें। कार्यक्रम को पार्टी के पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश चेयरमैन मनोज यादव, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी उप्र प्रदीप नरवाल, सुशील पासी, निवर्तमान प्रदेश महासचिव (संगठन) अनिल यादव ने आदि ने संबोधित किया। सम्मेलन में निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, विश्वविजय सिंह, पूर्व मंत्री राजबहादुर, पूर्व मंत्री डॉ मसूद अहमद आदि मौजूद रहे। भागीदारी न्याय महासम्मेलन का संचालन जितेन्द्र पटेल ने किया।



सम्मेलन में पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ अनिल जयहिंद, राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य।

## 2582 नए एमबीबीएस डॉक्टरों को मिलेगी तैनाती

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 2019 बैच के 2582 एमबीबीएस डॉक्टरों को बतौर नॉन पीजी जूनियर रेजीडेंट, डिमांस्ट्रेटर व ट्यूटर के पद तैनात किया जाएगा। डॉक्टरों को यह नियुक्ति मात्र दो साल के मिलेगी, इसके लिए उन्हें निर्धारित वेतन भी मिलेगा। डॉक्टरों को कॉलेज आवंटन के लिए सोमवार 16 जून से काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने शनिवार को बताया कि सरकारी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को सेवा बांड के तहत दो साल सरकारी मेडिकल कॉलेज में अनिवार्य रूप से सेवाएं देनी होती हैं।

# इंटर्न डॉक्टरों को नहीं दिया जा रहा मानदेय

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

- एनएमसी की शिकायत के बाद भी नहीं सुधर रही निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रबंध तंत्र की कार्यशैली

**अमृत विचार :** राज्य के कई निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस अंतिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण कर इंटर्नशिप करने वाले डाक्टरों को प्रतिमाह मिलने वाला मानदेय न मिलने की बात सामने आ रही है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) की वेबसाइट पर ऐसी शिकायतों का अंबार भी है। बावजूद कोई ठोस सुनवाई नहीं हो पा रही है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक से इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका फोन नहीं उठा। ऐसे में उक्त मेडिकल कालेजों के प्रबंध तंत्र की कार्यशैली कठघरे में खड़ी दिख रही है।

एनएमसी के नियमानुसार, एमबीबीएस छात्रों को डिग्री प्राप्त करने को अंतिम वर्ष की परीक्षा उपरांत इंटर्नशिप करना अनिवार्य होता है। उक्त क्रम में राजधानी समेत प्रदेश के कई मेडिकल कॉलेज ऐसे हैं, जहां फाइनल बैच के छात्रों को इंटर्नशिप के दौरान निर्धारित मानदेय नहीं दिया जा रहा है। नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर कुछ छात्रों ने बताया कि कई कॉलेजों में मानदेय कटौती असमय ही कर दी जाती है। कहीं-कहीं तो बिल्कुल भी नहीं दी जाती है। भुक्तभोगी एनएमसी में अपना नाम व पहचान छिपाकर शिकायत भी करते हैं। बावजूद एनएमसी द्वारा अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जाती है। इस संबंध में सीतापुर व बाराबंकी स्थित मेडिकल कॉलेजों के प्रबंधक डॉ.एके सचान का कहना है कि सूचना आधारविहीन है। मेरे कॉलेजों में हर पात्र छात्रों को मानदेय दिया जाता है। यदि किसी को शिकायत है तो संबंधित मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य को लिखित आवेदन दें। राजधानी स्थित मेडिकल कॉलेजों के प्रबंधकों का कहना है कि मानदेय दिया जाता है। मगर एनएमसी में मानदेय का ब्यौरा भेजने का कोई अनिवार्य नियम नहीं है। यदि लिखित शिकायत मिलेगी तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### शिकायत पर नहीं हो रही कार्रवाई

मांग करने पर कॉलेज प्रशासन द्वारा डिग्री न देने की चेतावनी दी जाती है, लिहाजा प्रदेश में नवागत डॉक्टर अपनी शिकायत किसी भी प्लेटफार्म पर नहीं कर सकते हैं। जबकि एनएमसी का स्पष्ट निर्देश है कि इंटर्नस को प्रतिमाह निर्धारत मानदेय उपलब्ध कराकर, बैंक स्टेटमेंट एनएमसी द्वारा मांगे जाने पर अपलोड किया जाए।

> सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों में मानदेय राशि अलग अलग है। निजी मेडिकल कॉलेजों में मानदेय चार हजार से लेकर अधिकतम 7.5 हजार रुपये प्रतिमाह है। जबकि सरकारी मेडिकल कॉलेजों में यह राशि 12 हजार रुपये है। यह मानदेय मेडिकल छात्रों को हर माह समान रूप से नहीं मिलता है। कहीं-कहीं तो उनकी उपस्थिति कम दिखाकर, डिग्री प्रदान करने के लिए योग्य करार देने का दबाव भी बनाया जाता है।
>
> -डॉ.अतुल अग्रवाल
> बाल रोग विशेषज्ञ, बरेली

# बच्चों-शिक्षकों के साथ सरकार चलाएगी भूगर्भ जल संरक्षण कैंपेन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूरे प्रदेश में निकाली जाएंगी 300 भूजल रैलियां, होंगी लघु गोष्ठियां

**अमृत विचार :** जल संकट की चुनौती से निपटने के लिए योगी सरकार व्यापक जन अभियान की शुरुआत करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में भूगर्भ जल संरक्षण कैंपेन के तहत पहली बार पूरे प्रदेश में बच्चों, शिक्षकों, आम नागरिकों, एनजीओ और विभिन्न स्टेकहोल्डर्स की सहभागिता के साथ राज्यव्यापी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सरकार ने इस अभियान के लिए चार महीने का विस्तृत लक्ष्य तय किया है।

इस पहल का उद्देश्य प्रदेश में जल संसाधनों के प्रति दीर्घकालिक चेतना विकसित कर भूजल स्तर में सुधार लाना है। जल संचय को समाज में प्रोत्साहित कर भविष्य की जल आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक ठोस कदम माना जा रहा है। पहली बार प्रदेश के विभिन्न जिलों में 300 भूजल रैलियों का आयोजन किया जाएगा। जिनमें स्कूली बच्चों और शिक्षकों की विशेष भागीदारी होगी। इसके अतिरिक्त, प्रदेशवासियों को जागरूक करने के लिए 19 बड़े जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जल संरक्षण को लेकर लघु गोष्ठियों का आयोजन भी किया जाएगा, जिनमें विशेषज्ञों के बताए जल प्रबंधन और संरक्षण के उपायों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

# नवीनीकरण और पंजीकरण हुआ आसान

## ऑटो मोड में व्यापार पंजीयन की व्यवस्था से उद्यमियों को राहत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में व्यापार करना ज्यादा आसान हो गया है। योगी सरकार द्वारा लागू की गई ऑटो मोड प्रणाली के तहत अब व्यापारी बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के एक ही दिन में अपने प्रतिष्ठान का पंजीकरण करा सकते हैं। न नवीनीकरण का झंझट है, न कर्मचारियों के बिना पंजीयन का झोल है। इस क्रांतिकारी व्यवस्था ने जहां लंबी प्रक्रियाओं और कार्यालयों के चक्कर से मुक्ति दिलाई, वहीं नवीनीकरण की अनिवार्यता को समाप्त कर व्यापारियों को साल-दर-साल लगने वाली औपचारिकताओं से भी राहत दी है।

ऐसे प्रतिष्ठान, जिनमें कोई कर्मचारी कार्यरत नहीं है, उन्हें अब पंजीकरण की बाध्यता से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है। इससे छोटे कारोबारियों और स्वरोजगार करने वालों को सीधी राहत मिली है। योगी सरकार ने प्रदेश में आईटी सेक्टर को भी बढ़ावा देने के उद्देश्य से 24 घंटे कार्य की अनुमति दे दी है, बशर्ते सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए। इससे स्टार्टअप्स, बीपीओ, और सॉफ्टवेयर कंपनियों को रात-दिन संचालित रहने का अवसर मिल रहा है, जो राज्य को डिजिटल अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

### हर वर्ष पंजीकृत इकाइयों की संख्या में नया रिकॉर्ड

वित्तीय वर्ष 2022-23 (अगस्त 2022 से मार्च 2023) में जहां 27,014 इकाइयों का पंजीकरण हुआ और 1856.42 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ, वहीं 2023-24 में पंजीकृत इकाइयों की संख्या बढ़कर 44,091 हो गई और राजस्व 3496.94 लाख तक पहुंच गया। वर्ष 2024-25 में अब तक 45,551 इकाइयां पंजीकृत हो चुकी हैं, जिससे 3770.50 लाख का राजस्व अर्जित हुआ है। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि किस तरह ये सुधार न केवल व्यापारिक गतिविधियों को गति दे रहे हैं, बल्कि राजस्व में भी अभूतपूर्व वृद्धि कर रहे हैं।

# आखिर क्यों खरीदी जा रही निजी बिजलीघरों से महंगी बिजली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- संघर्ष समिति ने ऊर्जा मंत्री और प्रबंधन से पूछे पांच नये सवाल

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने शनिवार को ऊर्जा मंत्री और प्रबंधन से पांच नये सवाल पूछे। समिति ने कहा कि आखिर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के जरिये निजी बिजलीघरों से महंगी बिजली की खरीद क्यों की जा रही है। इस बीच, समिति ने कहा कि 22 जून की बिजली महापंचायत में बिजली कर्मियों के परिवार भी शामिल होंगे।

समिति ने कहा कि घाटे के नाम पर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण किया जा रहा है। क्या यह सच है कि वर्ष 2024-25 में पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने कई निजी घरानों के उत्पादन घरों से एक भी यूनिट बिजली नहीं खरीदी और इन निजी घरानों को फिक्स कॉस्ट के एवज में 6761 करोड़ रुपए का भुगतान किया है? अगर यह सच है तो इतने बड़े घाटे की जिम्मेदारी कर्मचारियों पर थोप कर निजीकरण क्यों किया जा रहा है?

सरकारी क्षेत्र में बिजली उत्पादन निगम से 4 रुपए 26 पैसे प्रति यूनिट की दर पर बिजली मिलती है और जल विद्युत की बिजली मात्र एक रुपए प्रति यूनिट की दर पर मिलती है। सरकार ने बिजली उत्पादन के लिए उत्पादन निगम और जल विद्युत निगम में नए बिजली घरों की स्थापना नहीं की। इस कारण बिजली की मांग को पूरा करने के लिए बहुत बड़े पैमाने पर निजी घरानों से काफी महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है।

### घाटे की जिम्मेदारी क्यों थोपी जा रही कर्मचारियों पर

समिति ने कहा कि क्या यह सच है कि केएसके महानंदी से 11 रुपए 58 पैसे प्रति यूनिट, बजाज के छोटे बिजली घरों से 10 रुपए प्रति यूनिट, ललितपुर से 6.50 रुपए प्रति यूनिट, रोजा से 6.05 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदी जा रही है? अगर यह सच है तो इससे होने वाले हजारों करोड़ रुपए के घाटे की जिम्मेदारी कर्मचारियों पर थोप कर निजीकरण क्यों किया जा रहा है? दिल्ली में रिलायंस बीएसईएस की दो कंपनियां बीएसईएस यमुना पावर और बीएसईएस राजधानी पावर पिछले 23 वर्ष से काम कर रही है। 23 वर्ष काम करने के बाद रिलायंस की इन दोनों कंपनियों का बेहतर प्रबंधन कौशल यह है कि इन कंपनियों पर दिल्ली जैसे छोटे राज्य में 25,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का दिल्ली की पावर यूटिलिटीज का बकाया हो गया है।

## वर्ग पहेली- 2

**बाएं से दाएं**

1.1. तलवार 2. काले रंग की एक चिड़िया 3. राजस्थान में एक जिले का नाम।

2.1. किसी चीज़ को निकालने के लिए ज़मीन आदि खोदा जाना 2. मिट्टी हटाकर गहरा गड्ढा करना, खनना 3. खुदने के रूप में अंकित या चिह्नित होना।

5. पैर में पहनने का एक प्रकार का सिला हुआ वस्त्र जिससे टखने से कमर तक का भाग ढका रहता है, पाजामा, सुथना, तमान, इज़ार।

6.1. किसी चीज़ के किनारे पर सजावट के लिए बनाई गई लटकन, शोभा के लिए किसी वस्तु पर लगाया जाने वाला लहरदार किनारा या लटकन 2. छोर, किनारा, सिरा 3. किसी उत्सव या समारोह आदि में इमारतों पर लगाई जाने वाली बिजली के छोटे छोटे बल्बों की शृंखला 4. देवताओं की पूजा के समय बजाई जाने वाला झांझ।

9. रवेवाला, दानेदार।

**ऊपर से नीचे-**

1.1. मुकुट, ताज, शिरोमणि 2. प्राचीन समय में प्रचलित एक प्रकार का केश-विन्यास।


3.1. साम्राज्य, विशाल राज्य 2. प्रभुत्वसंपन्न राज्य 3. प्रभुत्व, आधिपत्य 4. उद्योग जगत में बहुत बड़ी कंपनी या कई कंपनियों का समूह।

4.1. युवावस्था या उससे कुछ पहले की अवस्था का पुरुष, युवा 2. पुत्र, बेटा 3. राजा का पुत्र, राजकुमार, युवराज 4. (पुराण) सनक

5.1. एक प्रसिद्ध सवारी जिसमें सवार आराम से बैठता या लेटता है और जिसे कहार या मज़दूर कंधे पर उठाकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते हैं, डोली, शिविका 2. पालक नामक साग।

7.1. सजाने की क्रिया या भाव 2. सजावट की सामग्री 3. सज्जा, सजावट, सज-धज 4. संगीत में प्रयुक्त वाद्य यंत्र 5. युद्ध में प्रयोग किए जाने वाले अस्त्र-शस्त्र, युद्ध सामग्री, आयुध 6. सवारी के लिए घोड़े को तैयार करने का सामान 7. मेलजोल 8. अनुकूलता।

8. स्वर, आवाज़। (मु.)-में सुर मिलाना : किसी की हां में हां मिलाना, किसी का समर्थन करना।



### वर्ग पहेली -1 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 बा | का | ■ | 2 इ | ■ | 3 जी | ■ |
| ल | ■ | 4 अ | म | ल | ता | सी |
| ■ | 5 उ | ■ | र | ■ | जा | ■ |
| ■ | प | ■ | जें | ■ | ग | ■ |
| 6 अ | धि | शा | सी | ■ | ता | ■ |
| गि | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 7 या | र | बा | श | ■ | 8 ब | च |

## सुडोकू -9

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | 5 | 3 | |
| 4 | | | 8 | | | | | 1 |
| 9 | 2 | | 1 | | 6 | | | 4 |
| | | 2 | 3 | | | 9 | | |
| | 8 | 7 | | | | 3 | 4 | |
| | | 1 | | | 2 | 6 | | |
| 8 | | | 9 | | 5 | | 2 | 3 |
| 1 | | | | | 8 | | | 7 |
| | 3 | 6 | | | 4 | | | |

### सुडोकू - 8 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 6 | 1 | 4 | 3 | 9 | 5 | 7 |
| 9 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 | 4 | 8 |
| 3 | 5 | 4 | 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 6 |
| 7 | 1 | 8 | 3 | 6 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 9 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 |
| 4 | 9 | 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 |
| 5 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 | 6 | 1 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी-15.51 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-श्रवण 16 जून 13.00 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** — आज आपकी दिनचर्या काफी संतुलित रहने वाली है। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। अपनी जीवनशैली पर धन खर्च करेंगे। आपकी सलाह से लोगों को काफी लाभ होगा। जॉब में पदोन्नति मिल सकती है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करेंगे।

**वृष** — आज विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में शानदार परिणाम प्राप्त होंगे। काफी समय से जिस कार्य के लिए आप योजना बना रहे थे उसे प्रारम्भ कर सकते हैं। धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। निर्माण कार्यों में प्रगति होने की संभावना बन रही है।

**मिथुन** — आज दांपत्य संबंधों में परेशानी हो सकती है। अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें। आपको अत्यधिक भागदौड़ करनी पड़ेगी। जॉब में सहकर्मियों के व्यवहार से परेशान हो सकते हैं। खांसी-जुकाम की परेशानी हो सकती है। घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आज वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। पारिवारिक वातावरण सहयोगात्मक रहने वाला है। लोगों के प्रति आपके सहयोगात्मक व मैत्रीपूर्ण व्यवहार की सराहना होगी। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों से लाभ होगा। विदेशी भूमि में सफलता मिल सकती है।

**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त समय देना पड़ेगा। फिर भी अपनी क्षमता से अधिक काम न करें। घर के मामलों को बाहर वाले लोगों से शेयर न करें। कोई महत्वपूर्ण वस्तु गुम हो सकती है। अत्यधिक दयालुता में काम बिगड़ सकते हैं।

**कन्या** — आज प्रेम संबंधों के मामलों में परेशानी हो सकती है। संतान की उन्नति से आप हर्षित रहेंगे। विवाह योग्य संतान को विवाह प्रस्ताव मिलेंगे। नौकरी बदलने का विचार बना रहे हैं तो सफलता मिलेगी। आपकी कार्यशैली में सुधार हो सकता है।

**तुला** — आज साझेदारी से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता अवश्य रखें। किसी पर भी आंख-मूंदकर विश्वास न करें। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। विवादों से दूर रहना उचित होगा। आज आप परिजनों के साथ बहुत अच्छा समय बितायेंगे।

**वृश्चिक** — आज आपकी आय में वृद्धि होगी। छात्रों को पढ़ाई में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। छोटे व्यापारियों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन शानदार है। भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**धनु** — आज किसी प्रियजन को लेकर नकारात्मक खबर मिल सकती है। व्यर्थ के कार्यों में आपका समय व्यर्थ हो सकता है। आपको अपनी छवि की चिंता रहेगी। आज किसी को भी वादा न करें। स्वास्थ्य थोड़ा नरम हो सकता है।

**मकर** — महिलाओं के लिए आज का दिन काफी प्रगतिशील रहेगा। सभी कार्यों को सोच-समझकर करने से सफलता मिलेगी। विदेश यात्रा से लाभ होगा। व्यवसाय को लेकर कोई महत्वपूर्ण डील हो सकती है। वरिष्ठ लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**कुंभ** — आज अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। प्रेम संबंधों को लेकर सम्वेदनशील रहेंगे। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। गैस और अपच की शिकायत हो सकती है। मन में अनजाना भय व्याप्त हो सकता है। कानूनी मामलों में नुकसान होने की आशंका है।

**मीन** — आज किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। अटके हुए काम दोबारा शुरू हो सकते हैं। अपनी कार्यशैली से संतुष्ट रहेंगे। भावनात्मक रूप से कमजोरी महसूस कर सकते हैं। प्रेमी जोड़े विवाह को लेकर तैयारी कर सकते हैं।

# साहित्यः ज्ञानमार्गी दुख की औषधि



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

साहित्य समाज का दर्पण होता है। लेखक की शब्द देह होता है। समाज की महत्वाकांक्षा और स्वप्न साहित्य में ही प्रकट होते हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों के इतिहास में लेखन और विचार अभिव्यक्ति का सम्मान रहा है। छापे खाने और लिपि के अविष्कार के बाद विश्व साहित्य के इतिहास में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं।

दुनिया को सुखी बनाने के काम में अनेक महानुभाव सक्रिय रहे हैं और आज भी हैं। वे आदर के पात्र होते हैं। हम उनकी चर्चा करते हैं। उनकी यश और कीर्ति यत्र सर्वत्र फैलती है। कुछ महानायक जैसे होते हैं और कुछ महापुरुष जैसे। ऐसे व्यक्तित्व बहुत सरल नहीं होते। हम उन्हें आसानी से नहीं समझ सकते। हमारे पास उन्हें समझने और जानने के लिए लेख और भाषण की सामग्री ही होती है। खलील जिब्रान लेबनानी विद्रोही नेता थे। उन्होंने विशेष शैली में 12 पुस्तकें लिखीं। 'दि प्रॉफेट' नाम की उनकी किताब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हुई थी। शेक्सपियर का लेखन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय है। उनके लेखन का द्वंद्व तत्व विचारणीय है। महात्मा गांधी का व्यक्तित्व समझने की दृष्टि से बहुत जटिल है। वे राजनीति में सक्रिय रहते हैं। कोई पद नहीं लेते। लेकिन कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में भी सक्रिय भूमिका का निर्वाहन करते हैं। अपने आदर्शों के लिए सत्याग्रह करते हैं। गांधी को आसानी से नहीं समझा जा सकता। गांधी का लिखा और बोला साहित्य हमें उनके निकट ले जाता है।

डॉ. बी.आर.आंबेडकर का लिखा बोला साहित्य पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। हम उनके साहित्य को पढ़कर, उनके व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ जान जाते हैं। गांधी जी 'हरिजन' और 'यंग इण्डिया' में नियमित लिखते थे। डॉ. आंबेडकर का अपना अखबार 'मूकनायक' था। वे उसमें लिखते थे। लोडिया 'मैनकाइंड' में लिखते थे। उनकी लिखी 'भारत माता', 'धरती माता', 'इकोनॉमिक्स बियोंड माक्र्स' और 'इतिहास चक्र' जैसी पुस्तकें उनके व्यक्तित्व की खबर देती हैं। दीनदयाल उपाध्याय 'ऑर्गनाइजर' में पॉलिटिकल डायरी लिखते थे। असली बात है अभिव्यक्ति का स्रोत। ब्रह्माण्ड सतत् विस्तारवान है। वह स्वयं को भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट करता रहता है। प्रकृति की परिवर्तनशीलता ब्रह्म अभिव्यक्ति का परिणाम है। ज्ञान की विशेष अवस्था में ज्ञाता और ज्ञान एक हो जाते हैं। प्रकृति अनेक लेखकों की प्रेरणा का स्रोत है। किसी को नदियां पर्वत आनंदित प्रेरित करते हैं, तो किसी किसी को सूर्य चन्द्र आदि प्रकाशमान दिव्यता प्रभावित करती है। सूर्य के प्रभाव में वनस्पतियां प्रकाश संश्लेषण करती हैं। चन्द्रमा विराट ब्रह्माण्ड का 'मन' है

लेखन प्रायः स्वअंतस की उथल पुथल का परिणाम होता है। शंकराचार्य ऐसे ही अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के महान दार्थनिक थे। उनके व्यक्तित्व की थाह पाना बहुत कठिन है। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक एकता के लिए काम किया। विश्व चिंतन दर्शन में अनूठा हस्तक्षेप किया। सारी दुनिया में भारतीय धर्म दर्शन की पताका फहराई। वे लगातार चलते रहे। बोलते रहे और लगातार लिखते भी रहे। उनका लेखन प्रवचन आश्चर्यचकित करता है। मोटे तौर पर शंकराचार्य के लगभग 200 ग्रंथ बताए जाते हैं। विद्वानों का मत है कि परवर्ती शंकराचार्यों ने भी अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखे, लेकिन आदि शंकराचार्य के लेखन की अपनी तर्कपूर्ण शैली थी। उनकी लेखनी में चमत्कार था।

डॉक्टर जयराम मिश्र ने 'आदि शंकराचार्य जीवन और दर्शन' (पृष्ठ 216) में लिखा है, "आदि शंकराचार्य द्वारा लिखित ग्रंथों को हम चार भागों में बांट सकते हैं। पहला भाष्य ग्रंथ, दूसरा स्तोत्र ग्रंथ, तीसरा प्रकरण ग्रंथ और चैथा तंत्र ग्रंथ।" आचार्य के लिखे भाष्य ग्रंथों की दो श्रेणियां हैं। पहली प्रस्थानत्रयी का भाष्य और दूसरे अन्य ग्रंथों के भाष्य। प्रस्थानत्रयी में प्रस्थान का अर्थ मार्ग में गति है और त्रयी का अर्थ है तीन। प्रस्थान के तीन मार्ग बताए गए हैं। पहला ब्रह्मसूत्र, दूसरा स्मृति अर्थात भगवद्गीता, तीसरा उपनिषद। यही तीन मार्ग हैं। जयराम मिश्र ने बताया है कि, "शंकराचार्य ने प्रस्थानत्रयी के तीनों मार्गों पर टीकाएं लिखी हैं।" प्रस्थानत्रयी में ब्रह्मसूत्र भी आता है। शंकराचार्य के ब्रह्मसूत्र पर लिखे भाष्य को विद्वानों द्वारा सराहा गया है। आचार्य ने ब्रह्मसूत्र जैसी संक्षिप्त और जटिल रचना को बड़े सरल और तरल शैली में समझाया है। भाषा में प्रसाद है।

वाचस्पति मिश्र प्रतिष्ठित विद्वान ने शंकर के भाष्य की सराहना की है। इसी तरह श्रीमद्भगवद्गीता के भाष्य में आचार्य शंकर ने गीता की निवृत्तिमूलक और ज्ञानपरक व्याख्या की है। उन्होंने इस भाष्य में यह सिद्ध करने की चेष्टा की है कि ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति केवल 'तत्वज्ञान' से ही होती है, ज्ञान और कर्म के समुच्चय से नहीं। गीता पर अनेक भाष्य हैं, लेकिन इस भाष्य में उन्होंने कर्म के सिद्धान्तों का खण्डन किया है।

साहित्य समाज का दर्पण होता है। लेखक की शब्द देह होता है। समाज की महत्वाकांक्षा और स्वप्न साहित्य में ही प्रकट होते हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों के इतिहास में लेखन और विचार अभिव्यक्ति का सम्मान रहा है। छापे खाने और लिपि के अविष्कार के बाद विश्व साहित्य के इतिहास में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं। भारतीय संस्कृति अति प्राचीन है इसलिए साहित्य भी अतिप्राचीन है। यहां विपुल साहित्य का सृजन हुआ है। केवल ऋग्वेद में ही साढ़े दस हजार मंत्र हैं। महाभारत के कई संस्करण हैं। इसमें 90 हजार श्लोक बताए जाते हैं। वाल्मीकि की लिखी रामायण में लगभग 25 हजार श्लोक हैं। फिर ब्राह्मण आरण्यक भी वृहदाकार है। यहां बृहदारण्यक उपनिषद भी है। ऐसा समृद्ध साहित्य दुनिया की किसी भी संस्कृति में नहीं है।

जीवन जगत रहस्यपूर्ण है। विराट अस्तित्व का बोध जटिल है। अनेक प्रश्न और जिज्ञासाएं हैं। भारतीय चिंतन में प्रायः सभी प्रश्नों पर विचार हुआ है। प्रश्न बेचैनी बढ़ती रहती है, तो हम उत्तर पाने के लिए सक्रिय हो जाते हैं। मैं जिज्ञासु हूं। अच्छी बात है, लेकिन क्यों हूं जिज्ञासु? यह प्रश्न स्वयं के विवेचन या आत्मचिंतन से ही जुड़ा है। जान पड़ता है कि जिज्ञासा और प्रश्नाकुलता लेकर ही हम जन्मे हैं। महापुरुषों के लेखन में अनेक जिज्ञासाओं के समाधान हैं। सतत् अध्ययन का विकल्प नहीं है। अमेरिकी भाषा विज्ञानी नोम चोम्सकी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा वाले विद्वान ने अनेक ग्रंथ लिखे हैं। इनमें अमेरिकी समाज के मूल्यों में गिरावट का वर्णन है। पुस्तकों से चोम्सकी की मानसिक बौद्धिक उथल पुथल का सहज अनुमान संभव है।

कुछ आधारभूत प्रश्न हैं। सबके चित्त में उगते हैं। जैसे विराट अस्तित्व किसकी रचना है? क्या स्वयंभू है? सदा से है? क्या इसका कोई सर्जक है? ऋग्वेद के एक ऋषि की जिज्ञासा है कि हम ऐसे किस देव की उपासना करें- कस्मे देवाय हविषा विधेम? ईश्वर इसी जिज्ञासा का विषय है। भौतिकवादी मित्र कहेंगे कि यह प्रत्यक्ष जगत से परे मेटाफिजिकल अधिभौतिक चर्चा है। आइए भौतिकवादी प्रश्नावली पर विचार करते हैं। ऋग्वेद में सूर्य से प्रश्न है कि आप बिना किसी आधार के कैसे लटके हैं? महाभारत में युधिष्ठिर से प्रश्न है कि जीवन मार्ग क्या है? कःपंथा? उत्तर कुछ बड़ा है, "वेद वचन ढेर सारे। तर्क से बात नहीं बनती। ऋषि अनेक हैं। धर्म तत्व गूढ़ है। इसलिए महापुरुषों का मार्ग ही श्रेयस्कर है-महाजनो येन गता स पंथः।" शंकराचार्य ने सीधे प्रश्न का सीधा उत्तर दिया, "ब्रह्म सत्य है। ज्ञान ही एकमेव मार्ग है।" उन्होंने अपनी वैचारिक स्थापना के लिए तमाम पुस्तकें लिखी थीं। साहित्य ज्ञान मार्ग के दुख से छुटकारे का रसायन है।"

# जीवन के लिए अमृत है शिक्षा

मानव जीवन की आधारभूता, परम प्रकाश पुञ्जात्मिका, सकल लोक कल्याण कारिका, जीवन के सर्वांगीण विकास में प्रमुख सहायिका, अज्ञान-सन्देह-धर्माडम्बर-कुरीति निवारिका, रचनात्मक-क्रियात्मक-कौशलात्मक अभिवृत्तियों की उत्पादिका, सत्-असत् की परिचायिका, ज्ञान-अज्ञान की विभेदिका, यश-सम्मान-सत्य-स्वाभिमान की वर्धिका, छल-कपट-दंभ-द्वेष-असूया-ईर्ष्या-निद्रा-तन्द्रा-भय-क्रोध-आलस्य-दीर्घसूत्रता आदि दुर्गुणों की नाशिका, मानवीय गुण-आचारों की संरक्षिका, ज्ञान-विज्ञान की पोषिका शिक्षा (विद्या) मानव के समग्र कल्याण एवं सर्वविध प्रसन्नता की मूल स्त्रोत है।



डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

संस्कृत वाङ्मय उपनिषद् आदि में विद्ययाऽमृतमश्नुते, विद्यया विन्दतेऽमृतम्, सा विद्या या विमुक्तये, विद्याधनं सर्वधनं प्रधानम् आदि परम प्रमाणिक ध्येय वाक्यों से शिक्षा का महत्व परिलक्षित होता है। गांधीवादी विचारक, भारत रत्न से पुरस्कृत लब्ध प्रतिष्ठित दक्षिण अफ्रीका के प्रथम अश्वेत पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मण्डेला के अनुसार शिक्षा वह महान शक्तिशाली हथियार है जिसके माध्यम से पूरे विश्व को परिवर्तित किया जा सकता है। मानवीय जीवन में नैतिकता, तार्किकता, कारूण्यता, संवेदनशीलता को विकसित करने में शिक्षा ही परम सहायिका होती है।

शिक्षा के समग्र गुणों को आत्मसात करने वाला मानव महामानव के रूप में परिवर्तित होकर सतत जनहित, राष्ट्रहित एवं प्राणीहित में लीन रहता है वह कभी स्वार्थ के लिए भ्रष्टाचारण नहीं करता है क्योंकि वह शिक्षा के प्रभाव से ही मानवीय मूल्यों को आत्मसात करते हुए उन विशिष्ट गुणों को अपने जीवन में आचरित करने का प्रयास करते रहता है उसके अन्तः करण में विद्यमान दुर्गुणों का धीरे-धीरे नाश होने लगता है। यहां शिक्षा के व्यापक अर्थ की अवधारणा पर स्नातक, परास्नातक तथा उच्च भौतिक उपाधियों के विषय में चर्चा करना वर्तमान कालीन शिक्षा पद्धति एक चर्चा का विषय है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात शिक्षा के व्यापक अर्थ के स्थान पर शिक्षा को आजीविका प्राप्ति निमित्त अधिक स्वीकार किया गया और शिक्षा की पूर्व गुरुकुलकालीन पद्धति आधुनिक शिक्षा पद्धति के सामने निस्तेज होते चली गई जिस कारण उच्च उपाधियां अर्जित करने के पश्चात भी तमाम दुर्गुणों, दुर्व्यसनों, दुराग्रहों की प्रवृत्ति मानव पर वर्तमान में देखी एवं अनुभव की जा सकती है चाहे सामाजिक रूप से हो, राजनैतिक रूप से हो, आर्थिक रूप से हो या जातीय रूप से हो। महान वैज्ञानिक के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में विलिखित नई शिक्षा नीति 2020 के द्वारा शिक्षा के वास्तविक उद्देश्यों/ लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयास किए गए हैं यह भविष्य में देखना होगा कि कहां एवं कब तक उद्देश्यों/लक्ष्य प्राप्ति संभव होती है। शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य केवल गणित, विज्ञान, पाणिनि व्याकरण के सूत्रों को रटकर आजीविका प्राप्ति करना नहीं है अपितु शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य तो माननीय मूल्यों का निर्माण करना है, मानव के अन्दर व्याप्त सभी दुर्गुणों को समूल खत्म करना है, साजिशों/ षड्यंत्रों से मुक्त करना है, अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार, असत्य से दूर करना है, सुख एवं दुःख में समत्व की स्थिति में लाना है, दया, करुणा, सहानुभूति आदि गुणों से विभूषित करना है, सात्विक भोजन ग्रहण करके चित्तशुद्धि करना है, सत्य एवं स्वाभिमान के साथ जीवन जीने के लिए तैयार करना है। शिक्षा के मूल-व्यापक-विशिष्ट गुणों को आज विद्यालयीय, महाविद्यालयीय, विश्वविद्यालयीय शिक्षा पद्धति में प्रमुख रूप से स्थान मिलना चाहिए ताकि इसी सर्वव्यापी शिक्षा पद्धति के माध्यम से एक गुणवान भावी पीढ़ी का निर्माण करके राष्ट्र निर्माण में विशेष योगदान दिया जा सकता है समृद्ध एवं समर्थ भारत की कल्पना को सार्थक किया जा सकता है।

# क्या बिहार में नीतीश को हरा पाएगी कांग्रेस



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

बिहार के एक सप्ताह के प्रवास के दौरान जो खास देखने को मिला वह यह कि वहां राहुल गांधी की स्वीकार्यता बढ़ी है। अब यह वोट में कितना तब्दील हो पाता है, इसपर अभी कुछ कह पाना जल्द बाजी होगी।

बिहार विधानसभा के आसन्न चुनाव में एनडीए की सरकार छीनने को कांग्रेस की जी तोड़ कोशिशों के बीच कुछ सवाल है जो काबिले गौर है। हालांकि नवंबर के अंत तक संभावित इस चुनाव के ठीक पहले कामरेड से कांग्रेसी हुए कन्हैया कुमार ने "रोजगार दो या सत्ता छोड़ो" के नारे के साथ बिहार के कोने-कोने तक पदयात्रा कर लोगों को कांग्रेस से जोड़ने की कोशिश की है। खुद राहुल गांधी बिहार में ताबड़तोड़ जनसभाएं कर रहे हैं। आंबेडकर छात्रावास में छात्रों के बीच उनकी मौजूदगी की चर्चा खूब है। हाल ही 12 जून को बिहार के 25 जिलों में उसी बैनर "नौकरी दो या सत्ता छोड़ो" तले जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें देश भर के कांग्रेस के नामचीन नेताओं को बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होने का निर्देश था। इस दिन कांग्रेस के कार्यक्रम की मानीटरिंग के लिए बिहार के नए और युवा प्रभारी कृष्णा अलावरू पूरे दिन पटना में मौजूद थे। इस रोज दिन भर चले भाषणबाजी के बाद रोजगार कार्यालयों पर ताला बंदी का भी कार्यक्रम था। कांग्रेस का यह कार्यक्रम बिना किसी रोक-टोक के नीतीश सरकार ने संपन्न होने दिया। नीतीश कुमार के मानसिक संतुलन को लेकर हो रही चर्चाओं के बीच उनका यह निर्णय उनके मानसिक संतुलन के दुरुस्त होने का सबूत भी है।

बिहार के एक सप्ताह के प्रवास के दौरान जो खास देखने को मिला वह यह कि वहां राहुल गांधी की स्वीकार्यता बढ़ी है। अब यह वोट में कितना तब्दील हो पाता है, इसपर अभी कुछ कह पाना जल्द बाजी होगी। कन्हैया कुमार की मेहनत का भी असर देखने को मिला है। बिहार की मीडिया कांग्रेस और आरजेडी में दुराव लाने की कोशिश में भी लगी है। खबरें और उसकी हेडिंगो के जरिए वह लगातार यह बताना चाह रही है कि आरजेडी और कांग्रेस के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। बिहार का मीडिया लिखता है कि कांग्रेस की सक्रियता से आरजेडी के कोर वोटरों में बिखराव तो कभी यह कि आरजेडी के मुकाबले दलित वोटों का झुकाव कांग्रेस की ओर। आदि आदि! लेकिन आम जनमानस में मीडिया की ऐसी खबरों का असर नहीं, उपहास होता हुआ जरूर दिखा। बिहार के पिछले विधानसभा में कांग्रेस के करीब 40 विधायक थे। अभी 19 हैं। जबकि 70 सीटों पर उसके उम्मीदवार चुनाव लड़े थे। कांग्रेस अपनी सीटें कम होने के कई कारण गिनाती है। अभी जो कुछ माह बाद विधानसभा के चुनाव होने हैं, कांग्रेस उसमें अपना स्ट्राइक रेट जरूर बेहतर करना चाहेगी। यहां यह बता देना जरूरी है कि बिहार में इंडिया गठबंधन पूरी तरह एक जुट है। कांग्रेस के कार्यक्रम में बेशक आरजेडी साथ नहीं है लेकिन दोनों का साथ एकदम मजबूती से है। इस बार टिकटों के बंटवारे में कांग्रेस की ओर से खास यह होगा कि वह गिनती के लिए सीटें नहीं चाहेगी। उसका दावा सिर्फ उसी सीट पर होगा जिस पर वह जीती है और जिस पर वह जीत सकती है। जैसे कांग्रेस का कहना है कि पिछले चुनाव में उसे जो 70 सीटें मिली थी उसमें 40 सीटें ऐसी थी जिस पर कई सालों से विपक्ष जीता ही नहीं। पिछले चुनाव में ओवैसी की पार्टी ने भी कांग्रेस का नुक़सान किया था। इस बार ओवैसी की पार्टी के भी बिहार में गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने की चर्चा है। सीपीआई पहले से ही गठबंधन का हिस्सा है। कुल मिलाकर बिहार विधानसभा चुनाव में तस्वीर कुछ यूं बन रही है कि आरजेडी ही लीडिंग रोल में होगी। कांग्रेस पहले की तरह नंबर दो पर ही रहकर नीतीश सरकार को बेदखल करने की कोशिश करेगी। संभावना है कि कुल 243 सीटों में से आरजेडी करीब150 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस 55-60 सीटों पर लड़ेगी और बाकी पर गठबंधन की शेष पार्टियां जोर आजमाएंगी। बताने की जरूरत नहीं कि बिहार की राजनीति सौ प्रतिशत जातीय अंकगणित पर आधारित है। यहां दलित और पिछड़े वर्ग के वोटरों की संख्या इतनी है कि वह जिसके पक्ष में चाहे चुनाव का रुख मोड़ सकती हैं। इन जातियों का वोटर भले ही भाजपा के साथ न हो लेकिन नीतीश कुमार के साथ हैं। यह बड़ी वजह है कि बिहार की ऊंची जातियां कांग्रेस अथवा उसके गठबंधन के साथ आती जाती रहती हैं। माना जा रहा है कि इसी समीकरण के मद्देनजर कांग्रेस ने यहां मोहन प्रकाश को प्रभारी तो अखिलेश प्रसाद सिंह को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए रखा था। मौजूदा समय में ये दोनों अपने पदों पर नहीं हैं। निश्चित ही अपने अपने पदों से हटे इन दोनों नेताओं से भितरघात की संभावना तनिक भी नहीं है कांग्रेस के तमाम नेताओं, कुछ विधायकों से बात चीत से ऐसा लगा कि उन्हें प्रदेश अध्यक्ष रहे अखिलेश प्रसाद सिंह को हटाए जाने का दुख है। अखिलेश प्रसाद सिंह भूमिहार हैं और उनका भूमिहार वोटरों पर खासा प्रभाव है। कांग्रेस ने उन्हें हटाकर राजेश कुमार नामक एक दलित विधायक को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया है ताकि दलित वोटरों का झुकाव कांग्रेस की ओर हो। बिहार कांग्रेस नेताओं और विधायकों की चिंता यह है कि नए दलित प्रदेश अध्यक्ष दलितों का वोट कांग्रेस को शायद न दिला पाएं, भूमिहार वोटरों का कांग्रेस से खिसक जाने का खतरा जरूर है।

कांग्रेस की एक महिला विधायक जिसका की नाम देना यहां जरूरी नहीं है "उन्होंने बहुत साफ शब्दों में कहा कि इस बार सबकुछ ठीकठाक चल रहा था, राहुल गांधी का लगातार दौरा हो रहा था, कन्हैया कुमार पदयात्रा कर लोगों में कांग्रेस का अलख जगा रहे थे, निश्चित ही इस मेहनत का फायदा कांग्रेस को मिलता लेकिन बिना किसी कारण के प्रदेश अध्यक्ष के बदल देने का संदेश ठीक नहीं गया। कांग्रेस कह तो रही है कि हमारी सरकार बनने के बाद हम इससे अच्छी सुविधाएं देंगे लेकिन जनता है कि वह सुनती ही नहीं। सीधे कहती है कि अभी तो ये सब मिल ही रहा है, कांग्रेस जब आएगी तब देखा जाएगा। एक कांग्रेस विधायक ने तो यहां तक कहा कि कांग्रेस को इंडिया गठबंधन में नीतीश कुमार को शामिल करने का प्रयास करते रहना चाहिए।

# कैसे हो परमात्मा से जुड़ाव



गौरव वाजपेयी 'स्वप्निल'
कर अधिकारी, बलरामपुर

मानव जीवन क्षणभंगुर है। कब क्या हो जाये, पता नहीं? इसलिये अपना दैनिक जीवन जीते हुए भी हम सबको उस ईश्वरीय शक्ति से सदैव जुड़े रहना चाहिये। चलते-फिरते भी हम उस परमसत्ता का स्मरण करते रहें और अपने हर कार्य के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर उसके प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करें। प्रयास करें कि यह हमारी दैनिक आदत में शामिल हो क्योंकि परमात्मा से जुड़ाव के लिए भी अभ्यास आवश्यक है। हमें कभी नहीं सोचना चाहिए कि ईश्वर की भक्ति जीवन के अन्तिम समय की चीज है। मानव जीवन बड़ा अनिश्चित है, अतः कौन सा समय अन्तिम समय हो जाए, कहा नहीं जा सकता। ईश्वर के प्रति समर्पण हमारे आत्मविश्वास को प्रबल करता है। उसकी निरन्तर स्मृति हमारी लौकिक क्षमताओं में वृद्धि करती है और हम पाते हैं कि हमारे सभी लौकिक कार्य अच्छे से सम्पादित हो रहे हैं। यह इसलिए होता है क्योंकि ईश्वर से जुड़े रहने से हमारा मन शांत रहता है और शांत रहने से हमारी एकाग्रता और कार्यक्षमता बढ़ती जाती है, जिससे हम अपना हर काम ध्यानपूर्वक और बिना विचलित हुए कर पाते हैं। ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण ही उसकी प्राप्ति का सहज मार्ग है। श्रीमद्भगवद्गीता के नवें अध्याय के चौंतीसवें श्लोक में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश करते हुए कहते हैं- "मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु।/मामेवैष्यसि युक्त्वैवमात्मानं मत्परायणः।।" अर्थात मुझमें मनवाला हो, मेरा भक्त बन, मुझमें पूजन करने वाला हो, मुझको प्रणाम कर। इस प्रकार आत्मा को मुझमें नियुक्त करके मेरे परायण होकर तू मुझको ही प्राप्त होगा।

अब प्रश्न उठता है कि भगवान में मन कैसे लगाया जाए? बाबा तुलसीदास जी ने कहा है- "जन्म जन्म मुनि जतनु कराहीं। अंत राम कहि आवत नाहीं।।" संसार में उन्मुख जीव की भगवान में रुचि होना सहज नहीं है। इसके लिए भी अभ्यासपूर्वक उपाय करना होगा। संतों की संगति, भगवान की कथा, लीला एवं गुणों को सुनना, वेद, उपनिषद, पुराण, गीता, रामायण आदि ग्रंथों का अध्ययन-अनुशीलन, प्रभु का नामस्मरण, भजन-कीर्तन, प्रभु के रूप का चिन्तन तथा उनमें अखण्ड विश्वास, भगवद्भक्तों की सेवा, सभी में ईश्वर का दर्शन, संतोष, निश्चलता एवं सरलता आदि उपायों के द्वारा अपने मन को निरन्तर प्रभु से जोड़े रखने का अभ्यास किया जा सकता है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण के वचनों के अनुसार इस तरह के उपायों द्वारा अपनी आत्मा को प्रभु से जोड़कर हम परमात्मा का ही स्वरूप (आत्मस्वरूप) हो जायेंगे अर्थात परमात्मा में सब प्रकार समर्पण द्वारा ही अपने सत्य स्वरूप (परमात्म स्वरूप के साथ एकात्मता) को प्राप्त कर सकेंगे।

# सींखचों में चूजे





डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

महानगरों में रहने वाले हर सुधी जन ने कभी न कभी यह दृश्य किसी न किसी रूप में अवश्य देखा होगा जब बेजुबान चूजों का एक विशाल दल बेबसी अवस्था में लोहे के जालीदार सीखचों के पीछे पिजरे में बंद अपने नियति से अनजान किसी अघोषित स्थान पर अंतिम बलिदान के लिए ले जाया जा रहा होगा। इन नितांत असहाय प्राणियों की दशा पर किसी को भी तरस आना स्वाभाविक होगा पर शहर की निर्मम व्यस्तता में सब कुछ खो जाता है। सहज मानवता इस भागमभाग जिंदगी की सबसे पहले बलि चढ़ती है। दिल्ली और अन्य शहरों में यह वीभत्स क्षण अक्सर देखने को मिल जाते है। प्रातःकाल चिकित्सालय जाते समय सड़क पर मिनीबस नुमा गाड़ी में सात मंजिले कठघरे में सैकड़ों चूजे अपने अपने प्रकोष्ठों में अपने स्वजातियों के मूत्र, विष्ठा और लार में नहाने को विवश भयभीत सिकुड़ कर बैठे हुए निर्द्वन्द भागती गाड़ी के अंदर बैठे हुए थे। गाड़ी के ऊपर बने इस दरबेनुमा कठघरे में छोटी-छोटी कई कोठरियां थी जिनके अंदर छह से सात चूजे ठूंस ठूंस कर भर दिए गए थे।

सब अज्ञात अनंत पथ की पर बढ़ रहे थे। सबके अंदर भयानक खलबली थी। कठघरे से निकालते समय भी ये बुरी तरह से डरे हुए होंगें। आखिर बकरे की मां कब तक खैर मनायेगी? थोड़ी देर में ये सब कसाइयों को सौप दिये जाने वाले हैं और फिर कसाई की छूरी एक एक के गर्दन पर उन्हें हलाल या निर्दयता पूर्वक कलम करके ही दम लेगी। क्रूर कसाई के हाथों में फड़फड़ाते वक्त भी उनके प्राण एक क्षण के लिए पुतलियों में जाकर अटक जायेंगे। पुतलियां विस्फरित होकर कसाई के अगले घातक वार के समय यमराज के यहां प्रस्थान की तैयारी करेंगी। उसके बाद दुकान पर चूजों के गोश्त के लोथड़े छितरे-बितरे पड़े होंगे। इन मांस-खून से लिपटे टुकड़ों में एडरलीन-नारएडरलीन जैसे विषैले रसायन भरपूर मात्रा में उपस्थित होंगे क्योंकि काटे जाने के पूर्व ये चूजे थर-थर कांप रहें होंगे। भयातुर होंगे। आखिर उन्हें कसाई के छूरे-गड़ासे का सामना करना था। उस दशा में उनकी अंतःस्रावी ग्रंथियों से एडरलीन-नारएडरलीन नामक रसायनों का निकलना स्वाभाविक सुरक्षात्मक प्रक्रिया का क्रम था। इन रसायनों के अतिरिक्त वातावरण की प्रदूषित वस्तुएं भी अदृश्य रूप से इन मांस पिंडों में प्रभूत रूप से मौजूद होंगी।

मैं सोच रहा था इन चूजों का मांस-मज्जा खाने वाले लोग मुर्ग-मुसल्लम या चिकेन व्यंजन का उपभोग करने वाले लोग कैसे खुश रहते होंगे? उनकी जिह्वा को तात्कालिक स्वाद भले मिलता हो पर इन मांसाहारियों को कम उम्र में ही बढ़े कोलेस्ट्रॉल, शुगर और उच्चरक्तचाप (अधिक बीपी) की समस्या से दो दो हाथ तो करना ही पड़ेगा। पशु-पक्षियों के प्रति निर्दयता और क्रूरता की पराकाष्ठा के विरुद्ध गला फाड़ फाड़ कर शोर मचाने वाले उन गैर सरकारी संघटनों को क्या कहा जाए जो गांधी जी के तीन बंदरों की भांति ऐसे दृश्यों को देख कर सुना-अनसुना कर देते हैं? सींखचों के पीछे जकड़े ये मूक-निस्सहाय चूजे अपने प्राणों की भीख तो मांग ही रहे हैं साथ साथ मानवता की दुहाई भी दे रहे हैं कि हे मानव तुम हमें बचा कर अपना भी अतिशय कल्याण करोगे। हमें अपना आहार मत बनाओ। हमारा खून क्यों बहाते हो? क्या उनकी पुकार कोई सुन रहा है?

# समय की जरूरत है राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक चेतना की समझ



डॉ. आनंद के. सिंह
प्रोफ़ेसर, हिन्दू कालेज, मुरादाबाद

राष्ट्रीय सुरक्षा का आशय अब पारंपरिक युद्ध या सैन्य प्रतिरोध तक ही सीमित नहीं है। साइबर हमले, सूचना युद्ध, आंतरिक उग्रवाद, आर्थिक निर्भरता, जल संकट और महामारी जैसी नई चुनौतियां सुरक्षा को बहुआयामी बना चुके हैं। इनसे निपटने के लिए सेना या सरकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। परन्तु, क्या हमारे युवा, छात्र, सामान्य जन इन विषयों को समझते हैं? क्या वे अपने राष्ट्र के हितों को केवल मतदान या सोशल मीडिया पोस्ट से ही जोड़ते हैं?

भारत की सीमाओं पर बढ़ती अस्थिरता, वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, और आंतरिक सुरक्षा के बहुआयामी संकट हमें इस मूलभूत प्रश्न की ओर ले जाते हैं कि ...क्या भारत के नागरिक राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक संस्कृति के प्रति पर्याप्त रूप से सजग हैं? उत्तर स्पष्ट है-अभी नहीं। जबकि सैन्य, कूटनीति और तकनीक के क्षेत्र में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है, आम नागरिकों की सामूहिक चेतना में अभी तक सुरक्षा और रणनीतिक सोच गहराई से नहीं उतर पाई है। दरअसल यह मात्र एक शैक्षणिक अथवा नीतिगत मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अस्तित्व और गौरव का प्रश्न बन चुका है।

राष्ट्रीय सुरक्षा का आशय अब पारंपरिक युद्ध या सैन्य प्रतिरोध तक ही सीमित नहीं है। साइबर हमले, सूचना युद्ध, आंतरिक उग्रवाद, आर्थिक निर्भरता, जल संकट और महामारी जैसी नई चुनौतियां सुरक्षा को बहुआयामी बना चुके हैं। इनसे निपटने के लिए सेना या सरकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। परन्तु, क्या हमारे युवा, छात्र, सामान्य जन इन विषयों को समझते हैं? क्या वे अपने राष्ट्र के हितों को केवल मतदान या सोशल मीडिया पोस्ट से ही जोड़ते हैं?

रणनीतिक संस्कृति का अर्थ है राष्ट्र की सुरक्षा, विदेश नीति और निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली सोच और दृष्टिकोण की परिपक्वता। चीन और अमेरिका जैसे देश दशकों से इसे अपने नागरिकों में शिक्षित कर रहे हैं। भारत में यह संस्कृति या तो विशिष्ट संस्थानों में सीमित है या फिर राजनीतिक विमर्श के कोलाहल में दब जाती है। यह एक चिंताजनक स्थिति है क्योंकि कोई भी नीति या सैन्य रणनीति तभी कारगर हो सकती है जब उसे जनसमर्थन और जनचेतना का आधार प्राप्त हो।

हमारे विश्वविद्यालयों में अधिकांश छात्र यह नहीं जानते कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति क्या है? उसके लक्ष्य क्या हैं? और भारत की सीमाएं किन चुनौतियों से जूझ रही हैं? रक्षा अध्ययन जैसे विषय कुछ चुनिंदा संस्थानों तक सीमित हैं और सामाजिक विज्ञान की मुख्यधारा से अभी भी दूर हैं। यह विडंबना ही है कि जिस देश ने कारगिल, पठानकोट, पुलवामा जैसे हमलों का सामना किया हो, वहां के नागरिकों को सुरक्षा संस्कृति के विषय में जानकारी नहीं है।

मीडिया में भी सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की कवरेज अक्सर सतही या सनसनीखेज होती है। गहराई में जाकर विषयों की पड़ताल और नागरिकों को शिक्षित करने का जो उत्तरदायित्व मीडिया निभा सकता था, वह अभी बहुत सीमित है। इसी तरह, हमारी पाठ्यपुस्तकों में राष्ट्रीय सुरक्षा और स्त्रातजीय मामलों को या तो अनुपस्थित रखा गया है अथवा इसे अप्रासंगिक दृष्टिकोण से देखा गया है।

मैं मानता हूं कि-भारत को शीघ्र ही एक औपचारिक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति नागरिको के लिए सार्वजनिक करनी चाहिए, जिसमें सैन्य, आंतरिक, साइबर, जैविक और आर्थिक सुरक्षा जैसे सभी महत्वपूर्ण विषयवस्तु शामिल हों। विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा, रणनीति और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों से संबंधित पाठ्यक्रमों को अनिवार्य बनाया जाए। जिस प्रकार देश में स्वच्छता और मतदान के लिए अभियान चलाए गए, वैसे ही राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक चेतना के लिए भी सघन अभियान चलाने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालयों में "रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन (डिफेंस एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज)" विषय को और अधिक संस्थानों में शुरू किया जाए और इसे मुख्यधारा में लाया जाए। 'मीडिया हाउसों को भी चाहिए कि वे सुरक्षा संबंधी विषयों पर विशेषज्ञ आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत करें और नागरिकों को भावनात्मक नहीं बल्कि संवेदनशील तथा तर्कपूर्ण ढंग से शिक्षित करें।

राष्ट्र मात्र सीमाओं से नहीं, बल्कि नागरिकों की सामूहिक चेतना से सुरक्षित रहता है। जब प्रत्येक नागरिक अपने देश के कर्तव्यों, चुनौतियों और रणनीतिक विकल्पों के प्रति सजग होता है, तभी वह राष्ट्र वास्तविक रूप से शक्तिशाली बन सकता है। भारत जैसे उभरते शक्ति केंद्र के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने नागरिकों में न केवल राष्ट्रप्रेम, बल्कि सुरक्षा और रणनीतिक चेतना को भी विकसित करे। यही समय की मांग है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### छह शिकायतों में एक का भी नहीं हो सका निस्तारण

**बिवांर।** थाने में नायब तहसीलदार महेंद्र कुमार गुप्ता व थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार की मौजूदगी में जमीन विवाद के 6 प्रार्थना पत्र आए। किसी का निस्तारण नहीं हो पाया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि राजस्व व पुलिस की टीम को भेजकर निस्तारित किया जाएगा। वहीं 14 सूत्रीय मांगों को लेकर समाधान दिवस में लेखपालों ने बांह में काली पट्टी बांधकर कर विरोध जताया।

### मारपीट करने वाले युवकों का शांतिभंग में चालान

**बिवांर।** क्षेत्र के करगांव गांव निवासी रामकली पत्नी रामस्वरूप के साथ पड़ोस के दो युवक उदयभान पुत्र बद्री पाल व रामकरण पुत्र राम भरोसे ने पुरानी बात को लेकर अभद्रता कर मारपीट की । पीड़िता की तहरीर पर एसआई विजय बहादुर ने महिला के साथ झगड़ा फसाद व मारपीट करने वाले दोनों युवको को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया है।

### कूड़ा डालने गई महिला को पीटा, तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के मंकराव की सुमित्रा पत्नी सुक्खा कुशवाहा ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि शनिवार सुबह वह अपने घर का कूड़ा डालने जा रही थी, तभी गांव के पूटन, कृष्णकांत और चंदो ने उसे बेरहमी से पीटा। कृष्ण कांत ने तमंचा की बट मार दी। बाकी लोगों ने डंडे से पीटा, जिससे उसके शरीर और सिर में गंभीर चोंटे आईं हैं। तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, चली गई जान

**राठ।** कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी नरेंद्र कुशवाहा ने मानसिक तनाव के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत खराब होने पर परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां से उसे झांसी रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। युवक ने जहरीला पदार्थ खाने से पहले सोशल मीडिया के स्टेटस पर कहां तुम चले गए जैसा गम गीत डाला था।

### जहरीला पदार्थ खाने से बिगड़ी हालत

**कुरारा।** थानाक्षेत्र के जमरेही ऊपर गांव में 35 वर्षीय युवती ने परिजनों से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जमरेही ऊपर निवासी गुड़िया (35) पत्नी रामबाबू ने शनिवार दोपहर एक बजे जहरीला पदार्थ खा लिया।

### बाइक के लिए महिला को पीटकर घर से निकाला

**बिवांर।** छानी खुर्द गांव की रोशनी देवी पुत्री मूलचंद प्रजापति ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मुस्करा क्षेत्र के जखेडी गांव के मनीष के साथ वर्ष 2020 में उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद से बाइक की मांग को लेकर पति मनीष, सास संपत प्रताड़ित कर रहे हैं। पति सास ने मारपीट कर घर से निकाल दिया है। वह दो बच्चों को लेकर एक साल से मायके में रह रही है। 6 जून को पति आया और उसके साथ मारपीट कर धमकी देकर चला गया। एसआई राजेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### तेज आंधी से टूटा नीम का पेड़ ट्रैक्टर पर गिरा

**कुरारा।** क्षेत्र में तेज आंधी के साथ बारिश होने से लोगों को चल रही भीषण लू से राहत मिली। वहीं बेरी गांव में आंधी के बीच नीम का पेड़ टूटकर ट्रैक्टर के ऊपर जा गिरा। क्षेत्र में शनिवार को दोपहर बाद करीब तीन बजे रिमझिम बारिश से मौसम सुहाना हो गया। इससे चल रही भीषण लू और गर्मी से राहत मिली। वहीं बेरी गांव में खड़े ट्रैक्टर के ऊपर नीम का पेड़ टूटकर गिर गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। बेरी गांव के सुनील कुमार ने बताया कि बिगड़े मौसम के चलते शाम तीन बजे तेज आंधी के साथ हल्की बारिश हुई है।

### समाधान दिवस में आईं 13 शिकायतें, समाधान शून्य

**मौदहा।** महीने के दूसरे शनिवार के अवसर पर कस्बे की कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल तेरह शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें से एक का भी निस्तारण नहीं हो सका। कस्बे की कोतवाली में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता संयुक्त रूप से क्षेत्राधिकारी विनीता पहल और तहसीलदार शिखर मिश्रा ने की। इस दौरान कुल 13 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें से अधिकांश शिकायतें जमीनी विवाद से जुड़ी रही। मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। जिस पर सभी शिकायतों को समय रहते गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

---

डेढ़ महीने में यमुना पुल की छह कोठियों की बदली जाएंगी बेयरिंग, मरम्मत में तीन इंजीनियर और 15 एक्सपर्ट की टीम लगाई गई

# यमुना पुल की मरम्मत शुरू, रफ्तार पर ब्रेक

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** यमुना नदी के जर्जर पुल की शनिवार सुबह से बेयरिंग बदलने का काम शुरू हो गया, जो लगातार 48 घंटे तक चलेगा। मरम्मत की वजह से नेशनल हाईवे को दोनों तरफ ब्लाक कर पुल से आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया है। न सिर्फ वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है, बल्कि पैदल निकलने पर भी रोक लगा दी गई है। हल्के और भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों में डायवर्ट किया गया है। मरम्मत कार्य में तीन इंजीनियर और 15 एक्सपर्ट लगाए गए हैं। सोमवार से पुल पर आवागमन शुरू हो सकेगा।



पुल की मरम्मत के लिए दोनों छोर पर बैरीकेडिंग कर ट्रैफिक रोका गया। अमृत विचार



मरम्मत शुरू होने से पहले पुल पर निकलते इक्का-दुक्का लोग। अमृत विचार

**48** घंटे तक यमुना पुल पर पूरी तरह बंद रहेगा आवागमन

- नेशनल हाईवे दोनों पर बंद वैकल्पिक मार्गों का सहारा

पुल की मरम्मत के लिए 48 घंटे काम चलेगा। इस दौरान तकनीकी टीम की ओर से एक कोठी की बेयरिंग बदली जाएगी। 48 घंटे के बाद पुल खोल दिया जाएगा और सामान्य रूप से ट्रैफिक निकल सकेगा। इस तरह कुल छह कोठियों की बेयरिंग बदलने में छह सप्ताह का समय लगेगा। हर हफ्ते दो दिन पुल का आवागमन रोककर काम किया जाएगा।
–एमपी वर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर पीएनसी

बीते वर्ष अगस्त महीने में सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीआरआरआई) की टीम ने यमुना पुल की जांच की थी। जांच रिपोर्ट मई माह पेश की गई, जिसमें यमुना पुल की हालत को चिंताजनक बताते हुए तत्काल रिपेयरिंग की सिफारिश की गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक पुल की कोठियों की बेयरिंग खराब हो गई हैं। इसी वजह से वाहनों के आवागमन के दौरान सामान्य से अधिक कंपन है और स्लैब के नीचे दरारें आ गई हैं। यह रिपोर्ट पेश होने के बाद एनएचएआई और हाईवे का रखरखाव करने वाली कार्यदायी संस्था पीएनसी की बैठक हुई और पुल मरम्मत की रूपरेखा बनाई गई।

पुल की मरम्मत का ठेका गुजरात के बडोदरा की शिवम कंक्रीट टेक्नोलॉजी कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को दिया गया है। शनिवार को मरम्मत कार्य शुरू हो गया। मरम्मत को लेकर सुबह से ही यमुना नदी पुल के दोनों किनारों पर हलचल बढ़ गई।

ट्रैफिक पुलिस ने दोनों तरफ बैरियर लगाकर सभी तरह के वाहनों की निकासी बंद कर दी। काम शुरू होने तक पैदल लोगों की आवाजाही होती रही, लेकिन जैसे ही काम शुरू हुआ, लोगों को पैदल जाने से भी रोक दिया गया। अगले 48 घंटे तक पुल पर मरम्मत कार्य होगा। सोमवार से आवागमन चालू हो सकेगा।

**हर शनिवार-रविवार होगी पुल की मरम्मत:** पुल का मरम्मत को लेकर एनएचएआई, पीएनसी और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई, जिसमें व्यापक विचार-विमर्श के बाद पुल की मरम्मत के लिए तारीखें तय की गईं। तय रूपरेखा के मुताबिक 14 जून से 21 जुलाई तक लगभग डेढ़ माह की अवधि में पुल की कुल छह कोठियों की बेयरिंग बदलने का कार्य का किया जाएगा। यह काम हर शनिवार और रविवार को चलेगा। यानी हफ्ते में 48 घंटे के लिए पुल पर आवागमन पूरी तरह ठप रहेगा। इस प्रस्ताव पर मुहर लगाते हुए जिला प्रशासन ने पुल को बंद कर मरम्मत कार्य करने की अनुमति प्रदान की।

### नावों के सहारे इस पार से उस पार, नाविकों की बल्ले-बल्ले



नावों के सहारे नदी पार करते लोग। अमृत विचार

यमुना नदी के पुल पर बेयरिंग की मरम्मत का काम शुरू होते ही पैदल यात्रियों को भी निकलने से रोक दिया गया। ऐसी स्थिति में जरूरी काम से कानपुर की ओर जाने वाले लोगों ने यमुना नदी पार करने के लिए नावों का सहारा लिया। नाविकों ने भी इस मौके का फायदा उठाते हुए नदी पार कराने के लिए यात्रियों से 50 से 100 रुपये तक वसूले। तमाम लोगों ने बाइकों को भी नाव के जरिए उस पार पहुंचाया और फिर गंतव्य की ओर रवाना हुए। रविवार तक यही हालात रहेंगे।



यमुना ब्रिज का निरीक्षण करते एडीएम व एएसपी। अमृत विचार

### एडीएम और एएसपी ने डायवर्जन का किया निरीक्षण

**हमीरपुर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी और अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता ने यमुना ब्रिज की मरम्मत को देखते हुए छोटे-बड़े यात्री और मालवाहक वाहनों के डायवर्जन की व्यवस्था का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने वैकल्पिक मार्गों की स्थिति का भी जायजा लिया और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए संबंधित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुल की बैरीकेडिंग पर तैनात किए फोर्स को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि 48 घंटे तक किसी को भी पुल पर जाने न दिया जाए।

## मनरेगा में गोलमाल, रकम के लिए प्रधानपति ने पीटा

संवाददाता, राठ

- दिल्ली में मजदूरी करता परिवार और उनके नाम होता भुगतान
- परिवार के गांव आने पर प्रधान के पति ने खुद निकाले रुपये

**अमृत विचार।** एक महिला ने प्रधानपति पर पुत्र के साथ मारपीट कर बाइक व रुपये छीनने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

मझगवां थाने के गुगरवारा गांव निवासी मिथलेश पत्नी मानिकचंद्र ने बताया कि उसका परिवार दिल्ली में मजदूरी करता है। 15 दिन पहले वह सभी लोग गांव आए थे। प्रधानपति ने कहा कि उन्होंने मनरेगा के काम का रुपया उनके खातों में डाला है, जिसे निकालकर दो। उसकी बहू प्रियंका ने सात हजार रुपये निकालकर प्रधानपति को दे दिए। प्रधानपति एक युवक को लेकर आया और डिवाइस में अंगूठा लगाकर रुपये निकाल कर ले गया।

शुक्रवार को उसका पुत्र प्रमोद बाइक से राठ आ रहा था, तभी प्रधानपति ने उसे रास्ते में रोका और मां के खाते में डाले गए मनरेगा मजदूरी के रुपये निकालकर देने को कहा। पुत्र ने घर पहुंचकर पैसे निकालने की बात कही, जिससे प्रधानपति नाराज हो गया और मारपीट कर बाइक व पांच हजार रुपये छीन लिया। पीड़िता ने बताया कि प्रधान से उसने कई बार मना किया कि उनके बैंक खातों में पैसा नहीं डाले, लेकिन वह जबरन पैसा खातों में डालता है और जबरन निकलवा लेता है। आरोप है कि ग्राम प्रधान मनरेगा के काम जेसीबी से करवाता है, जिसकी जांच कराई जा सकती है। मझगवां थानाध्यक्ष शिव सहाय सरोज ने बताया कि दरोगा को जांच के लिए भेजा गया है।

### बिना पोस्टमार्टम शव का अंतिम संस्कार

**मौदहा।** आत्महत्या को दुर्घटना बताकर परिजनों ने शव का बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के रीवन निवासी रामानंद साहू की पत्नी शकुंतला (65) ने गुरुवार रात पति से झगड़ाकर आग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। उसे गम्भीर हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था,जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हमीरपुर भेजा, लेकिन शव सुमेरपुर पहुंचने से पहले लौटा लिया और आनन फानन में अंतिम संस्कार कर दिया। रामानंद साहू के चार बेटों में तीन प्रोफेसर हैं। चौथा बेटा गांव में ही खेती-किसानी करता है। हल्का इंचार्ज सूर्यबली ने बताया कि पति व बेटे ने पोस्टमार्टम कराने से मना किया। प्रोफेसर बेटों से बात हुई तो उन्होंने भी व्हाट्सअप पर लिखा कि पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं।

## बिजली गिरने से 2 की मौत, महिला झुलसी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- सदर विधायक ने परिजनों को आर्थिक मदद का भरोसा दिया

**अमृत विचार।** सुमेरपुर थाना क्षेत्र के दरियापुर में बकरी चरा रही महिला की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं पौथिया के मजरे महमूदपुर में एक बालक की बिजली से मौत हो गई और उसकी चाची झुलस गई। भैंस की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे सदर विधायक डा. मनोज प्रजापति ने परिजनों को ढांढस बंधाया।

दरियापुर निवासी सुरेंद्र कुमार प्रजापति की पत्नी राधा (35) बकरियां लेकर खेत गई थी। शाम करीब चार बजे मौसम बिगड़ने के बाद आकाशीय बिजली से उसकी खेत पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति मौके पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया है। उधर पौथिया ग्राम पंचायत के मजरा महमूदपुर में अनीता (45) पति धर्मेंद्र अपने भतीजे अनुभव (7) के साथ शाम करीब चार बजे भैंस चरा रही थी, तभी आकाशीय बिजली गिरने से दोनों लोग झुलस गए। वहीं भैंस की भी मौत हो गई।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशीष सचान ने दोनों को जिला अस्पताल भेजा, जहां डाक्टरों ने अनुभव को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति ने परिजनों को ढांढस बंधाया और आर्थिक मदद का भरोसा दिया। मौदहा प्रतिनिध के अनुसार छिमौली में श्याम बाबू की भैंस की मौत हो गई, वहीं मुस्करा क्षेत्र के न्यूरिया में बिजली गिरने से अनुज यादव की भैंस मर गई है।

## सार-संक्षेप

### दो बेटियों का एमबीबीएस में चयन, परिवार में खुशी



स्नेहा राजपूत।



रिमी वर्मा।

**राठ।** नीट परीक्षा में क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल की दो बेटियों ने सफलता हासिल की है। इनका एमबीबीएस में चयन होने पर खुशी का माहौल है। क्राइस्ट कस्बे के पठनऊ निवासी ठेकेदार कमलेंद्र लोधी की बेटी स्नेहा राजपूत ने 527 अंक हासिल किए हैं। छात्रा की ओबीसी रैंक 11869 रहीं। विराट सिटी निवासी इसी स्कूल की छात्रा रिमी वर्मा पुत्री पुष्पेंद्र कुमार ने दूसरी बार में सफलता हासिल की। उसने 454 अंक हासिल किए। उसकी एससी रैंक 4462 रहीं। छात्राओं की कामयाबी पर स्कूल के संस्थापक एस धनबालन, प्रिंसपल ई-रूबिन धर्मराज, प्रिंसपल रामेश्वर दयाल ने बच्चों को बधाई दी।

### सायना खान ने नीट में मारी बाजी



सायना खान।

**सुमेरपुर।** शनिवार को घोषित नीट के परिणाम में कस्बे की छात्रा सायना खान ने 83 .61 फीसदी अंक के साथ सफलता हासिल की है। कस्बे के रेलवे क्रॉसिंग के समीप रहने वाले ठेकेदार सगीर खान की बेटी सायना खान ने नीट प्रवेश परीक्षा में पहली बार में ही सफलता अर्जित की है। छात्रा ने 720 अंकों में से 602 अंक प्राप्त कर 83 .61 फीसदी अंक हासिल किए हैं। उसकी इस सफलता पर परिवार में हर्ष का माहौल है। परिणाम आते ही छात्रा की मां नफीसा और पिता सगीर खान ने मुंह मीठा कराकर खुशी जताई। उन्होंने बताया कि परिवार में पहली बार किसी के डॉक्टर बनने की राह आसान हुई है। सायना तीन भाइयों के बीच एकलौती बहन है।

### मिथलेश कुशवाहा बने सपा के जिला उपाध्यक्ष



जिला उपाध्यक्ष को नियुक्ति पत्र देते जिलाध्यक्ष।

**हमीरपुर।** पीडीए को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए सपा ने अरतरा निवासी मिथलेश कुशवाहा को जिला उपाध्यक्ष बनाया है। पंचायत चुनाव एवं मिशन 2027 की तैयारी में जुटी सपा ने कुशवाहा समाज के मिथलेश कुशवाहा को जिला उपाध्यक्ष पद की अहम जिम्मेदारी सौंप गई है। जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने बताया कि मिथलेश कुशवाहा को जिला उपाध्यक्ष बनाकर संगठन को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनको उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सपा नेता नंदकिशोर शिवहरे, ओपी सोनकर, घनश्याम साहू,, जगमोहन यादव, राजेश श्रीवास, वेद प्रकाश वर्मा, रामबाबू यादव, सुभान खान, संजय यादव, बबलू वाल्मीकि, राजेश विश्वकर्मा, राघवेंद्र यादव, हरनारायण निषाद आदि सपाइयों ने हर्ष जताया है।

### किसानों को सोलर फेंसिंग योजना के फायदे बताए

**कुरारा।** क्षेत्र पंचायत सभागार में सोलर फेंसिंग के लिए अर्थ एग्रो स्ट्रक्चर कंपनी ने किसानों को जागरूक किया। कंपनी के निदेशक सुनील गांधी ने किसानों को बताया कि शासन ने अन्ना पशुओं व नीलगायों से फसल बचाने के लिए पांच किसानों का समूह बनाकर 60 बीघा में सोलर फेंसिंग करवाने की योजना बनाई है। इस योजना में सरकार 80% किसानों को अनुदान देगी। 20% किसानों को जमा करना होगा। इस योजना का लाभ लेकर किसान अपनी फसल की सुरक्षा कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इस मौके पर राजकीय बीज भंडार के प्रभारी सुरेश कुमार, अनूप कुमार, मनीष कुमार आदि रहे।

### हादसे में महिला कंडक्टर घायल

**मौदहा।** नगर के बड़े चौराहे पर हमीरपुर जा रही बस में पीछे से ट्राला ने टक्कर मार दी, जिससे बस की महिला कंडक्टर घायल हो गई।

हमीरपुर डिपो की बस दोपहर बाद मौदहा से हमीरपुर जा रही थी, तभी हाईवे पर बड़े चौराहा के समीप पीछे से ट्राला ने बस में टक्कर मार दी। इससे बस के यात्रियों में चीख पुकार मच गई। बस कंडक्टर आरती (28) गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने ट्राला चालक को हिरासत में ले लिया। इस दौरान कुछ देर के लिए बड़े चौराहे में जाम लग गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को किनारे लगवा राजमार्ग में वाहनों का आवागमन शुरू कराया।

## जिले में हीटवेव का कहर तेज, तीन और मौतें

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- 24 घंटे में हीटवेव से मरने वालों की संख्या पांच हुई

**अमृत विचार।** गर्मी का सितम तेज हो गया है। हीटवेव से शुक्रवार को दो लोगों की मौत होने के बाद शनिवार को भी तीन लोगों की मौत हो गई। तीन दिन से गर्मी के कहर से पशु-पक्षी भी मर रहे हैं। शुक्रवार को पत्योरा और पंधरी गांव में एक-एक मौत होने के बाद शनिवार को यह सिलसिला जारी रहा।

बिरखेरा गांव के बच्चा ने बताया कि उनके भाई चिरंगीलाल यादव (65) सुबह खेत गए थे। करीब 11 बजे वह घर लौटकर आए। घर आते ही हालत बिगड़ गई और बेहोश हो गए। परिजन उन्हें लेकर अस्पताल जा रहे थे, तभी रास्ते में ही दम तोड़ दिया। चिरंगीलाल अविवाहित थे।



पौथिया गांव में युवक की मौत के बाद जुटी भीड़। अमृत विचार

दूसरी मौत फैक्ट्री एरिया में हुई। फैक्ट्री एरिया चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह ने बताया कि आजमगढ़ जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बिलारी निवासी दयाराम यादव (60) ट्रक लेकर फैक्ट्री आया था। ट्रक को फैक्ट्री में खड़ा करने के बाद रात में वह बाहर निकला था। फैक्ट्री के बाहर ही वह मृत मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम कराया है। आशंका है कि वह हीटवेव का शिकार हुआ।

उधर, पौथिया निवासी बच्ची (45) पुत्र चुनूबाद कास्मेटिक सामान की फेरी लगाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। शनिवार को करीब तीन बजे गांव में ही एक नाई की दुकान के बाहर अचेत पड़ा था। ग्रामीणों ने उसे पानी पिलाया, लेकिन कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। ललपुरा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। भाई त्रिलोका ने बताया 17 जून को बड़ी बेटी प्रियंका की गोद भराई होनी थी। उसके दो बेटियां और दो बेटे हैं। ललपुरा थाने के एसआई संगम लाल प्रजापति ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**अनदेखी** पौथिया के लोगों ने जिलाधिकारी से तालाब का जीर्णोद्धार कराने की उठाई आवाज

## फूटा तालाब को अमृत सरोवर बनाने की मांग

संवाददाता, पौथिया

- कभी इसी तालाब का जल मंदिर में चढ़ाया जाता था
- लोग नहाने-धोने में इस्तेमाल करते थे तालाब का पानी

**अमृत विचार।** पौथिया गांव में राठ-हमीरपुर मार्ग के किनारे प्राचीन तालाब को फूटा तालाब के नाम से जाना जाता है। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की अनदेखी से इसका अस्तित्व समाप्त होता जा रहा है। तालाब हमेशा गंदे पानी, गुंदला और जलकुंभी से पटा रहता है। तालाब का जीर्णोद्धार न होने से यह बेमकसद साबित हो रहा है। लोगों ने इसे अमृत सरोवर बनाने की मांग उठाई है।

विकास खंड क्षेत्र के बड़ी आबादी वाले पौथिया गांव स्थित आशामाई मंदिर के समीप राठ-हमीरपुर स्टेट हाईवे के किनारे सैकड़ों वर्ष पुराना भारी भरकम तालाब है। गांव के लोग इसे फूटा तालाब के नाम से जानते हैं, लेकिन प्रशासन की अनदेखी से बर्बाद हो रहा है और अतिक्रमण से घिरता जा रहा है। यह तालाब जलकुंभी और गुंदला से पटा है। कुछ वर्षों पहले तक तालाब का पानी स्वच्छ रहता था।



जलकुंभी से पटा पड़ा पौथिया का फूटा तालाब। अमृत विचार

ग्रामीण इसी तालाब के पानी को नहाने-धोने में इस्तेमाल करते थे और मंदिर में भी इसी तालाब का जल चढ़ाते थे, लेकिन इस तालाब को अभी तक अमृत सरोवर योजना में नहीं शामिल किया गया है। गांव के जगदीश सचान, रामगोपाल, बलराम दीक्षित, सतीश दीक्षित, राज नारायन प्रजापति राम खिलावन, पुरुषोत्तम, संतोष कुमार, गणेश, राहुल आदि ने जिलाधिकारी से फूटा तालाब को अमृत सरोवर में शामिल कराए जाने की मांग की है। उधर, प्रधान प्रतिनिधि आशीष सचान ने बताया कि तालाब के किनारे नाला खुदवाया गया है। ग्राम पंचायत के पास अभी बजट नहीं है। शासन से धन स्वीकृति होने पर कार्य कराए जाएंगे।

### कैंडल मार्च निकाल कर शोक जताया

**मौदहा।** गुरुवार को गुजरात के अहमदाबाद में सरदार पटेल अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद क्रैश हुए एयर इंडिया के विमान में मरने वालों की आत्मा की शांति के लिए व्यापार मंडल की ओर से कस्बे के उपरौस से कैंडल मार्च निकाला गया।

यह कैंडल मार्च थाना चौराहा, नेशनल चौराहा होकर गुड़ाही बाजार पर शहीद स्मारक पर पहुंचा, जहां सभी ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर संवेदना व्यक्त की। इस दौरान हिंदुस्तान उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष डा.मुबीन खान, नईम अहमद, मुन्ना बॉर्डर, हमीद खान, रियाजउद्दीन, अरशद मामा, मो.असलम, महेश सोनी, रामगोपाल गुप्ता, ब्रजेश कुमार आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## छात्रा को नशीला पदार्थ खिला बनाया वीडियो

संवाददाता, राठ

- शिकायत के बाद पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू की

**अमृत विचार।** स्नातक में पढ़ने वाली एक विवाहिता छात्रा ने एक युवक पर नशीला पदार्थ खिलाकर उसकी अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

महोबा जनपद के चंद्रपुरा गांव की रहने वाली स्नातक की छात्रा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह शादीशुदा है और उसका मायका चिकासी थाना क्षेत्र के एक गांव में है। छात्रा का आरोप है कि कस्बे के बुधौलियाना प्रीतम चौराहा के पास एक युवक से उसकी मुलाकात हुई। कुछ दिन पहले युवक उसे नशीला पदार्थ खिलाकर अपने घर ले गया। वहां उसकी अश्लील फोटो और वीडियो बना लिया। अब युवक उसे फोन पर धमकी दे रहा है।

छात्रा का आरोप है कि आरोपी युवक उसे अपने पास बुलाने का दबाव बना रहा है। उसके पास न जाने पर अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। छात्रा ने यह भी बताया कि करीब एक सप्ताह पहले आरोपी युवक ने उसके पति की हत्या करने और उसे जबरन अपनी पत्नी बनाने की धमकी दी थी। युवक के ब्लैकमेल करने से वह मानसिक रूप से परेशान है। कोतवाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# बच्चे के सिर पर मारा डंडा, आंख की रोशनी चली गई

**एम्स तक दौड़**

- थाने में शिकायत के बाद भी पुलिस ने नहीं की कार्रवाई
- एसपी से गुहार लगाने के बाद कराया मेडिकल परीक्षण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** महोबकंठ थाना क्षेत्र के कनौरा गांव में साथ खेलने से मना करने पर एक बच्चे ने दूसरे बच्चे के सिर पर डंडा मार दिया, जिससे उसकी एक आंख की रोशनी चली गई। पिता ने बच्चे का इलाज कराया, लेकिन रोशनी नहीं आने पर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। एसपी के निर्देश के बाद पुलिस ने बच्चे का मेडिकल परीक्षण कराया है, लेकिन अभी तक आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।

महोबकंठ थाना क्षेत्र के कनौरा निवासी मनोज अहिरवार ने बताया कि 29 मई को उसका सात वर्षीय पुत्र नरसिंह घर के बाहर गांव के बच्चों के साथ खेल रहा था, तभी गांव का वीरू (10) वहां पहुंचा और साथ खेलने की जिद करने लगा। नरसिंह ने उसे साथ खिलाने से मना कर दिया तो वीरू ने गुस्से में पास में पड़े डंडे से नरसिंह के सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे उसकी एक आंख में गंभीर चोट लग गई। परिवार वालों ने घायल बच्चे को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया, जहां उपचार के बाद भी कोई सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां डाक्टर ने उसे बाहर ले जाने की सलाह दी।



जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण के लिए पहुंचा बच्चा। अमृत विचार

इसके बाद घायल बच्चे के परिजन पहले चित्रकूट के नेत्र चिकित्सालय ले गए, लेकिन कोई फायदा न मिलने पर दिल्ली के एम्स अस्पताल पहुंचे। इलाज में लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद नरसिंह की आंख की रोशनी वापस नहीं आ सकी। विवश होकर परिजन बच्चे को लेकर वापस लौट आए। परिजनों का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद स्थानीय थाने की पुलिस से शिकायत की गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

इसके बाद पिता ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाते हुए आरोपी बालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही प्रशासन से आर्थिक मदद की भी गुहार लगाई है। परिवार का कहना है कि इलाज में उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है और अब उन्हें प्रशासनिक सहयोग की ज़रूरत है। एसपी प्रबल प्रताप सिंह के निर्देश पर महोबकंठ थाने की पुलिस ने बच्चे का मेडिकल परीक्षण करवाया है, लेकिन अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# लाइब्रेरी में युवक ने छात्रा को पीटा, टेबल पर पटका

## पनवाड़ी में हुई वारदात, पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- युवती के बात नहीं करने से नाराज युवक की दबंगई
- मारपीट के दौरान मौजूद रहीं छात्राएं नहीं जुटा सकीं साहस

**पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार, पूछताछ शुरू**

पनवाड़ी थाना प्रभारी गुलाब त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित छात्रा की शिकायत पर आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। तहरीर के आधार पर उसके खिलाफ मारपीट और धमकी देने की एफआईआर दर्ज की गई है। उससे पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद उसे अदालत में पेश किया जाएगा।

**अमृत विचार।** पनवाड़ी कस्बे में राठ रोड पर स्थित एक लाइब्रेरी में पढ़ने वाली छात्रा के बात न करने से नाराज युवक ने घूसों से मारपीट कर उसे टेबल में पटक दिया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। इतना ही नहीं, पुलिस को सूचना देने के डर से युवक ने छात्रा का मोबाइल भी छीन लिया। यह पूरी घटना लाइब्रेरी के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

पनवाड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती पनवाड़ी कस्बे की लाइब्रेरी में पढ़ने जाती है। इसी लाइब्रेरी में उसके गांव का दुष्यंत राजपूत भी पढ़ने जाता था। युवक ने युवती से कई बार बात करने का प्रयास किया, लेकिन युवती ने उसे कभी तबज्जो नहीं दी और उसकी बातों को अनदेखा कर दिया था। इससे नाराज युवक ने शुक्रवार को लाइब्रेरी में ही सरेआम युवती को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। उसे पकड़कर टेबल पर पटक दिया, जिससे छात्रा के सिर और शरीर में अंदरूनी चोटें आई हैं।

बाद में पुलिस से शिकायत करने के डर से आरोपी युवक ने छात्रा का मोबइल फोन भी छीन लिया और जान से मारने की धमकी देता हुआ चला गया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी युवक उस पर बात करने के लिए दबाव बनाता था, लेकिन बात नहीं करने से नाराज होकर उसने मारपीट की। यह पूरी घटना लाइब्रेरी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेड में युवक मारपीट करता दिखाई दे रहा है। बाल पकड़कर टेबल में सिर पटकना और थप्पड़-घूंसे मारते दिखाई दे रहा है। युवती का गला और मुंह दबाकर काफी देर तक पीटे जाने से युवती के काफी चोटें आई है।

मारपीट के दौरान लाइब्रेरी में अन्य छात्र-छात्राएं भी मौजूद थीं, लेकिन मारपीट सहमे किसी बच्चे ने बीचबचाव करने की हिम्मत नहीं जुटाई। पीड़िता छात्रा ने पनवाड़ी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी है। कहा है कि अगर किसी को बताया तो पूरे परिवार को खत्म कर देगा। इसके बाद थाने जाते समय आरोपी ने रास्ते में छात्रा का मोबाइल भी छीन लिया और भाग गया।



सीएचसी में घायल का हालचाल लेते चरखारी एसडीएम प्रदीप कुमार। अमृत विचार

# बिजली गिरने से चरवाहे की मौत, अधेड़ झुलसा

संवाददाता, चरखारी

- पंचमपुरा गांव में बकरियां चराने गए थे दोनों, एसडीएम पहुंचे

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के बीच तेज हवाओं एवं बारिश के चलते शनिवार को अचानक आकाशीय बिजली गिरने से जंगल में बकरियां चरा रहे एक चरवाहा की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उप जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर घायल के स्वास्थ्य के बारे में डॉक्टर से जानकारी ली।

चरखारी थाना क्षेत्र के पंचमपुरा गांव निवासी बालकिशन (53) पुत्र कढ़ोरा और धीरेन्द्र पाल सिंह (60) शनिवार को जंगल में जानवर चरा रहे थे। दोपहर बाद करीब 3:45 बजे अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश होने पर दोनों चरवाहे पास में पेड़ के नीचे खड़े हो गए, तभी तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गिरी और दोनों उसकी चपेट में आ गए, जिससे बालकिशन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि धीरेन्द्र पाल गंभीर रूप से घायल होकर अचेत हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से चरवाहे की मौत की सूचना मिलते ही एसडीएम डॉ. प्रदीप कुमार, तहसीलदार आरएन मिश्रा, नायब तहसीलदार आलोक मिश्रा, थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार, लेखपाल लक्ष्मण सिंह, दीपांशु अस्पताल पहुंचे और परजिनों से बातचीत कर समुचित सहयोग दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

# तेज आंधी से पेड़ टूटे, हाईवे जाम

**महोबा।** शनिवार शाम अचानक मौसम ने करवट ली। तेज आंधी से कुलपहाड़ क्षेत्र में कई स्थानों पर पेड़ टूटकर गिरने से आवागमन बाधित रहा। वन विभाग के कर्मचारियों ने पेड़ों की कटान शुरू की, लेकिन देर शाम तक यातायात बहाल नहीं हो सका। कुलपहाड़-पनवाड़ी मार्ग पर पेड़ों के गिरने से ट्रैफिक जाम रहा।

अचानक तेज आंधी आने से टीन और छप्पर उड़ गए। आंधी थमने के बाद लोगों ने टीन, छप्पर व उड़ा सामान एकत्र किया। लोग आंधी के बाद बिजली व्यवस्था से भी परेशान हो गए। आंधी से कई स्थानों पर तार टूटने से लोगों को भीषण गर्मी में बिजली समस्या से जूझना पड़ा। भरवारा, जमाला, महुआ, पनवाड़ी में दर्जनों पेड़ टूटकर गिर गए। जमाल के पास झांसी-मिर्जापुर हाइवे पर दर्जनों पुराने पेड़ गिर जाने से आवागमन बंद हो गया। भरवारा गांव के पास लम्बा जाम लग गया। अधिकारी, कर्मचारी पेड़ हटवाकर रोड खुलवाने में जुट गए। थुरहट के पास कनकुआ में सोलर प्लांट से निकली बड़ी लाइन के टॉवर में आंधी का असर दिखा। एक सोलर प्लांट से निकली बिजली का टावर टूट कर गिर गया। जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

पनवाड़ी प्रतिनिधि के अनुसार पनवाड़ी सहित कई गांवों में तेज आंधी में बिजली के एलटी लाइन के तार टूट जाने से पनवाड़ी के साथ कई गांवों की बिजली गुल हो गई। आंधी तूफान से ग्रामीणों ने भारी क्षति का अनुमान बताया है। राजस्व एवं बिजली विभाग की टीम राहत कार्य में लग गई है, ताकि बिजली बहाल की जा सके।

# किसानों को प्राकृतिक खेती के सिखाए तरीके

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- बुधवारा और इंद्रहटा गांव में किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**अमृत विचार।** अरुणोदय संस्थान की ओर से जैतपुर ब्लॉक के बुधवारा और इंद्रहटा के किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें प्राकृतिक खेती के तरीके और लाभ भी बताए गए।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती की वंदना से हुई। प्राकृतिक खेती पर् भी गीत प्रस्तुत किया गया। संस्था की प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर रिजवाना ने प्राकृतिक खेती के महत्व और उसकी उपयोगिता पर चर्चा की। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक विधि से खेती करने के लिए प्रेरित किया। जैविक खेती के लिए प्रसिद्ध बुंदेलखंड के किसान रमेश दादा थूरट ने किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभ बताते हुए अपने पिछले चार.पांच वर्ष के अनुभव साझा किये उन्होंने यह भी बताया कि वह अपनी संपूर्ण खेती पुरानी पद्धति से ही करते हैं तथा अपनी फसल को बाजार भाव से काफी महंगे दामों में बेचते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि उनके द्वारा उगाई गई सब्जियां भी बाजार भाव से लगभग डेढ़ गुने दामों में बिकती हैं रमेश दादा ने लगभग पिछले चार-पांच वर्षों से डीएपी यूरिया तथा किसी भी प्रकार के रासायनिक कीटनाशकों का प्रयोग अपने खेतों में नहीं किया है। सिर्फ अरुणोदय संस्थान के सहयोग से तैयार किया गए जीवामृत और गोबर की खाद का प्रयोग करते है। उन्होंने बताया अरुणोदय संस्थान आज बुंदेलखंड के 5 जिलों मे लगभग 6000 किसानों के साथ काम कर रही है। उनकी सुविधा के लिए सिल्ट उपलब्ध कराती है।

# फुंक रहे ट्रांसफॉर्मर, गर्मी से लोग बेहाल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने से आए दिन ओवरलोड ट्रांसफॉर्मर फुंक रहे हैं, जिससे बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। अधिक लोड पड़ने पर ट्रांसफॉर्मर गर्म होने के बाद धूं-धूं कर जल जाते हैं। शहरी क्षेत्रों में बिजली विभाग ट्रांसफॉर्मर खराब होने पर अस्थाई ट्रांसफॉर्मर की व्यवस्था कर दी जाती है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफॉर्मर फुंकने पर दो-दो दिन बिजली समस्या से जूझना पड़ता है।

इस साल 45 डिग्री तापमान पहुंचने से जिले में गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। लोग दिन-रात कूलर, एसी, पंखे चला रहे हैं। थोड़ी देर के लिए बिजली जाने पर लोग पसीना-पसीना हो जाते हैं, जिससे रात दिन कूलर, एसी चल रहे हैं। इससे ट्रांसफॉर्मर कम क्षमता का होने के कारण अधिक लोड बढ़ने पर धड़ाम हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में बिजली आपूर्ति ठप होने से लोगों का बुरा हाल है। विभाग द्वारा क्षमता के अनुरूप ट्रांस्फार्मर न लगवाए जाने से जिले में आए दिन ट्रांसफॉर्मर फुंक रहे हैं।



फुंका पड़ा ट्रांसफॉर्मर। अमृत विचार

महोबा शहर के अलावा बेलाताल, कुलपहाड़, चरखारी, पनवाड़ी, खरेला, सहित कुछ ग्रामीण अंचलों में भी अधिक लोड के कारण ट्रांसफॉर्मर फुक गए है। जिससे भीषण गर्मी में लोगों का बुरा हाल है। हर साल गर्मी के मौसम में ओवर लोड होने के कारण ट्रांस्फार्मर फुंक जाते है. लेकिन महकमे मे आज क्षमता बढाने के लिए कोई ध्यान नही दिया है।

**बिजली न आने से पेयजल आपूर्ति भी हुई प्रभावित**

खराब हो जाने के बाद उसे आज तक नही ठीक किया गया, जिससे पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। जनप्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं द्वारा भी बिजली समस्या के निराकरण के लिए कोई पहल नही की जाती है। नागरिकों ने बिजली समस्या का हल न होने पर स्थानीय भाजपा नेताओं पर नाराजगी जताई। नागरिकों ने बताया कि एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद इस भीषण तपिश भरी गर्मी में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। जैतपुर में बमुश्किल 24 घंटे में 10 घंटे बिजली मिल पा रही है। रात्रि में चार घंटे की बिजली कटौती के अलावा दिन में भी कई बार कटौती की जाती है। समाजसेवी इंद्रपाल रिछारिया, धर्मेंद्र साहू, सहित और भी कई लोगों का कहना है कि जैतपुर कस्बे में भाजपा नेताओं के घरों में एसी और कूलर जनरेटर से चलते हैं और आम जनता गर्मी से झुलस रही है।

**अच्छी पहल** आरपीएफ और नगर पालिका परिषद ने संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन पर स्टाल लगाकर शुरू किया शर्बत का वितरण

# भीषण गर्मी में शर्बत पीकर खिले रेल यात्रियों के चेहरे

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाने से लोगों का बुरा हाल है। सिद्दत भरी गर्मी से राहत दिलाए जाने के लिए रेलवे स्टेशन में रेलवे सुरक्षा बल और नगर पालिका परिषद ने संयुक्त रूप से अभियान चलकर यात्रियों को ठंडा पानी और शरबत पिलाकर पुनीत कार्य किया जा रहा है। इतना ही नहीं स्टेशन पर ट्रेन रुकते ही आरपीएफ के जवान व पालिका के सभासद यात्रियों को शरबत और ठंडा पानी देने पहुंच जाते हैं। गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए चलाए जा रहे इस अभियान से यात्रियों और राहगीरों को राहत मिल रही है।





स्टाल लगाकर लोगों को शर्बत का वितरण किया गया।



रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को शर्बत पिलाते आरपीएफ के जवान। अमृत विचार

रेलवे स्टेशन पर चलाए जा रहे अभियान से यात्री काफी राहत महसूस कर रहे है। स्टेशन पर जैसे ही कोई ट्रेन रुकती है, आरपीएफ जवान और नगर पालिका के सभासद यात्रियों को शरबत पिलाने में लग जाते हैं। खासतौर पर खजुराहो इंटरसिटी और अन्य पैसेंजर ट्रेनों के यात्रियों को इस सेवा का लाभ मिल रहा है। इस अभियान के चलते रेलवे स्टेशन सेवा सद्भाव में सराबोर हो गया है।

बागेश्वर धाम से चित्रकूट जा रहे श्रद्धालु पूनम गौतम, ओम तिवारी और सुनील कुमार ने स्टेशन पर मिले ठंडे शरबत को गर्मी में संजीवनी बताया। उन्होंने बताया कि यह पहल सेवा और संवेदना का प्रतीक बन चुकी है। यात्रियों ने मांग की कि ऐसी सेवा अन्य प्रमुख स्टेशनों पर भी शुरू होनी चाहिए। आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेन्द्र कुमार ने बताया कि यह सेवा रेलवे के आईजी और सुप्रिन्टेंडेंट कमांडर के निर्देश पर शुरू की गई है। अभियान के तहत प्रतिदिन 5000 लीटर शरबत बांटने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है साथ ही यह अभियान गर्मियों के समाप्त होने तक जारी रहेगा। नगर पालिका के सभासद मुहम्मद रहीस ने बताया कि यह सेवा धर्म से ऊपर उठकर केवल मानवता के नाम पर की जा रही है। स्थानीय लोगों का भी इस पुनीत कार्य में उत्साह पूर्ण सहयोग करते हुए कोई बाल्टियों में पानी भर रहा है, तो कोई शरबत तैयार करने में हाथ बंटा रहा है।

## सार-संक्षेप



सुगिरा गांव में यज्ञ के दौरान पानी पिलाते लोग। अमृत विचार

### सुगिरा में यज्ञ के साथ तीन कन्याओं का हुआ विवाह

**कुलपहाड़।** सुगिरा गांव में शनिवार को यज्ञ के दौरान ओरछा के अलबेला महाराज ने कन्या विवाह भी कराए। ग्रामीणों के सहयोग से पानी और भंडारे का भी आयोजन हुआ। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए भीड़ जुटी। सुगिरा गांव में तीन दिन तक हवन-पूजन चला। इस दौरान रामलीला का भी आयोजन किया गया। अंतिम दिन तीन कन्याओं का विवाह कराया गया और भंडारे का आयोजन भी हुआ। ग्रामीणों ने रात तक भंडारे में पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समाजसेवियों ने भी पुण्य कार्य में हाथ बंटाया। गांव के देवेंद्र यादव, हाकिम सिंह, कल्लू प्रजापति, ठाकुर यादव, राकेश महाराज सहित सभी समाज के लोगों ने सहयोग किया। समाजसेवी डॉ सनत राजपूत ने कन्याओं को सहायता राशि दी वही देवेंद्र यादव द्वारा अपने प्लांट से ठंडा पानी की व्यवस्था की गई कार्यक्रम की समाप्ति पर अलबेला सरकार ने बताया कि यज्ञ के दौरान रामलीला भंडारा कन्या विवाह का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में बच्चों को जानकारी देतीं दीपक गोहड़कर। अमृत विचार

### बच्चों को फल के साथ प्रोटीन वाले आहार खिलाएं

**महोबा।** राजदीप फर्टिलिटी रिसर्च एवं आईवीएफ सेंटर कोटा राजस्थान की संस्थापक राजश्री दीपक गोहड़कर ने पं. सियाराम मिश्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा एवं संभावित बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि जिस तरह बच्चों का रुझान पाश्चात्य भोज पदार्थों की ओर बढ़ रहा है, वह सेहत के लिए बेहद नुकसानदायक है। उन्होंने अभिभावकों का आहवान किया कि बच्चों को फल, सब्जियां, प्रोटीन और कम बसा वाले भोजन का सेवन कराएं। शिक्षकों को सुझाव दिया कि बच्चों को सर्दी में कुछ देर धूप में खड़ा कराएं और व्यायाम भी कराएं। मध्यावकाश में बच्चों को चबा-चबाकर खाने के लिए प्रेरित करें। भोजन करने के 15 मिनट बाद पानी पीने की सलाह देनी चाहिए। उन्होंने अध्यापकों को सम्मान पत्र दिया। प्रधानाचार्य अंकिता उदैनिया ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन किरण ने किया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ अभिभावक उपस्थित रहे।



विधायक के साथ नियुक्ति पत्र दिखातीं महिला कंडक्टर। अमृत विचार

### जिले की पांच महिलाएं रोडवेज बस कंडक्टर बनीं

**महोबा।** परिवहन निगम में पांच प्रशिक्षित महिला परिचालकों को शनिवार को नियुक्ति पत्र सौंप दिए गए। नियुक्ति पत्र पाकर महिला परिचालक खासा खुश हैं। शासन ने महोबा के लिए एक नई बस भेजी है। सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने बलिया रूट के लिए नई बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिले में कुल 31 महिला परिचालकों की भर्ती होनी है। पहले चरण में पांच महिलाओं ने प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। 26 अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण चल रहा है। सदर विधायक ने कहा कि राज्य सरकार योग्यता के आधार पर युवाओं को रोजगार दे रही है। कंडक्टर बनी कालीपहाड़ी की शोभना ने कहा कि वह ईमानदारी से नौकरी करेंगी। मिरतला की साधना राजपूत ने बिना सिफारिश और बिना पैसे की नौकरी के लिए सरकार का आभार जताया। नागरिकों का कहना है कि सरकार का यह कदम परिवहन सेवा को मजबूत करेगा।


Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
● BBA (Finance & Taxation) ● B.Com (H)
● BCA (IT & Multimedia)
PG Programs
● MBA ● M.Com. ● MCA
● MPH ● MHA
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# नहीं बन पा रही अप्रोच रोड, लगता भीषण जाम

## पीडब्ल्यूडी के रवैये से क्षेत्र के लोगों में जमकर आक्रोश, अतिक्रमणरोधी अभियान भी खानापूरी

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** नगर पंचायत मऊ के मुख्य चौराहे में भीषण जाम लग रहा है। अतिक्रमणरोधी अभियान भी महज खानापूरी के लिए ही चला। कार्यदायी संस्था पीडब्ल्यूडी का रवैया भी इसके लिए जिम्मेदार है।

नगर पंचायत के मुख्य चौराहे पर लगने वाले जाम से जहां आवागमन बाधित होता है तो वहीं चिलचिलाती धूप में बच्चों- बुजुर्गों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दुकानों के सामानों को फुटपाथ पर बेतरतीब रखने से मुख्य सड़क और संकरी हो जाती है। उधर, इसी रास्ते से यमुना रोड और बियावल रोड भी लगती है, जिसमें मऊ महिला यमुना पुल के भारी वाहन भी निकलते रहते हैं। इससे घंटों जाम लग जाता है। जाम के झाम से लोगों को धुंआ, धूल व चिलचिलाती धूप के बीच घंटों फंसे रहना पड़ रहा है। समय समय पर शासन प्रशासन द्वारा आये दिन लगातार लोगों को इस बाबत सचेत किया जाता रहता है कि वे अतिक्रमण हटा लें कि लोगों को दिक्कत न हो लेकिन प्रशासन की ये बातें लोगों के कान में हवा की माफिक गुजर जाती हैं।

**सैकड़ों वाहनों का होता है आवागमन :** मऊ महिला पुल को मऊ के राष्ट्रीय राजमार्ग को यमुना रोड जोड़ती है, जो मुख्य चौराहे से ब्लॉक मार्केट होकर पंचायत भवन के बगल से निकलती है। रास्तों पर कौशांबी की ओर से आने वाले भारी वाहनों के चलते सड़क खस्ताहाल हो चुकी है। जानकारी के अनुसार, जिसका करीब साढ़े आठ करोड़ का टेंडर भी हो चुका है लेकिन अभी तक काम भी नहीं शुरू किया जा सका। आयेदिन वाहनों के पलटने या गिर जाने से सड़क हादसे होते रहते हैं। पंचायत भवन के पास बियावल संपर्क मार्ग को जोड़ती हुई ब्लॉक मार्केट की सड़क के धंस जाने से भी हादसे होते रहते हैं लेकिन जिम्मेदारों की इस ओर कोई ध्यान ही नहीं है।


यह है सड़क का हाल। अमृत विचार


इस तरह रोजाना लगता है जाम। अमृत विचार

### भड़क उठे अवर अभियंता

अप्रोच रोड के सवाल पर पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता राजधर भड़क गए। कहने लगे कि आप तो उस सड़क के पीछे ही पड़ गए। उसका टेंडर जिसे मिला है वह 20 जून से काम शुरू करेंगे। फिर सवाल किया कि आठ माह पहले भी आप कह रहे थे कि सड़क का निर्माण एक माह बाद शुरू हो जाएगा तो उन्होंने कहा, मैं क्या कर सकता हूं। मुझे फांसी चढ़वा दो और क्या करोगे।

### बहुत पुरानी है जाम की समस्या : पंकज

कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मिश्रा कहते हैं कि मऊ क्षेत्र में जाम की समस्या वर्षों पुरानी है। इससे निपटने के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है, जो चिंता का विषय है। पीडब्ल्यूडी की कार्यशैली सवालों के घेरे में हैं। लोगों को मुसीबत से जल्द से जल्द मिल जाए यही बहुत बड़ी बात होगी।

### जल्द चलेगा अतिक्रमणरोधी अभियान : एसडीएम

मऊ एसडीएम सौरभ यादव ने बताया कि बीते दिन अतिक्रमण के संबंध में मऊ ईओ के साथ बैठक हुई है। जल्द ही विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा।

### तारीख पर तारीख देता है विभाग : अजय राज

समाजवादी पार्टी के यूथ बिग्रेड के प्रदेश सचिव अजय राज त्रिपाठी ने कहा कि मऊ में जाम से निपटने के लिए सड़कों पर से अविलंब अतिक्रमण हटाया जाना चाहिए कि लोगों को जल्द से जल्द सहूलियत मिल सके। सबसे बड़ा सवाल है कि पीडब्ल्यूडी विभाग सिर्फ तारीख पर तारीख देता है। लेकिन अभी तक काम न शुरू करवाया जाना सवालों के घेरे में है। लोग चोटहिल हो रहे आए दिन हादसे हो रहे हैं।

### प्रशासन ध्यान दे : अनुज

सपा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य अनुज यादव कहते हैं कि मऊ में लगने वाला जाम चिंता का विषय है। जाम से निपटने के लिए प्रशासन को तत्काल ध्यान देना चाहिए। पीडब्ल्यूडी विभाग की लचर कार्यशैली से आम जनता को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू कराए।

## जागरूकता, सफाई से ही संक्रामक रोगों से बचाव

**राजापुर (चित्रकूट)।** नगर पंचायत सभागार में शनिवार को मलेरिया की रोकथाम के लिए जागरूकता बैठक हुई। अधिशासी अधिकारी बालकृष्ण गौतम के साथ अन्य लोगों ने इस पर अपनी बातें कहीं। ईओ ने कहा कि जागरूकता और सफाई से ही संक्रामक रोगों से बचाव किया जा सकता है।

ईओ ने लोगों से अनुरोध किया कि वे गर्मी व वर्षा ऋतु में संचारी रोगों के प्रकोप के मद्देनजर सफाई रखें। घर के पास गंदे पानी का भराव न होने दें। इससे मच्छर बढ़ते हैं। संक्रामक बीमारियों के लक्षण दिखते ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर उपचार कराएं और लापरवाही कतई न करें। बताया कि नगर में सफाई नायक सहित एक सौ से अधिक सफाईकर्मियों को सुरक्षा किट का वितरण किया गया है। संचारी रोग के रोकथाम के लिए सभासद अपने वार्डों में जन जागरूकता अभियान चलाएं और लोगों को गीले व सूखे कूड़े को अलग अलग रखने की जानकारी दें। इस अवसर पर सभासद जितेंद्र सोनकर, देव गुलाम वर्मा, उदल प्रसाद, गजराज, तारिणी शुक्ला, रमन मोदनवाल, शंकर दयाल जायसवाल, राजेश तिवारी, ओमप्रकाश प्रजापति, मंगल पांडेय, चमन लाल रैकवार, अमित सोनी, पवन तिवारी मौजूद रहे।



टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त बस और कार।

## बस ने कार में मारी टक्कर छह घायल

संवाददाता, मऊ/बरगढ़ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बरगढ़ घाटी के पास शनिवार को प्रयागराज से कर्वी की ओर जा रही कार पर एक निजी बस ने टक्कर मार दी। इससें छह लोग जख्मी हुए हैं। गनीमत रही कि कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ।

बताया गया कि अर्टिगा कार को अजय कुमार पुत्र लवलेश सिंह निवासी बल्दाऊगंज कर्वी चला रहा था कि घाटी में अनियंत्रित बस ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इससे कार में बैठी विभा सिंह (29) पत्नी अभय सिंह, अभय की डेढ़ वर्षीय पुत्री माहीरा एवं सात वर्षीय पुत्री अवनी के साथ प्रीतू सिंह (31) पत्नी बृजेश कुमार एवं उसके बच्चे यशी (14) एवं आयुष (12) व शिवानी सिंह (14) पुत्री सागर सिंह चुटहिल हो गए। चालक अजय कुमार की पत्नी अनीतू सिंह (35) के सिर में चोट आई है। इन्हें एसओ बरगढ़ शिवआसरे और पीआरवी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डा. प्रखर निगम के द्वारा घायलों का इलाज किया जा रहा था। बस पर गुड़िया मेल लिखा है और वह शिवपुरी (मध्य प्रदेश) की बताई जा रही है। चालक बस छोड़कर भाग गया।

## एक नजर

### जिला सूचना अधिकारी की मां का निधन

**चित्रकूट।** जिला सूचना अधिकारी सुरेंद्र कुमार की मां मेवाती देवी निवासी कनेरी जिला गाजीपुर का लगभग 80 वर्ष की आयु में शुक्रवार देर शाम निधन हो गया। जिला सूचना कार्यालय में शोकसभा हुई। इसमें लेखाकार मोहन कुमार श्रीवास्तव, रामरूप पटेल, दीपांकर, सीपी पांडेय, नीलेश कुमार तिवारी, सुनील कुमार, डा. प्रदीप शुक्ला, सत्येंद्र मिश्रा, दिव्यांशु रिछारिया, वीरेंद्र कुमार पटेल आदि ने शोक संवेदना प्रकट की।

### सीएम को भेजा पत्र, 30 जून तक स्कूल बंद रखने की मांग

**चित्रकूट।** अंतर्जनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पांडेय ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर भीषण गर्मी के मद्देनजर 30 जून तक सभी विद्यालयों को बंद करने का आदेश देने का अनुरोध किया है। शिक्षक नेता ने बताया कि पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। गांवों में बिजली पानी की समस्या बनी है। बेसिक शिक्षा सचिव ने बच्चों की तो 30 जून तक छुट्टी कर दी है पर शिक्षकों, कर्मचारियों को 16 जून से विद्यालय उपस्थित होने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने मांग की भीषण गर्मी को देखते हुए 30 जून तक स्कूल बंद रखे जाएं।

### छह वृद्धजनों को वितरित किए गए उपकरण

**चित्रकूट।** सेवा भारती चित्रकूट एवं एलिम्को के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को छह वृद्धजनों को उपकरण दिए गए। जिला महामंत्री राज किशोर शिवहरे ने बताया कि सेवा भारती पार्टी, धर्म, जाति से ऊपर उठकर बिना किसी आडंबर के निस्वार्थ भाव से कार्य करती है। जल्द ही ब्लॉक एवं गांव स्तर पर इसका गठन किया जाएगा।

### बरसात से भरा पानी



चित्रकूट में शनिवार को जिला मुख्यालय सहित अन्य स्थानों पर तेज आंधी के साथ बरसात हुई। भीषण गर्मी के दौरान बारिश से लोगों को राहत हुई पर इससे कई जगहों पर जलभराव की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ा। नई बाजार में ओवर ब्रिज के नीचे भीषण जलभराव हो गया। पीडी गुप्ता, गौरी सोनी, दुर्गा प्रसाद, शुभम गुप्ता, संदीप गुप्ता, भारत गुप्ता, बबली गुप्ता, संदीप आदि लोगों का कहना था कि रेलवे द्वारा नाली बंद करने पर और नगरपालिका द्वारा कोई दूसरा इंतजाम न किए जाने से यह दिक्कत हुई। ● अमृत विचार

## भाई के मौत की खबर आने पर बड़े भाई ने तोड़ा दम

**उरई।** कोंच कोतवाली क्षेत्र में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहां पर सड़क दुर्घटना में भाई की मौत की खबर मिलने के बाद बड़े भाई की सदमें में मौत हो गई। एक ही घर से एक साथ दो सगे भाइयों की अर्थी उठने से गांव में गम का माहौल है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ब्यौना निवासी रामचरण प्रजापति 75 वर्ष बीती रात गांव में ही घर के पास खेतों की तरफ शौच को गए थे। बताया जा रहा कि तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौत हो गई। शनिवार सुबह जब उनके परिजन शौच के लिए खेतों की तरफ निकले तो उन्होंने वृद्ध का शव पड़ा देखा तो उनमें हड़कंप मच गया। वहीं मामले की जानकारी मृतक के 85 वर्षीय बड़े भाई तुलाराम को लगी, तो वह भी उसे देखने खेतों की ओर चल दिए। लेकिन रास्ते में परिजनों ने उन्हें रोक लिया और घर जाने को कहा। भाई के अंतिम दर्शन किये बगैर बुजुर्ग घर लौट आया और चारपाई पर लेट गया। कुछ समय बाद भाई की मौत के गम में बड़े भाई ने भी चारपाई पर लेटे-लेटे दम तोड़ दिया।

## पत्नी के मायके से न आने पर पति ने लगाई फांसी

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** मोहल्ला पटेल नगर हड्डी मील के पास पत्नी से फोन पर हुई कहासुनी के बाद युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

शहर के मोहल्ला पटेल नगर हड्डी मील के पास निवासी कपिल 30 वर्ष पुत्र चंद्रशेखर मेडिकल कालेज में आउट सोर्सिंग पर सफाई कर्मचारी था। बताया कि उसकी पत्नी प्रियंका 29 मई को मायके भट्टा गांव झांसी गई थी। कई बार कपिल ने उससे घर आने के लिए कहा लेकिन वह घर नहीं आ रही थी। शुक्रवार की शाम को कपिल की फोन पर प्रियंका से कहासुनी हो गई। इसके बाद वह कमरे में सोने चला गया था। शनिवार की सुबह जब वह कमरे से नीचे नहीं आया तो पिता व मां चंदा ने उसे आवाज दी। जवाब न मिलने पर पिता मौके पर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। पड़ोसी की छत से जाकर देखा तो उसका शव फांसी के फंदे पर लटका था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मामले में फैक्ट्री एरिया चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय ने बताया कि खबर मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम को भेजा।

## रक्तदान कर 23 लोग बने महादानी

संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** विश्व रक्तदाता दिवस पर शनिवार को जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर हुआ। इसमें 35 लोगों ने पंजीकरण कराया और 23 लोग रक्तदान कर महादानी बने। रक्तदान शिविर में स्वास्थ्य विभाग, रेडक्रास सोसायटी, भारत विकास परिषद भी सहभागी बना।

रक्तदान शिविर का शुभारंभ डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने किया। इस दौरान एसपी डॉ दुर्गेश कुमार भी मौजूद रहे। लोगों को स्वेच्छा से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। 57 बार रक्तदान करने वाली रक्तकर्णिका ममता स्वर्णकार ने कहा कि वह अब खुद रक्तदान करने के साथ दूसरों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करती हैं। इस दौरान सीएमएस डॉ. आनंद उपाध्याय, युद्धवीर कंथरिया, लक्ष्मणदास बाबानी, महेंद्र भाटिया, शशि सोमेंद्र सिंह, रामशरण जाटव, डॉ नरेश वर्मा, शांतिस्वरुप माहेश्वरी, अलीम आदि मौजूद थे।

ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अरविंद श्रीवास्तव, एलटी सुशील द्विवेदी, कृष्ण कन्हैया, राकेश साहू, नितीशा तिवारी, गीता भारती, निधि, प्रमोद वर्मा, आफताब उल्ला, मेहराज खान, देवीदयाल का सहयोग रहा।


रक्तदान शिविर में मौजूद डीएम। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### नाबालिग से दुराचार का आरोप

**रामनगर (चित्रकूट)।** रैपुरा थानांतर्गत एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर गांव के एक युवक पर उसकी नाबालिग बेटी से दुराचार करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि 12 जून की रात वह अपने बच्चों के साथ घर में सो रही थी। इसी दौरान आरोपी युवक उसकी 16 वर्षीया बेटी को फुसलाकर खेत में ले गया और वहां उससे दुराचार किया। उधर, इस संबंध में एक वीडियो भी वायरल हुआ, जिसकी 'अमृत विचार' पुष्टि नहीं करता। इसमें पुलिस का वाहन खड़ा दिखाई दे रहा है। बताया जाता है कि शनिवार को इस मामले को लेकर गांव में पुलिस की मौजूदगी में पंचायत हुई। गांववाले दबी जुबान बताते हैं कि इसमें प्रधान ने नाबालिग से यह पूछा कि किसके साथ रहना चाहती हो तो किशोरी के यह कहने पर कि युवक के साथ, उसे उसके साथ जाने दे दिया गया। किशोरी की मां गुहार लगाती रह गई। हालांकि अब न तो प्रधान और न कोई खुलकर इस मामले में बोलने को तैयार है। एसओ विनोद कुमार शुक्ला ने मामले से अनभिज्ञता जाहिर की। ऐसे में सवाल यह है कि अगर गांव में पुलिस के वाहन खड़े होने का वीडियो सच है तो पुलिस वहां क्या कर रही थी।

### चयनित अभ्यर्थी लखनऊ रवाना

**चित्रकूट।** आरक्षी भर्ती-2023 के अंतर्गत जिले से चयनित 111 अभ्यर्थियों को रविवार को लखनऊ में नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। शनिवार को इनके वाहन को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके पूर्व उन्होंने पुलिस लाइन में इनको दिशानिर्देश दिए। गौरतलब है कि जिले से 111 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया है। इनमें 97 पुरुष और 14 महिलाएं हैं। इनको लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक अरविंद वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक फहद अली, क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरन सिंह, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह आदि अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

### सिलेंडर में लगी आग से मचा हड़कंप

**कदौरा।** नगर क्षेत्र के मोहल्ला सुर ब्यासपुरा में बीती रात घर के किचेन में खाना बनाते समय गैस रिसाव के चलते सिलेंडर में आग लग गई। गनीमत रही कि समय रहते पुलिस व मोहल्ले के लोगों ने मिलकर आग पर काबू पा लिया हससे बड़ा हादसा टल गया। नगर के मोहल्ला सीर ब्यासपुरा मोहल्ला निवासी अनीस अहमद की पुत्री यासमीन शुक्रवार की रात घर के किचेन में खाना बना रही थी। इसी दौरान अचानक गैस रिसाव के चलते सिलेंडर में आग लग गई। चूल्हे के साथ सिलेंडर में लपटें उठती देख याशमीन चीखने लगी। उसकी आवाज सुनकर घर के अन्य सदस्य मां सितारा और भाई आदिल तत्काल रसोई की ओर दौड़े जिन्होंने किसी तरह पुत्री को बाहर निकाला। इधर घर में मचा शोरगुल सुनकर मोहल्ले के लोग भी मौके पर आ गए और उन्होंने आग को काबू करने की कोशिश करते हुए तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने साहस दिखाते हुए जान की परवाह किए बिना जलते हुए सिलेंडर को घर से बाहर निकाला और पड़ोसी के मकान में लगे अग्निशमन यंत्र की मदद से आग पर काबू पाया।

### महिला की बीमारी से हुई थी मौत, डॉक्टर पर लगाया आरोप

**उरई।** रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम गोरा चिरैया निवासी महिला की बीमारी के चलते मौत हो गई। वहीं परिजनों ने डॉक्टर पर गलत इलाज करने का आरोप लगाया। रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम गोरा चिरैया निवासी शीला देवी 42 वर्ष पत्नी स्व. छोटेलाल को सांस की बीमारी थी। बताया गया है कि शुक्रवार को वह भतीजे के साथ माधौगढ़ स्थित पवन क्लीनिक पर दवा लेने गई थी। जहां पर डॉक्टर द्वारा दी गई दवा खाते ही उसकी हालत बिगड़ गई। महिला की हालत बिगड़ते देख डॉक्टर उसे निजी कार से इलाज के लिए मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पुत्र ब्रह्मा ने आरोप लगाया कि डॉक्टर ने उसकी मां का गलत इलाज किया है। इसी कारण उनकी हालत बिगड़ने से मौत हो गई थी। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक रजत सिंह ने बताया कि महिला की मौत बीमारी के कारण हुई है। फिलहाल शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### बाजार रेट से काफी कम दाम में मिलेंगी दवाएं

**जालौन।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के अंतर्गत स्थापित जनऔषधि केंद्र का उद्घाटन शनिवार को भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस केंद्र का शुभारंभ सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनडी शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस पहल से अब आमजन को बाजार मूल्य से काफी कम दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध हो रही हैं। अस्पताल में जन औषधि केंद्र के खुलने से लोगों को राहत मिलेंगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ब्रांडेड दवाओं के बजाय जन औषधि केंद्र से दवाएं लेकर इस योजना का लाभ उठाएं। सीएमओ डॉ. एनडी शर्मा ने बताया कि जन औषधि केंद्र पर अभी 180 तरह की दवाएं उपलब्ध हैं। इन्हें और अधिक बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। डॉक्टरों को भी निर्देश दिए कि जो दवाएं अस्पताल में उपलब्ध हैं उन्हें पर्चे पर लिखा जाए यदि अस्पताल में दवा उपलब्ध नहीं है तो जन औषधि केंद्र पर मिलने वाली दवाओं को लिखें। बाहर की दवा कतई न लिखी जाए। इस दौरान पालिकाध्यक्ष प्रतिनधि पुनीत मित्तल ने 20 टीबी रोगियों को गोद लिया। जिन्हें पुष्टाहार का वितरण किया गया। सदर विधायक व सीएमओ ने बताया कि अस्पताल में बेहतर सुविधाएं देने की पहल की जा रही है।

### भारतीय व्यापार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत

**कालपी।** भारतीय व्यापारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर प्रवीण प्रताप सिंह का कालपी प्रवास के दौरान स्थानीय व्यापारियों के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान व्यापारिक समस्याओं को लेकर भी चर्चा की गई। बीती शाम को आगरा से राठ हमीरपुर जाते वक्त भारतीय व्यापारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर प्रवीण प्रताप सिंह कालपी कस्बे में पहुंचे। स्थानीय व्यापारियों जय खत्री, नमन अग्रवाल, अनिल यादव, श्रवण कुमार गुप्ता अमित गुप्ता, निखिल धवन, राहत रहमान, मनोज परिवार, गोविंद सोनी, अजय साहू आदि व्यापारियों तथा दुकानदारों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर प्रवीण प्रताप सिंह का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

थाना समाधान दिवस | जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने समस्याएं सुनकर मातहतों को दिए निर्देश

# मौके पर जाकर करें शिकायतों का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** थाना समाधान दिवस पर शनिवार को डीएम व एसपी ने शहर कोतवाली में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कई शिकायतों का निस्तारण भी कराया गया। वहीं अधिकारियों ने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों पर निष्पक्षता से कार्रवाई करते हुए उनका निस्तारण कराया जाए। जिससे शिकायकर्ता को बार बार परेशान न होना पड़े।

शहर कोतवाली में डीएम राजेश कुमार पांडे, एसपी डॉ दुर्गेश कुमार ने थाना समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण करें। सभी अधीनस्थ अधिकारी आपसी सामंजस्य से शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करें। किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने शिकायत पंजिका व अन्य अभिलेखों को भी देखा। वहीं डीएम ने लेखपालों को निर्देशित किया कि सरकारी भूमि पर किसी तरह का कब्जा न होने दें। अगर किसी भूमि पर कब्जा है तो मौके पर जाएं और उसे तुरंत कब्जा मुक्त कराएं। इस दौरान सीओ अर्चना सिंह, कोतवाल अरुण राय, थाना स्टाफ सहित अन्य लोग मौजूद रहें।



फरियादी की समस्याएं सुनते अधिकारी। अमृत विचार


समस्याओं को सुनते अधिकारी। अमृत विचार

### प्रभारी निरीक्षक व तहसीलदार ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**कालपी।** शनिवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी तथा नायब तहसीलदार मुकेश कुमार की मौजूदगी में और तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरियादियों के द्वारा 8 मामले प्रस्तुत किए गए। मामलों को निपटाने के लिए राजस्व तथा पुलिस विभाग की टीमें को मौके पर भेजा गया। कोतवाली परिसर में पुलिस तथा राजस्व कर्मचारियों की मौजूदगी में आयोजित समाधान दिवस में राजस्व सम्बन्धित मामलों को लेकर सबसे ज्यादा शिकायतें प्रस्तुत की गई है। लाखन सिंह निवासी ग्राम उरकरा कला ने विपक्षी के द्वारा खेत जोतने से मना करने तथा खेत से भगाने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र प्रस्तुत किया है, रियाज खान निवासी ग्राम गुलौली ने विपक्षी द्वारा चक रोड में कब्जा करने की शिकायत की है, रूबी निवासी ग्राम हीरापुर में खेत में गड़े पत्थर को विपक्षियों के द्वारा उखाड़ फेंकने की शिकायत की है, सुरेंद्र सिंह निवासी ग्राम उरकरा कला ने जमीन में विपक्षियों के द्वारा जबरन कब्जा करने की शिकायत की है, काशीराम पाल निवासी ग्राम महेवा ने छप्पर के विवाद को लेकर शिकायत की है।

## ट्रक की टक्कर से कार सवार चैयरमैन बाल-बाल बचे

**कालपी।** बीती मध्य रात को नशे में धुत चालक ने जान से मारने की नीयत से फॉर्च्यूनर में जोरदार टक्कर पार्टी मार दी। इस घटना से कार में बैठे नगर पंचायत कुलपहाड़ के अध्यक्ष बाल बाल बच गए।

उक्त दुर्घटना को लेकर नगर पंचायत कुलपहाड़ के अध्यक्ष वैभव अर्जरिया निवासी महोबा ने कालपी कोतवाली में अभियोग दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 14 - 6 -2025 की रात करीब एक बजे अपनी फॉर्च्यूनर से लखनऊ से झांसी जा रहा था। मेरी कार में भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष अनुपम शुक्ला तथा मेरे साथी बैठे हुए थे। जोल्हूपुर मोड़ में मेरी फॉर्च्यूनर कार साइड में खड़ी हुई थी। तभी एक ट्रक ने मेरी फॉर्च्यूनर में टक्कर मार कर जान से करने का प्रयास किया। इस घटना में हम लोग बाल - बाल बचे तथा फॉर्च्यूनर छतिग्रस्त हो गई। इस घटना में हम लोग किसी तरीके से बाहर निकले तथा ट्रक चालक को पकड़ लिया। ट्रक चालक नशे की हालत में था। पुलिस ने ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज लिया है।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के सुदूर इलाके में सुरक्षा बलों ने शनिवार को आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। अधिकारियों ने बताया कि थानामंडी के इस्लामपुर इलाके में राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह के जवानों द्वारा चलाए गए संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान ठिकाने का पता चला। अधिकारियों ने बताया कि ठिकाने की तलाशी में 400 ग्राम विस्फोटक सामग्री, मशीन गन की 48 गोलियां, पिस्तौल की पांच गोलियां, एके-47 की एक गोली और एक आंसू गैस का गोला बरामद हुआ।

### दिल्ली स्थित सीसीएस इमारत में लगी आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जनपथ रोड स्थित सीसीएस इमारत में शनिवार सुबह आग लग गई, जिसके बाद दमकल की 15 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारी ने बताया कि पूर्वाह्न 11 बजकर 13 मिनट पर जनपथ रोड पर स्थित सीसीएस बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली। हमने दमकल की 15 गाड़ियों को मौके पर भेजा और दोपहर 12 बजकर 20 मिनट तक आग पर काबू पा लिया।

### ड्रग्स में यूएई से निर्वासित आरोपी हिरासत में

**मुंबई।** महाराष्ट्र की विशेष एनडीपीएस अदालत ने शनिवार को राज्य में 252 करोड़ का मादक पदार्थ बनाने में कथित संलिप्तता के लिए संयुक्त अरब अमीरात से निर्वासित आरोपी ताहिर सलीम डोला को पुलिस हिरासत में भेज दिया। सांगली में अवैध मेफेड्रोन विनिर्माण इकाई चलाने के आरोप में मुंबई पुलिस द्वारा वांछित डोला को शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात से प्रत्यर्पित किया गया। इससे पहले शहर की पुलिस ने सोलापुर के एक कारखाने से 256 करोड़ रुपये मूल्य की मेफेड्रोन (एमडी) जब्त करने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया था।

### छत्तीसगढ़ से बांग्लादेशी पति-पत्नी गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में पुलिस ने अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिक पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि शहर के टिकरापारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद दिलावर (49) और उसकी पत्नी परवीन बेगम (44) को गिरफ्तार कर लिया है। मोहम्मद दिलावर और उसकी पत्नी बांग्लादेश के मुंशीगंज जिले के निवासी हैं तथा पिछले 15 वर्ष से अवैध रूप से रायपुर में रह रहे थे।

# राहुल को विदेश नीति की समझ नहीं : रविशंकर

## पाकिस्तान में राहुल के बयानों की सराहना हो रही है, वहां के लोग इनकी टिप्पणियों पर ताली बजा रहे हैं

**पटना, एजेंसी**



भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम के फैसले पर टिप्पणी के लिए आलोचना की और कहा कि उन्हें विदेश नीति की कोई समझ नहीं है।

पाकिस्तान संरक्षित आतंकवाद और इसपर भारत के रुख के बारे में लोगों को अवगत कराने गये संसदीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल रविशंकर ने यूरोपीय देशों से लौटने के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके प्रतिनिधिमंडल ने इटली, फ्रांस, ब्रिटेन, डेनमार्क, बेल्जियम और अन्य देशों का दौरा किया और वहां के नेताओं को इस मुद्दे पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर पूरी दुनिया को बताया गया कि आतंकवाद और हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान की ओर से किए जा रहे उत्पात पर भारत का रुख क्या है। साथ ही यह भी बताया गया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर क्यों शुरू किया गया।

रविशंकर से पत्रकारों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान संघर्ष विराम के लिए मध्यस्थता करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे और इस पर नरेंद्र मोदी की चुप्पी को लेकर श्री राहुल गांधी के निशाना साधने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उन्हें विदेश नीति की कोई समझ नहीं है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तब किसी भी भाजपा नेता ने कभी भी भारत सरकार को ऐसे मुद्दे पर शर्मिंदा नहीं किया, जब देश पाकिस्तान या किसी अन्य देश के साथ सैन्य अभियान में लगा हुआ था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में, मैंने मुंबई में ताज होटल पर 26/11 के आतंकी हमले के बाद डॉ. मनमोहन सिंह सरकार को शर्मिंदा करने वाला एक भी शब्द नहीं कहा था। उन्होंने कहा कि राहुल के बयानों की पाकिस्तान में सराहना हो रही है। पाकिस्तान के लोग इनकी टिप्पणियों पर ताली बजा रहे हैं। रविशंकर ने कहा कि यूरोपीय देशों ने आतंकवाद पर भारत के रुख का पूरी तरह से समर्थन किया और स्पष्ट तौर पर कहा कि किसी भी रूप में आतंकवाद को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दुनिया भारत के साथ

**पटना।** सांसद रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में उन्होंने जिन यूरोपीय देशों का दौरा किया, उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में भारत को पूरा समर्थन दिया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले प्रसाद ने कहा कि आतंकवाद कैंसर है, जो दुनिया को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने पटना में कहा, हमारे प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ किसी तरह की कोई नरमी नहीं बरतने के भारत के संदेश को पहुंचाने के लिए यूरोपीय देशों का दौरा किया। पूरी दुनिया ने आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने जिन देशों का दौरा किया, उनमें ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, डेनमार्क और जर्मनी हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमने हाउस ऑफ कॉमन्स के नेताओं से मुलाकात की और उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आतंकवाद स्वीकार्य नहीं है तथा हम इसकी निंदा करते हैं।

# आग से प्रभावित सिंगापुर के जहाज को समुद्र तट से दूर ले जाया गया

**कोच्चि, एजेंसी**

सिंगापुर के ध्वज वाले मालवाहक जहाज में लगी आग बुझाने के लिए जारी अभियान के बीच शनिवार को जहाज को समुद्र तट से और दूर ले जाया गया। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस सप्ताह की शुरुआत में कोलंबो से मुंबई की ओर जाते समय केरल के तट के निकट जहाज में आग लग गई थी। सूत्रों ने बताया कि जहाज एमवी वान हाई 503 को तट से 40 समुद्री मील दूर ले जाया गया है। इससे पहले यह जहाज तट से 27 समुद्री मील दूर था।

रक्षा वक्तव्य के अनुसार, 'टोइंग ऑपरेशन' (जहाज को खींचने का अभियान) की शुरुआत दक्षिणी नौसेना कमान के एक सीकिंग हेलीकॉप्टर से की गई। बयान में कहा गया है कि 'टोइंग ऑपरेशन' आवश्यक था, क्योंकि आईसीजी जहाजों की बोलार्ड पुल क्षमता (जहाज की खींचने की क्षमता) सीमित होती है। बयान में कहा गया है कि हालांकि जहाज एमवी वान हाई 503 को तट से दूर ले जाने में



केरल तट पर जहाज एमवी वान हाई 503 में लगी आग पर काबू पाने की कोशिश करती भारतीय नौसेना।


सफल रहे, लेकिन तेज हवाओं के कारण यह तेजी से किनारे की ओर जाने लगा। बयान में कहा गया है कि इसके बाद, प्रतिकूल मौसम के बावजूद, बचाव दल को जहाज पर चढ़ाया गया और एक रस्सी को जहाज से जोड़ा गया। रक्षा वक्तव्य में कहा गया है, खींचने (टोइंग) का अभियान शुरू हो गया है।

# जम्मू कश्मीर में 17 से दोबारा खुलेंगे पर्यटन स्थल

**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने 17 जून से राज्य के कई पर्यटन स्थलों और उद्यानों को जनता के लिए पुनः खोलने का आदेश दिया है। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों के बाद इन्हें बंद कर दिया गया था। उपराज्यपाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखे पोस्ट में कहा कि अन्य पर्यटन स्थलों को भी चरणबद्ध तरीके से दोबारा खोला जाएगा।

मनोज सिन्हा ने कहा कि मैंने जम्मू एवं कश्मीर डिविजनों के उन कुछ पर्यटनस्थलों को दोबारा खोलने का आदेश दिया है जिन्हें सुरक्षा कारणो



- पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों के बाद से बंद थे

से एहतियाती तौर पर अनिश्चितकाल के लिये बंद कर दिया गया था। पहलगाम बाजार में बेताब घाटी एवं पार्क, वेरीनाग पार्क, कोकरनाग पार्क और अचहाबल पार्क 17 जून से पर्यटकों के लिये दोबारा खोल दिये जांएगे। उपराज्यपाल ने कहा दोबारा खुलने वाले अन्य पर्यटनस्थलों में श्रीनगर स्थित बादमवारी पार्क, डक पार्क, तकदीर पार्क, कठुआ में सार्थल धागर, रईसी में देवी पिंडी, सियाद बाबा एवं सूला पार्क, डोडा में गुलदंदा एवं जय घाटी और ऊधमपुर में पंछेरी शामिल है। उन्होंने कहा कि ये सभी पर्यटन स्थल क्रमबद्ध तरीके से पुनः खोले जांएगे। जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए 30 अप्रैल को करीब 50 पर्यटन स्थलों और ट्रैकिंग स्थलों को बंद कर दिया था। हमले में 26 लोग मारे गए थे।

# विमान दुर्घटना में सरकार को मुआवजा देना चाहिए : खरगे

**अहमदाबाद।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार को अहमदाबाद में हुई भीषण विमान दुर्घटना में जवाबदेही तय करनी चाहिए। अहमदाबाद सिविल अस्पताल में घायलों से मिलने के बाद खरगे ने कहा कि केंद्र को मृतकों के परिजन और घायलों को मुआवजा देना चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया। भारतीय तथा विदेशी नागरिकों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए खरगे ने कहा कि शहर के लोग इस भयावह दुर्घटना को कभी नहीं भूलेंगे। खरगे ने कहा, किसी को भी ऐसी घटनाओं को हल्के में नहीं लेना चाहिए और यह नहीं कहना चाहिए कि ऐसी घटनाएं होती रहती हैं या यह तो आम बात है। मैं कहना चाहूंगा कि किसी को घायलों से मिलकर और फोटो खिंचवाकर श्रेय लेने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

# संविधान विकासशील दस्तावेज है जो बदलावों के अनुरूप खुद को ढाल रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- एडिनबर्ग लॉ स्कूल में संविधान एक विकासशील दस्तावेज विषय पर सीजेआई ने रखे अपने विचार

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने भारतीय संविधान को एक जीवंत और विकासशील दस्तावेज बताया, जो विभिन्न परिस्थितियों में अपेक्षित परिवर्तनों के अनुरूप ढल जाता है। एडिनबर्ग लॉ स्कूल में शुक्रवार को संविधान एक विकासशील दस्तावेज विषय पर अपने संबोधन में सीजेआई ने कहा कि पिछले 75 वर्षों में बदलते दौर की चुनौतियों का सामना करने के लिए संविधान में कई संशोधन हुए हैं।

उन्होंने कहा कि जब भी उच्चतम न्यायालय द्वारा संविधान की व्याख्या के कारण कुछ मुद्दे उठे, संसद ने संविधान में संशोधन करके उनका समाधान किया, ताकि नयी पीढ़ी के बदलावों तथा परिस्थितियों में आए परिवर्तन की मांग के अनुरूप बदलाव किए जा सकें। प्रधान न्यायाधीश ने पूर्व में संविधान को एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में वर्णित किया था, जो न केवल अधिकारों की गारंटी देता है, बल्कि ऐतिहासिक रूप से शोषित तबके का सक्रियता से उत्थान करता है।

# पांच विदेशी विश्वविद्यालय मुंबई में करेंगे परिसर स्थापित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को मुंबई में अपने परिसर स्थापित करने के लिए पांच विदेशी विश्वविद्यालयों को आशय पत्र (एलओआई) सौंपे। ये पांच विश्वविद्यालय - शिकागो का इलिनोइस टेक, स्कॉटलैंड का एबरडीन विवि, ब्रिटेन का यॉर्क विवि, वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया विवि और इटली का इंस्टीट्यूटो यूरोपियो डी डिजाइन। प्रधान ने कहा, मुंबई सपनों और उत्साह का शहर है। यह अपनी बुद्धिमत्ता और उद्यमशीलता की भावना के लिए भी जाना जाता है। नवी मुंबई में स्थापित मुंबई एडुसिटी, मुंबई को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाएगी और इसे वैश्विक ज्ञान राजधानियों में शामिल करेगी। प्रधान ने कहा, मुंबई एडुसिटी वैश्विक, भविष्य के लिए तैयार शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को आकार और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लोकाचार के अनुरूप विचारों, प्रतिभा व विश्वास को सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक कदम है।

# अस्वीकार करना पाकिस्तान की आदत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पूर्व राजनयिक ने कहा- पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को मिला मुंह तोड़ जवाब

पूर्व राजनयिक दिनकर श्रीवास्तव ने कहा है कि पाकिस्तान की युद्ध रणनीति में अपनी संलिप्तता से मना करना शामिल है और इसका उदाहरण 1947 में कश्मीर पर कबायली हमला, 1965 में ऑपरेशन जिब्राल्टर, 1999 में कारगिल युद्ध, 2009 में मुंबई हमला और पहलगाम हमला है।

विदेश मंत्रालय में सेवा दे चुके और पाकिस्तान, अमेरिका एवं यूरोपीय संघ में पदस्थ रहे श्रीवास्तव ने कहा कि इन कृत्यों में पाकिस्तान की संलिप्तता बाद में स्थापित हुई। ईरान में भारत के राजदूत रह चुके श्रीवास्तव ने बताया कि पाकिस्तान ने शुरू में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इस बात से इनकार किया था कि उसकी सेनाएं (1947 के कबायली हमलों में) शामिल थीं। मई 1948 में पाकिस्तान के विदेश मंत्री सर ज़फ़रुल्ला खान ने भारत और पाकिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र आयोग के समक्ष स्वीकार किया था कि पाकिस्तानी सेना की दो ब्रिगेड कश्मीर में लड़ रही थीं, जिसका भारत में विलय कर लिया गया था। श्रीवास्तव ने अपनी पुस्तक, पाकिस्तानः विचारधाराएं, रणनीतियां और हित, में विभाजन, द्वि-राष्ट्र सिद्धांत, इसके राजनीतिक नेताओं एवं सेना के बीच खींचतान, इसके कई आंतरिक संघर्षों और देश के अनिश्चित भविष्य की ओर बढ़ने का उल्लेख किया है।

उन्होंने कहा कि अस्वीकार करना पाकिस्तान की युद्ध रणनीति का हिस्सा है। अगर उन्हें लगता है कि यह सिद्धांत काम कर रहा है तो वे आतंकवाद को प्रायोजित करना जारी रखेंगे। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकियों और पाकिस्तानी सेना तथा आईएसआई में उनके आकाओं को संदेश दिया है कि इस तरह की हरकत का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा।

# अस्पताल ने किया मृत घोषित अंतिम संस्कार के समय जगा

**ठाणे, एजेंसी**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर के अस्पताल के चिकित्सक द्वारा मृत घोषित व्यक्ति उस समय जाग गया जब उसका परिवार उसके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहा था। परिजनों ने शनिवार को बताया कि पीलिया से पीड़ित अभिमन्यु तायडे को बेचैनी की शिकायत पर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के डॉक्टर ने मृत्यु प्रमाणपत्र जारी कर दिया, जिसके बाद परिवार ने उनके अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी, इसी दौरान अभिमन्यु जाग गए। अस्पताल के डॉक्टर ने अपनी गलती स्वीकार की, लेकिन दावा किया कि उन्होंने मानवीय आधार पर मृत्यु प्रमाण पत्र दिया था, जब परिवार ने स्वयं बताया था कि तायडे की मौत हो गई है। तायडे फिलहाल दूसरे अस्पताल में हैं। अस्पताल की लापरवाही के संबंध में क्या कार्रवाई की जाएगी, यह जानने के लिए उल्हासनगर नगर निगम के चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन सम्पर्क नहीं हो पाया।

## कारोबार/कृषि

# पीड़ितों को एअर इंडिया देगा 25-25 लाख रुपये

## टाटा संस के घोषित एक-एक करोड़ रुपये के मुआवजे से अलग होगी यह धनराशि

**मुंबई, एजेंसी**

विमानन कंपनी एयर इंडिया ने शनिवार को घोषणा की कि वह अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजन और जीवित बचे लोगों को 25-25 लाख रुपये का अंतरिम भुगतान करेगी। यह अंतरिम भुगतान मूल कंपनी टाटा संस द्वारा पहले घोषित किए गए एक-एक करोड़ रुपये के मुआवजे के अतिरिक्त है। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैम्पबेल विल्सन ने वीडियो संदेश में कहा, तत्काल वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए एयर इंडिया प्रत्येक मृतक के परिवार और जीवित बचे लोगों को 25-25 लाख रुपये या लगभग 21,000 ब्रिटिश पाउंड का अंतरिम भुगतान करेगी।

उन्होंने बताया कि यह राशि 'टाटा संस' द्वारा पहले ही घोषित एक-एक करोड़ रुपये या लगभग 85,000 ब्रिटिश पाउंड की मदद के अतिरिक्त दी जाएगी। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने बृहस्पतिवार को कहा था कि उनका समूह अहमदाबाद में हुए एअर इंडिया विमान हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को एक-एक करोड़ रुपये की राशि देगा। कैम्पबेल ने कहा कि 200 से अधिक प्रशिक्षित देखभालकर्ता मौजूद हैं और प्रत्येक परिवार को परामर्श और अन्य सेवाओं तक पहुंच के साथ-साथ समर्पित सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजन को उनके प्रियजन के शव एवं निजी सामान सौंपने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

एअर इंडिया प्रमुख ने कहा, इस प्रक्रिया में मदद के लिए हमारी टीम परिवारों और अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। 'एअर इंडिया' प्रमुख ने कहा कि कंपनी डीजीसीए के निर्देशानुसार, बोइंग 787 विमानों की एहतियाती सुरक्षा जांच पूरी करने की प्रक्रिया में है। उन्होंने कहा, ''हम विनियामक द्वारा निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी जांच पूरी कर लेंगे। प्राधिकारियों ने इसकी पुष्टि कर दी है। उन्होंने कहा कि विमान का डेटा रिकॉर्डर बरामद कर लिया गया है, जो आधिकारिक जांच का हिस्सा होगा। उन्होंने कहा कि एअर इंडिया इन जांचों में पूरी तरह से सहयोग कर रही है।



### दुर्घटना पीड़ितों के लिए बीमा कंपनियों ने आसान की दावा प्रक्रिया

**नई दिल्ली।** बीमा कंपनियों - एसबीआई लाइफ, एचडीएफसी लाइफ और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड शनिवार को कहा कि उन्होंने एयर इंडिया विमान दुर्घटना के पीड़ितों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया को आसान बना दिया है। एसबीआई लाइफ ने ऐसी स्थितियों में प्रक्रियात्मक चुनौतियों से उत्पन्न होने वाले भारी भावनात्मक तनाव को समझते हुए, तेजी से वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए दावा प्रक्रिया को आसान बना दिया है। एसबीआई लाइफ ने कहा कि दावा प्रपत्र, पॉलिसी दस्तावेज और केवाईसी तथा नामित व्यक्ति के बैंक खाते के विवरण जैसे न्यूनतम दस्तावेजों के साथ दावा प्रस्तुत किया जा सकता है। दुखद हादसे में, एयर इंडिया की लंदन जाने वाली उड़ान संख्या एआई171 बृहस्पतिवार को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें 241 यात्रियों समेत कुल 274 लोगों की मौत हो गई। एचडीएफसी लाइफ ने एक अलग बयान में कहा कि उसने प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए अपनी दावा प्रक्रिया को सरल बना दिया है। नामांकित व्यक्ति/कानूनी उत्तराधिकारी अब स्थानीय अधिकारियों (सरकार, पुलिस या अस्पताल) से मृत्यु के प्रमाण के साथ ही दावा शुरू कर सकते हैं।

# भारत में औपचारिक नौकरियों में आया उछाल : इनडीड

**बेंगलुरु, एजेंसी**



- आठ महीने की गिरावट के बाद मई में नौकरियों की पोस्टिंग में 8.9 प्रतिशत वृद्धि

लगातार आठ महीने की गिरावट के बाद इस वर्ष मई में नौकरियों की पोस्टिंग में जबरदस्त 8.9 प्रतिशत वृद्धि देखी गयी है। ग्लोबल मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड द्वारा जारी नए आंकड़ों के मुताबिक हालांकि यह एक साल पहले के मुकाबले 1.8 प्रतिशत और अपने शिखर से लगभग 16 प्रतिशत कम है। हाल ही में हुई गिरावट के बाद भी भारतीय नौकरियों की पोस्टिंग कोविड-पूर्व स्तर की तुलना में लगभग 80 प्रतिशत ज़्यादा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड और स्विटज़रलैंड जैसे कई देशों में पोस्टिंग वॉल्यूम इस समय कोविड-पूर्व स्तर की तुलना में कम है। अगर इस तुलना को देखा जाए, तो भारत में पोस्टिंग वॉल्यूम बहुत अच्छा है। भारत में लगभग 80 प्रतिशत व्यवसायों में नौकरियों की पोस्टिंग पिछले तीन महीनों में काफी बढ़ी है। इस वृद्धि से डेंटल सेक्टर में नौकरियों में आई कमी की कुछ भरपाई हो सकती है, जो पिछले तीन महीनों में 10.2 प्रतिशत कम हुई हैं। इसके अलावा, कृषि और वानिकी (8.6 प्रतिशत), सामुदायिक और सामाजिक सेवा (6.8 प्रतिशत) और सॉफ़्टवेयर विकास (4.2 प्रतिशत) की कमी देखी गयी है।

हालांकि हाल ही में सॉफ़्टवेयर डेवलपमेंट में अवसर कम हुए हैं, पर इनडीड पर यह सेक्टर सबसे अधिक नौकरियां पोस्ट करता है, हर पांच भारतीय नौकरी की पोस्टिंग में एक पोस्टिंग इसी सेक्टर की होती है।

### किस सेक्टर में कितनी बढ़ी नौकरियां

सबसे ज़्यादा नौकरियाँ चाइल्डकेयर (27 प्रतिशत), पर्सनल केयर एवं होम हेल्थ (25 प्रतिशत), शिक्षा (24 प्रतिशत) और उत्पादन एवं विनिर्माण (22 प्रतिशत) बढ़ीं है।

# 9 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर्स की सुरक्षा जांच पूरी, उड़ान में देर संभव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एयर इंडिया ने शनिवार को कहा कि उसने विमानन नियामक डीजीसीए के निर्देशानुसार अपने नौ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर्स की एक बार सुरक्षा जांच पूरी कर ली है। एयरलाइंस ने साथ ही कहा कि वह ऐसे बाकी 24 विमानों की जांच पूरी करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

एयर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान की बृहस्पतिवार को अहमदाबाद में घातक दुर्घटना के मद्देनजर, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को विमान बेड़े की सुरक्षा जांच बढ़ाने का आदेश दिया था। एयर इंडिया के पास 33 बोइंग 787-8/9 विमान हैं। एयरलाइन ने एक्स पर पोस्ट किया, कुछ जांचों के कारण कुछ लंबी दूरी के मार्गों पर उड़ानों में अधिक समय लग सकता है और देरी हो सकती है। खासकर उन हवाई अड्डों पर, जहां परिचालन पर रोक है। ग्राहकों को किसी भी देरी के बारे में विधिवत बताया जाएगा। एयरलाइन ने कहा कि वह डीजीसीए द्वारा निर्देशित एक बार की सुरक्षा जांच पूरी करने की प्रक्रिया में है। बोइंग 787 बेड़े की जांच की जा रही है, क्योंकि वे परिचालन के लिए मंजूरी उेने से पहले भारत लौट रहे हैं।



- बाकी 24 विमानों की जांच पूरी करने की दिशा में आगे बढ़ रही कंपनी

# रूस सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक बना रहेगा : एफएओ

**मॉस्को।** संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के आंकड़ों के अनुसार रूस कम से कम दो साल तक सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक देश बना रहेगा। रूस की संवाद समिति ने एफएओ के हवाले से कहा है कि चालू तथा अगले कृषि वर्ष के दौरान गेहूं के कुल वैश्विक निर्यात में रूस का योगदान 20 प्रतिशत से ऊपर रहने की संभावना है।

एफएओ की रिपोर्ट में कहा गया कि 2024-25 कृषि वर्ष में वैश्विक गेहूं निर्यात आठ प्रतिशत घटकर 19.33 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह चार साल के निर्यात का न्यूनतम स्तर होगा। संयुक्त राष्ट्र के इस संगठन के अनुसार अगले कृषि वर्ष में वैश्विक स्तर पर गेहूं का निर्यात में ज्यादा से ज्यादा 3.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 20.06 करोड़ टन तक रहेगा। एफएओ के विश्लेषकों ने लिखा है, रूस दुनिया के सबसे बड़े गेहूं निर्यातक की स्थिति को बनाये रख सकता है।

# सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में आमजन केन्द्र में : सीतारमण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल में आम आदमी को केंद्र में रखते हुये आर्थिक विकास के साथ-साथ जनकल्याण योजनाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। सीतारमण ने मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में आर्थिक क्षेत्रों को लेकर एक्स पर शेयर किए लेख में लिखा है कि नई तकनीकों की वजह से वित्तीय स्थिरता पर सवाल उठ रहे हैं। इन हालातों में भारत एक मजबूत और स्थिर अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है।

11 साल में भारत की विकास यात्राः सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण से मजबूत अर्थव्यवस्था तक शीर्षक से लिखे गये इस लेख में वित्त मंत्री ने लिखा है कि दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं इस समय गंभीर अनिश्चितता के दौर से गुजर रही हैं। भू-आर्थिक विभाजन बढ़ रहा है, वैश्विक कर्ज ऊंचाई पर है। यह स्थिति वर्ष 2013 से बिलकुल अलग है क्योंकि तब भारत को 'फ्रैजाइल फाइव' देशों की सूची में शामिल किया गया था। उस समय देश को कम आर्थिक विकास, ऊंची महंगाई, भारी चालू खाता घाटा और कमजोर सरकारी वित्तीय स्थिति जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। उन्होंने लिखा है कि बीते 11 वर्षों में भारत ने इन सभी चुनौतियों पर काबू पाया है।



- भारत एक मजबूत और स्थिर अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा
- मोदी के नेतृत्व में किए सुधारों और दूरदर्शी फैसलों का नतीजा

### 'फाइव बैलेंस शीट एडवांटेज' वाला देश बना भारत

अब भारत दोहरे घाटे (ट्विन डेफिसिट) वाली अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि 'फाइव बैलेंस शीट एडवांटेज' वाला देश बन गया है। यह बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार किए गए नीतिगत सुधारों और दूरदर्शी फैसलों का नतीजा है। वित्त मंत्री ने लिखा है कि 2014 में सत्ता में आने के बाद सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता आर्थिक विकास को फिर से गति देना था। इसके लिए कई संरचनात्मक सुधार लागू किए गए, जिनमें जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर), आईबीसी (दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता), रेरा (रियल एस्टेट विनियमन कानून) जैसे कदम शामिल हैं। कोविड महामारी के दौरान उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और आपातकालीन ऋण गारंटी योजना के ज़रिए छोटे उद्योगों को संकट से उबरने में मदद दी गई।

# दक्षिण अफ्रीका के 27 साल का इंतजार खत्म

## ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीती, एडन मारक्रम बने प्लेयर ऑफ द मैच

**लंदन, एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लार्डस में 27 साल का लंबा इंतजार कर दिया। ऑस्ट्रेलिया पर पांच विकेट की रोमांचक जीत के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। इस जीत ने न केवल 27 वर्षों में अपना पहला सीनियर पुरुष आईसीसी खिताब पक्का किया, बल्कि एक पूरे क्रिकेट राष्ट्र के दशकों के दुख को भी भुला दिया। लॉर्ड्स के साफ आसमान के नीचे, आखिरकार प्रोटियाज पर सूरज की रोशनी चमकी। एक ऐसे देश के लिए जिसने 1999 में एलन डोनाल्ड के रन-आउट से लेकर पिछले साल भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के दिल टूटने तक आईसीसी के कई दर्दनाक पतन देखे हैं, यह सिर्फ एक और फाइनल नहीं था। यह एक हिसाब था और सबसे बड़े मंच पर, उन्होंने कमाल कर दिया। आखिरी बार द.अफ्रीका ने 1998 में आईसीसी ट्रॉफी जीती थी।

**ऑस्ट्रेलिया ने लगाया पूरा जोर :** ऑस्ट्रेलिया ने मैच के चौथे दिन भी पूरा जोर लगाना जारी रखा और कप्तान पैट कमिंस की अगुवाई में उसके गेंदबाजों ने शुरुआती घंटे में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। दिन के तीसरे ओवर में जब कमिंस की गेंद पर कप्तान तेम्बा बावुमा (66) विकेट के पीछे एलेक्स कैरी के द्वारा लपके गये तब लगा कि टीम पिछली कई बार की तरह एक बार फिर जीत के करीब पहुंच कर फिसल ना जाये। दिन की शुरुआत 102 रन से करने वाले शतकवीर एडेन मारक्रम (136) की अगुवाई में टीम ने हालांकि धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए किसी अनहोनी को टालते हुए 'चोकर्स' के तमगे को पीछे छोड दिया। दक्षिण अफ्रीका की संयमित बल्लेबाजी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने दो घंटे से अधिक के सत्र में सिर्फ तीन चौके लगाये और सुबह माकूल परिस्थितियों में ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी गेंदबाजों को सिर्फ तीन विकेट झटकने के मौके दिए। ऑस्ट्रेलिया ने विकेट चटकाने के लिए पूरा प्रयास किया। टीम की बेताबी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने शुरुआती 90 मिनट के खेल में अपने तीनों डीआरएस गंवा दिए।

**मारक्रम ने पूरा किया काम :** जोश हेजलवुड की गेंद पर 'प्लेयर ऑफ द मैच' मारक्रम जब आउट हुए तब तक मैच ऑस्ट्रेलिया के हाथों से निकल चुका था। उन्होंने छह घंटे और 23 मिनट की मैराथन पारी में 207 गेंद का सामना कर 14 चौके जड़े। काइल वेरेने (नाबाद चार) ने मारक्रम के पवेलियन लौटने के लगभग 15 मिनट के बाद विजयी रन जड़ कर दक्षिण अफ्रीका के खेमे को जश्न में डूबने का मौका दे दिया।

**मारक्रम और कप्तान बावुमा ने जीत की नीव रखी :** मारक्रम और कप्तान बावुमा ने इससे पहले शुक्रवार को मैच के तीसरे दिन 143 रनों की अटूट साझेदारी कर जीत की नींव रखी थी। यह जोड़ी हालांकि शनिवार को ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रह सकी। बावुमा बीते दिन के स्कोर में एक रन जोड़कर दूसरी पारी में कमिंस का पहला शिकार बने। ट्रिस्टन स्टब्स ने अपनी ख्याति के उलट अति रक्षात्मक रवैया अपनाया और 43 गेंद में आठ रन बनाकर मिशेल स्टार्क (66 रन पर तीन विकेट) की गेंद पर बोल्ड हुए। इस समय टीम को 41 रनों की जरूरत थी। मारक्रम ने हालांकि एक छोर संभाले रखा और दूसरे छोर से डेविड बेडिंघम (नाबाद 21) ने स्कोरबोर्ड को चलायमान रखा। टीम को जब जीत के लिए छह रनों की जरूरत थी तब हेजलवुड की गेंद पर मिडविकेट पर ट्रेविस हेड ने मारक्रम का कैच लपका। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने उनके विकेट का जश्न नहीं मनाया। उन्होंने मारक्रम की पीठ थपथपाई और उन्हें मैच जीतने वाली पारी के लिए बधाई दी।



दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा टीम के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतने के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

| | |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया पहली पारी | 212 रन |
| दक्षिण अफ्रीका पहली पारी | 138 रन |
| ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी | 207 रन |

**दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी**

**282/5** (83.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडन मारक्रम का हेड बो हेजलवुड | 136 |
| रेयान रिकल्टन का कैरी बो स्टार्क | 06 |
| वियान मुल्डर का लाबुशेन बो स्टार्क | 27 |
| तेम्बा बावुमा का कैरी बो कमिंस | 66 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो स्टार्क | 08 |
| डेविड बेडिंघम नाबाद | 21 |
| काइल वेरेने नाबाद | 04 |

गेंदबाजी : स्टार्क 14 .4-1-66-3, हेजलवुड 19-2-58-1, कमिंस 17-0-59-1, लियोन 26-4-66-0, वेबस्टर 5-0-13-0, हेड 2-0-8-0




प्लेयर ऑफ द मैच एडन मारक्रम। ● एजेंसी



दक्षिण अफ्रीका के डेविड बेडिंघम (बाएं) और काइल वेरेन विजयी रन बनाने के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

### जीत की हकदार थी दक्षिण अफ्रीका: पैट कमिंस

**लंदन :** ऑस्ट्रेलिया की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब बचाने की उम्मीदें शनिवार को लॉर्ड्स में दिल टूटने के साथ खत्म हो गईं। कप्तान पैट कमिंस ने हार को स्वीकार करते हुये कहा कि दक्षिण अफ्रीका सही मायनो में जीत की हकदार थी। अंतिम क्षणों में धैर्य बनाए रखने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम से कमिंस की टीम पांच विकेट से हार गई। शुरुआती नियंत्रण के बावजूद यह मुकाबला निर्णायक रूप से आस्ट्रेलिया के पक्ष में नहीं गया। इस परिणाम ने दक्षिण अफ्रीका को उसका पहला डब्ल्यूटीसी खिताब और 27 वर्षों में उसकी पहली आईसीसी पुरुष ट्रॉफी दिलायी।

### कई बार मंजिल पर फिसला है दक्षिण अफ्रीका

दक्षिण अफ्रीका इससे पहले आईसीसी टूर्नामेंटों में कई अहम मौकों पर खिताब के करीब पहुंच कर चूक गया है। टीम को बर्मिंघम 1999, ढाका 2011, ऑकलैंड 2015, कोलकाता 2023 और ब्रिजटाउन 2024 में मिली हार लंबे समय तक निराश करती रही लेकिन लंदन 2025 दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट में सबसे यादगार दिनों में से एक के रूप में जाना जाएगा। टीम ने जीत की प्रबल दावेदार और आईसीसी के अहम मैचों में ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी।

### डब्ल्यूटीसी गदा उठाने के बाद दहाड़े बावुमा

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने जीत के बाद उन आलोचकों को एक मजबूत और भावनात्मक संदेश भेजा जिन्होंने उनके शिखर मुकाबले के रास्ते पर सवाल उठाए थे। बावुमा ने कहा एक टीम के रूप में हमने खुद को फाइनल में पहुंचाया, हमने जो रास्ता अपनाया, उस पर संदेह करने वाले थे, माना जाता है कि हमने कमजोर टीमों को हराया। यह उनके लिए है। प्रोटियाज को उनकी काबिलियत पर सवालों का सामना करना पड़ा था।

## एक नजर



अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा लंदन के क्वींस क्लब में एचएसबीसी चैंपियनशिप के छठे दिन सेमीफाइनल मैच के दौरान चीन की किनवेन झेंग को गेंद लौटाती हुई। ● एजेंसी

### चोपड़ा की निगाह पेरिस डायमंड लीग में स्वर्ण पदक जीतने पर

**पेरिस :** लगातार दो प्रतियोगिताओं में दूसरे स्थान पर रहने के बाद स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा जब 20 जून को पिछले आठ साल में पहली बार पेरिस डायमंड लीग में भाग लेंगे तो उनका लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना होगा। इस 27 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने फ्रांस की राजधानी में आयोजित किए गए ओलंपिक खेलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पिछले साल पेरिस डायमंड लीग में हिस्सा नहीं लिया था। उन्होंने आखिरी बार 2017 में जूनियर विश्व चैंपियन के रूप में पेरिस डायमंड लीग में भाग लिया था और तब वह 84 .67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। पेरिस डायमंड लीग के आयोजकों ने अभी प्रतियोगियों की पूरी सूची प्रकाशित नहीं की है, लेकिन उन्होंने घोषणा की है कि चोपड़ा और एंडरसन पीटर्स इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं।



### मन्नत एमेच्योर गोल्फ में इतिहास रचने के बाद मामूली अंतर से बाहर

**नायरन (स्कॉटलैंड) :** मन्नत बरार ने 122वीं महिला एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। इसके बावजूद प्री-क्वार्टर फाइनल में मामूली अंतर से हार गईं। यह इस प्रतियोगिता में किसी भारतीय द्वारा किया गया अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मन्नत स्ट्रोक-प्ले प्रतियोगिता में 16वें स्थान पर रहीं और फिर दो मैच जीतकर अंतिम 16 में पहुंच गईं। उन्होंने अंतिम 64 में जर्मनी को उमा बेर्गनेर जबकि अगले मुकाबले में आयरलैंड की रेबेका गर्डनर को शिकस्त दी।

### तलवार ने चेक गणराज्य में कट में प्रवेश किया

**ब्रनो (चेक गणराज्य) :** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार राइफेनबैंक गोल्फ चैलेंज के दूसरे दिन एक अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने में सफल रहे। शुरुआती दौर में 72 का कार्ड खेलने वाले तलवार ने इवन पार 142 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 60वें स्थान पर रहते हुए कट में प्रवेश किया। तलवार ने दूसरे दौर दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाई। तालिका में शीर्ष पर काबिज चार खिलाड़ियों का स्कोर 10 अंडर है। इसमें स्पेन के सेबेस्टियन गार्सिया (65-67), इंग्लैंड के जोशुआ बेरी (68-64), वेल्श के स्टुअर्ट मैनले (66-66) और अमेरिका के पामर जैक्सन (65-67) के नाम शामिल है।

## टीम की जरूरत के अनुसार खेलना सीख लिया

**बेकेनहैम (ब्रिटेन), एजेंसी**

● **भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा इंग्लैंड में जारी रखना चाहते हैं फार्म**

भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा कि उन्होंने टीम की जरूरतों के अनुसार खेलना सीख लिया है। अब वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अपनी शानदार फॉर्म को इंग्लैंड दौरे पर भी जारी रखना चाहते हैं। चोट से उबरकर वापसी करने वाले प्रसिद्ध ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया। सर्वाधिक विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल की। वह अब इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को लेकर उत्साहित हैं। भारतीय टीम अभी यहां आपस में ही अभ्यास मैच खेल रही है।

प्रसिद्ध ने बीसीसीआई टीवी से कहा आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि जब आपका मौका आए तो आप उसके लिए तैयार रहें। लेकिन आप वास्तव में लंबे समय तक ध्यान केंद्रित नहीं रख सकते हैं, खासकर जब आप बाहर बैठे हों। इसलिए आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप थोड़ा मौज-मस्ती भी करें। उन्होंने कहा जब आप जानते हैं कि आप स्थिति को भांप सकते हैं, तो आप यह सुनिश्चित करते हैं कि आप विशेष परिस्थितियों में अपनी टीम की मदद करें। यह सुनिश्चित करें कि आप पूरी तरह से तैयार रहें, क्योंकि खेल में कुछ भी हो सकता है, यही अपने आप में क्रिकेट की खूबसूरती है। प्रसिद्ध ने कहा मुझे लगता है कि हम सभी इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं कि कब स्विच ऑन और कब स्विच ऑफ करना है। गुजरात टाइटंस की तरफ से आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करके भारतीय टीम में जगह बनाने वाले प्रसिद्ध ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले यहां कुछ अभ्यास मैच खेलने से टीम को काफी फायदा होगा।




## बीसीसीआई ने रणजी प्रारूप में किया बदलाव

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

● **एक टीम को प्रमोट और एक को रेलीगेट किया जाएगा**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को अपनी शीर्ष परिषद की बैठक में फैसला किया कि 2025-26 रणजी ट्रॉफी 15 अक्टूबर से 28 फरवरी तक दो चरणों में एक संशोधित प्रारूप के साथ आयोजित की जाएगी, जिसमें मौजूदा दो टीमों के बजाय प्लेट समूह से एक टीम को रेलीगेट और एक को प्रमोट किया जायेगा।

बीसीसीआई ने 2018-19 में रणजी ट्रॉफी में नौ टीमों को शामिल किया था। इसमें उत्तर पूर्व की टीम भी शामिल है। इससे हालांकि इस प्रतियोगिता में क्रिकेट की गुणवत्ता प्रभावित हुई। मेघालय रणजी ट्रॉफी के पिछले सत्र में एलीट डिवीजन में खेला, लेकिन उसे सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा। बीसीसीआई के एक दस्तावेज में कहा गया, ''सभी बहु-दिवसीय पुरुष टूर्नामेंट (सीनियर और जूनियर) में 2026-27 सत्र से एक टीम को प्रमोट किया जाएगा और एक टीम को रेलीगेट किया जाएगा।'' इस दस्तावेज की प्रति पीटीआई के पास भी है। लाल गेंद क्रिकेट में प्रारूप में बदलाव सभी आयु समूहों के बीसीसीआई टूर्नामेंटों पर लागू होगा। रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 15 अक्टूबर से 19 नवंबर तक खेला जाएगा जबकि दूसरा चरण 22 जनवरी से एक फरवरी तक चलेगा। नॉकआउट छह से 28 फरवरी तक खेले जाएंगे। दलीप ट्रॉफी की क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी हो गयी है। और यह सत्र का पहला टूर्नामेंट होगा। इसका आयोजन 28 अगस्त से 15 सितंबर तक होगा।




## प्रणति नायक ने एशियाई जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता

**नई दिल्ली :** भारतीय जिम्नास्ट प्रणति नायक ने दक्षिण कोरिया के जेचेन में 12वीं सीनियर महिला एशियाई कलात्मक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में वॉल्ट फाइनल में कांस्य पदक जीता। इस साल मार्च में तुर्की के अंताल्या में एफआईजी विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली इस 30 साल की खिलाड़ी ने शनिवार को 13.466 स्कोर करके पोडियम पर तीसरा स्थान पक्का किया। चीन की यिहान झांग ने 13.650 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि वियतनाम की थी क्विन न्हू गुयेन ने 13.583 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता।

युवा भारतीय जिमनास्ट प्रोतिस्ता सामंता ने भी इस स्पर्धा में प्रभावित करते हुए 13.016 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। प्रणति ने इस प्रदर्शन के साथ महाद्वीपीय चैंपियनशिप में अपना तीसरा पदक हासिल करते हुए अनुभवी जिमनास्ट दीपा करमाकर के दो पदकों को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने इससे पहले 2019 में उलानबटोर में वॉल्ट में और फिर 2022 में दोहा में कांस्य पदक जीता था।

## महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया से हारी

**लंदन, एजेंसी**

● **तीन गोल से पिछड़ने के बाद वापसी के लिए किया पूरा प्रयास**

भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन गोल से पिछड़ने के बाद वापसी के लिए अच्छे प्रयास किए लेकिन आखिर में वह 2-3 से हार गई।

ऑस्ट्रेलिया ने कोर्टनी शोनेल (16वें मिनट), लेक्सी पिकरिंग (26वें मिनट) के मैदानी गोल और टैटम स्टीवर्ट (35वें मिनट) के पेनल्टी स्ट्रोक पर के गए गोल की मदद से 3-0 की बढ़त ले ली। भारतीय टीम ने हालांकि दीपिका और नेहा के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से वापसी की कोशिश की लेकिन वह हार नहीं टाल सकी। भारत ने शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की मजबूत रक्षा पंक्ति को भेदने में विफल रहा। नौवें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारत ने उसका अच्छी तरह से बचाव किया। इसके बाद 13वें मिनट में ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर एलीशा पावर ने शानदार बचाव करके भारत के प्रयासों को नाकाम किया। दूसरे क्वार्टर के शुरू होने के एक मिनट बाद ही भारत की रक्षापंक्ति की गलती का फायदा उठाकर शोनेल ने गोल कर दिया। इसके 10 मिनट बाद ऑस्ट्रेलिया ने पिकरिंग के गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दो क्वार्टर में दबदबा बनाए रखा और हाफ टाइम तक 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। तीसरे क्वार्टर के पांच मिनट बाद आस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सुनीता टोप्पो ने खतरे को टाल दिया। आस्ट्रेलिया को इसके बाद पेनल्टी स्ट्रोक मिला और स्टीवर्ट ने बिना कोई गलती किए अपनी टीम को 3-0 की बढ़त दिला दी। अंतिम क्वार्टर भारत के नाम रहा और अपने पहले पेनल्टी कॉर्नर से अंतर को कम किया, जिसे दीपिका ने बड़े ही शानदार तरीके से गोल में बदला।

**जीत का संघर्ष**



एफआईएच हॉकी प्रो लीग में जर्मनी की फेलिसिया विडेरमैन (बाएं) बेल्जियम की पेरिन डी क्लर्क के साथ गेंद के लिए लड़ती हुई। ● एजेंसी

## आखिरी क्षणों में गोल गंवाना फिर भारी पड़ा भारत को

**एफआईएच प्रो लीग**

**एंटवर्प (बेल्जियम), एजेंसी**

● **ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारा, लगातार पांचवीं असफलता मिली टीम को**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम की एफआईएच प्रो लीग में मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार को यहां अभिषेक के दो गोल की मदद से दो गोल की बढ़त के बावजूद टीम को आखिरी क्षणों में गोल गंवाने के कारण ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार गया। भारतीय टीम पहले ही टूर्नामेंट में नीदरलैंड और अर्जेंटीना से दो-दो बार हार चुकी है। इस तरह से यूरोपीय चरण में यह उसकी लगातार पांचवीं हार है। भारत ने अच्छी शुरुआत की और अभिषेक (आठवें और 35वें मिनट) के दो गोल की मदद से 35वें मिनट तक 2-0 की बढ़त बना ली।

ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि मध्यांतर के बाद अधिक आक्रामक रवैया अपनाया तथा नाथन एफ्राम्स (42वें मिनट), जोएल रिंटाला (56वें मिनट) और टॉम क्रेग (60वें मिनट) के गोल से जीत सुनिश्चित की। प्रो लीग के यूरोपीय चरण के अपने पहले चार मैचों में नीदरलैंड और अर्जेंटीना के खिलाफ करीबी हार झेलने के बाद भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ काफी प्रेरित दिखी और उसने पहले दो क्वार्टर में दबदबा बनाए रखा। भारतीय टीम कप्तान और शीर्ष ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के बिना उतरी, क्योंकि अर्जेंटीना के खिलाफ मैच में लगी चोट के कारण उन्हें विश्राम दिया गया था। भारतीय खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू में ही अपने इरादे जतला दिए थे और आठवें मिनट में अभिषेक के गोल से बढ़त हासिल कर ली, जिन्होंने मनप्रीत सिंह से पास पर सर्कल के ऊपर से गोल किया। आस्ट्रेलिया को 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन गोलकीपर सूरज करकेरा ने अच्छा बचाव करते हुए विपक्षी टीम को गोल करने से रोक दिया। अभिषेक जल्द ही अपना दूसरा गोल करने के करीब थे लेकिन उनका बैकहैंड फ्लिक गोल से कुछ इंच दूर रह गया। इसके बाद 19वें मिनट में करकेरा ने जोएल रिंटाला के नजदीकी प्रयास को शानदार तरीके से नाकाम कर दिया। भारत को 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में एक और मौका मिला लेकिन जुगराज सिंह इसका फायदा नहीं उठा पाए। मध्यांतर के बाद भारत ने बढ़त दोगुनी कर दी जब सुखजीत सिंह ने सर्कल के सामने अभिषेक को गेंद थमाई जिन्होंने रिवर्स हिट से विपक्षी गोलकीपर को छकाते हुए दिन का अपना दूसरा गोल किया। ऑस्ट्रेलिया को 37वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन करकेरा ने उसे बेहतरीन तरीके से बचा लिया लेकिन एफ्राम्स ने रिबाउंड से गोल कर दिया। भारत ने 48वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन वे गोल नहीं कर पाए। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम 10 मिनट में चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए।



भारत के सुमित (बाएं) ऑस्ट्रेलिया के डेविस एटकिन के साथ गेंद के लिए संघर्ष करते हुए। ● एजेंसी

## जूडो खिलाड़ी ने कोच पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

**नैनीताल, एजेंसी**

● **उत्तराखंड उच्च न्यायालय पहुंचा मामला**

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने अपने कोच पर प्रशिक्षण के दौरान यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली 19 वर्षीय जूडो खिलाड़ी द्वारा दायर जनहित याचिका पर अगली सुनवाई सोमवार को निर्धारित की है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई शुरू की। अब इसे 16 जून के लिए निर्धारित कर दिया गया है।

देहरादून की रहने वाली इस खिलाड़ी ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि वह राष्ट्रीय स्तर की जूडो-कराटे खिलाड़ी है। पिछले सात वर्षों से देहरादून में सविता गुरुंग से प्रशिक्षण ले रही है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि 2024 में भोपाल में आयोजित किए गए राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण शिविर के लिए उसका चयन हुआ था, लेकिन गुरुंग ने उसे भोपाल जाने की अनुमति देने के बजाय मुरादाबाद में कोच सतीश शर्मा के पास भेज दिया। वो गुरुंग का कोच भी रह चुका है। आरोप है कि 12 मार्च को प्रशिक्षण के दौरान शर्मा उसे अपने फार्महाउस पर ले गया। उसने गेट बंद कर दिया और उसका यौन उत्पीड़न किया। इस खिलाड़ी ने याचिका ने कहा है कि जब उसने इसका विरोध किया तो उसने उसका करियर बर्बाद करने और उसे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग न लेने देने की धमकी दी। बाद में जब वह राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गई तो मानसिक रूप से तैयार नहीं थी।

## तिरंगे से रोशन आसमान



हैदराबाद के डुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में शनिवार को आयोजित 215वें कोर्स की संयुक्त स्नातक परेड के दौरान भारतीय वायु सेना की प्रतिष्ठित एयरोबेटिक्स टीम 'सूर्य किरण' ने आसमान में अद्भुत करतब दिखाए। उनके लाल-सफेद विमानों ने अनुशासन, साहस और गर्व का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस भव्य आयोजन में भारतीय वायु सेना के भावी अधिकारी देश सेवा की शपथ लेते नजर आए। वहीं वायुसेना के सूर्य किरण ने आसमान में ऐसे तीन रंगों को बिखेरा मानो जैसे पूरा आसमान ही तिरंगा मय हो गया हो। **एजेंसी**

# नार्को टेस्ट

## सच सामने लाने की तकनीक

न्यायिक जांच और अपराध की गुत्थियों को सुलझाने के लिए वैज्ञानिक तरीकों का सहारा लिया जाता है, जिनमें से एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है नार्को टेस्ट। यह एक मनोवैज्ञानिक परीक्षण है जिसमें व्यक्ति को अर्ध-बेहोशी की अवस्था में लाकर उससे जानकारी प्राप्त की जाती है। इस टेस्ट में उपयोग की जाने वाली दवा व्यक्ति की सोचने-समझने और झूठ बोलने की क्षमता को सीमित कर देती है, जिससे वह अनजाने में सही तथ्यों को उजागर कर देता है। हालांकि यह प्रक्रिया विवादास्पद भी रही है, क्योंकि इसमें व्यक्ति की निजता और मानवाधिकारों से जुड़े पहलू भी शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी इसके स्वैच्छिक उपयोग पर जोर दिया है।



### क्या है नार्को टेस्ट

- नार्को एनालिसिस, जिसे नार्को टेस्ट कहा जाता है, एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति को सोडियम पेंटोथल जैसी दवा देकर अर्ध-बेहोशी की अवस्था में लाया जाता है। इस स्थिति में व्यक्ति का मस्तिष्क पूर्णत: सचेत नहीं होता, जिससे वह अपनी इच्छा से झूठ बोलने या जानकारी छिपाने में सक्षम नहीं रहता। इस अवस्था को हाइपोथेटिक ट्रांस भी कहा जाता है, जिसमें व्यक्ति के मन की बातों को आसानी से बाहर लाया जा सकता है।

### कैसे होती है जांच

- इस टेस्ट को प्रशिक्षित चिकित्सकों की निगरानी में किया जाता है।
- सबसे पहले व्यक्ति की जांच होती है कि वह दवा के प्रभाव को सह सके।
- फिर उसे सोडियम पेंटोथल या थायोपेन्टोन सोडियम इंजेक्शन देते है।
- व्यक्ति अर्ध-चेतन अवस्था में जाता है, और जांच एजेंसियां सवाल करती हैं।
- इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग होती है, अदालत में प्रमाण के रूप में रखते है।

### कैसे मिलती है मदद

- अपराध की जांच में नई जानकारी मिलती है।
- आरोपी की सच्चाई और झूठ की पहचान की जा सकती है।
- गुमशुदा लोगों के मामले, आतंकवाद, हत्या और बलात्कार जैसे जटिल मामलों में सहायक होता है।
- अन्य वैज्ञानिक परीक्षणों (पॉलीग्राफ, ब्रेन मैपिंग) के साथ मिलकर इसे उपयोग में लाया जाता है।

### कानूनी पहलू और विवाद

- भारत में नार्को टेस्ट को कानूनी रूप से तभी अनुमति है जब संबंधित व्यक्ति की सहमति हो। सुप्रीम कोर्ट ने सेल्वी बनाम कर्नाटक राज्य (2010) मामले में यह स्पष्ट किया कि नार्को टेस्ट को जबरन कराना असंवैधानिक है। संविधान का अनुच्छेद 20 (3) व्यक्ति को आत्म-अभियोग से बचाने का अधिकार देता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि व्यक्ति को खुद के खिलाफ गवाही देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

### जांच एजेंसियों के लिए एक सहायक उपकरण

- नार्को टेस्ट जांच एजेंसियों के लिए एक सहायक उपकरण हो सकता है, लेकिन इसकी वैधानिकता, नैतिकता और मानवीय अधिकारों का ध्यान रखते हुए ही इसका उपयोग होना चाहिए। यह वैज्ञानिक उपकरण अपराध की सच्चाई तक पहुंचने में मदद करता है, लेकिन इसे सबूत के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती, जब तक कि यह अन्य साक्ष्यों से समर्थित न हो।

# भारत कर सकता है मध्य एशिया का तनाव कम

## इजराइली राजदूत बोले- भारत में इजराइल-ईरान के तनाव को कम करने के लिए मध्यस्थता करने की क्षमता



तेल अवीव पर हुए हमलों को रोकता इजराइली आयरन डोम वायु रक्षा प्रणाली।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच टेलीफोन पर बातचीत के बाद भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने आशा व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा कि भारत में इजराइल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव को कम करने के लिए मध्यस्थता करने की क्षमता है।

अजार ने कहा, भारत के पास दोनों पक्षों के साथ बातचीत के रास्ते हैं। यह वास्तव में भूमिका (मध्यस्थता में) निभा सकता है। हम भारत के साथ इस ईमानदार बातचीत से खुश हैं जो हमारा बहुत अच्छा मित्र है... हम आपकी चिंताओं को ध्यान से सुनते हैं। मुझे लगता है कि वे (चिंताएं) जायज हैं। इजराइल और ईरान द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ हमले किए जाने से पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव के बीच यह टिप्पणी आई है। नेतन्याहू ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी को फोन करके इजराइल की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी।

राजदूत ने इस कार्रवाई को ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के उद्देश्य से और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से उत्पन्न अस्तित्वगत खतरे का जवाब देने के लिए रक्षात्मक उपाय बताया। इस बात पर बल देते हुए कि इजराइल के पास निर्णायक कार्रवाई के अलावा कोई विकल्प नहीं था, अजार ने कहा, ''दुनिया का कोई भी देश इस तरह के हालत पैदा करना नहीं चाहता है। उन्होंने दावा किया कि ईरानी अधिकारियों का एक गुप्त समूह इजराइल को तबाह करने के इरादे से परमाणु हथियार तैयार करने का प्रयास कर रहा था और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई बार-बार यह बात कहते रहते हैं। आने वाले वर्षों में बैलिस्टिक मिसाइलों का विशाल शस्त्रागार बनाने की ईरान की योजनाओं की तरफ गौर कराते हुए अजार ने कहा, हमें एक आसन्न खतरे को दूर करना था और उनके परमाणु प्रतिष्ठानों एवं बैलिस्टिक मिसाइलों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करनी थी।

### ईरान के पास विशाल शस्त्रागार, जो इजराइल के लिए खतरा



राजदूत ने कहा, ईरान तीन वर्षों में 10,000 और छह वर्षों में 20,000 बैलिस्टिक मिसाइल तैयार करने की योजना बना रहे हैं। उनके पास विशाल शस्त्रागार है जो इजराइल के लिए खतरा है। वे दक्षिणी मोर्चे से हम पर हमला कर सकते हैं, इसलिए हमारे पास इस परमाणु खतरे पर कार्रवाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था और हम इसे अंजाम तक पहुंचाने के लिए दृढ़ हैं। अजार ने कहा कि इजराइल के जारी अभियानों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ईरान यूरेनियम को संवर्धित न कर सके, जो एक ऐसा लक्ष्य है जिसे कूटनीतिक या सैन्य दोनों तरीके से हासिल करने के लिए इजराइल दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 60-दिवसीय वार्ता अवधि का संदर्भ देते हुए कहा कि ईरान द्वारा इसे न मानने पर 61वें दिन इजराइल ने कार्रवाई की। अजार ने आरोप लगाया, ईरान दूसरे देशों को धोखा दे रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान के परमाणु खतरे के बेअसर होने तक इजराइल अपना अभियान जारी रखेगा। लक्षित हमलों में ईरान के सैन्य नेताओं और परमाणु वैज्ञानिकों की मौत पर अजार ने कहा कि हमलों का उद्देश्य इजराइल को तबाह करने की आपराधिक साजिश को विफल करना है। उन्होंने कहा, इस साजिश के लिए जिम्मेदार लोगों को मिटा दिया गया है। हमें उम्मीद है कि उनके उत्तराधिकारी सबक सीखेंगे और ऐसी हरकतें करना बंद कर देंगे।

### इजराइली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अगले आदेश तक बंद रहेगा

**दुबई।** ईरान की ओर से ड्रोन और मिसाइल हमलों के मद्देनजर इजराइल का मुख्य अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अगले आदेश तक बंद रहेगा। इजराइल के हवाई अड्डा प्राधिकरण ने शनिवार को यह जानकारी दी। इजराइल ने शुक्रवार सुबह ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकाने पर हमले किए थे। जवाब में ईरान की ओर से मिसाइल और ड्रोन हमले किये जाने के बाद, तेल अवीव के पास बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया। लेबनान और जॉर्डन समेत क्षेत्र के विभिन्न देशों ने कहा कि वे शनिवार को अपने हवाई क्षेत्र को फिर से खोल रहे हैं।

### पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों को लक्षित करेगा ईरान

**तेहरान।** ईरानी सेना ने कहा कि वह इजराइल पर हमला जारी रखेगी और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला करने की भी योजना बना रही है। ईरानी सेना के अनुसार अमेरिका ईरानी ठिकानों पर इजराइल की ओर से किए हमलों का सक्रिय सहयोगी था। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) की आधिकारिक एजेंसी ने शनिवार को अज्ञात स्रोत का हवाला देते हुए सरकार की योजनाओं का खुलासा किया। यह युद्ध इज़राइली शासन के आक्रमण द्वारा शुरू किया गया था।

# ईरान के पास परमाणु समझौता करने का दूसरा अवसर : ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी**



इजराइल द्वारा ईरान पर बमबारी जारी रखने का संकल्प जताए जाने के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ईरान से आग्रह किया कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम पर अंकुश लगाने के लिए शीघ्र समझौता करे। ट्रंप ने पश्चिम एशिया में इस नाजुक क्षण को ईरान के नेतृत्व के लिए एक संभावित दूसरे अवसर के रूप में प्रस्तुत किया ताकि और अधिक तबाही से बचा जा सके।

राष्ट्रपति ट्रंप ने इजराइल के विनाशकारी हमलों के बाद आगे की कठिन राह पर चर्चा करने के लिए अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ बैठक की। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संकल्प जताया है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने तक हमले जारी रहेंगे। व्हाइट हाउस ने कहा कि इन हमलों में उसकी कोई संलिप्तता नहीं है। ट्रंप ने रेखांकित किया कि इजराइल ने अमेरिका द्वारा उपलब्ध कराए विशाल हथियार भंडार का उपयोग ईरान के नातांज स्थित मुख्य परमाणु केन्द्र, बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम और शीर्ष परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाने के लिए किया। ट्रंप ने सोशल मंच 'ट्रुथ' पर कहा कि उन्होंने ईरान को चेतावनी दी थी कि यह उससे भी कहीं अधिक बुरा होगा, जो वे सोचते हैं, अनुमान लगाते हैं, या उन्हें बताया गया है। अमेरिका सबसे घातक सैन्य उपकरण बनाता है, और इनमें से कुछ इजराइल के पास है और वे जानते हैं कि इसका उपयोग कैसे करना है।

### हमलों के बाद अमेरिका से वार्ता निरर्थक : ईरान

**दुबई।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि देश पर इजराइली हमलों के बाद अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता निरर्थक है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई की टिप्पणियों से दोनों देशों के बीच रविवार को ओमान में होने वाली वार्ता पर संदेह के बादल मंडराने लगे हैं। खबर में बाघेई के हवाले से कहा गया, अमेरिका ने ऐसा काम किया है कि बातचीत का कोई अर्थ नहीं बचा। इजराइल ने अपने हमलों के ज़रिए आपराधिक कृत्य करके सभी लक्ष्मण रेखाएं पार कर दी हैं। उन्होंने यह कहने से परहेज किया कि वार्ता रद्द कर दी गई है।

## एक नजर

### मोदी 15 से साइप्रस, कनाडा व क्रोएशिया की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी 15 जून से तीन देशों की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, वह कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और साइप्रस तथा क्रोएशिया भी जाएंगे। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा होगी, जो द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित होगी। मोदी सबसे पहले, साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर 15-16 जून को साइप्रस जाएंगे। यह दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा होगी। साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे और लिमासोल में व्यापार जगत के नेताओं को संबोधित करेंगे।

### मणिपुर के विभिन्न हिस्सों से पांच उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के विभिन्न हिस्सों से जबरन वसूली के आरोप में पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को थौबल, काकचिंग, इंफाल पश्चिम और तेंग्नौपाल जिलों से गिरफ्तारियां की गईं। यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक (यूपीपीके) के एक सदस्य को काकचिंग जिले के लैंगमीडोंग मैनिंग लेइकाई से गिरफ्तार किया गया। संदिग्ध की पहचान अकोईजाम रॉबिन्सन (51) के रूप में हुई है, जिस पर इंफाल के स्कूलों से जबरन वसूली करने का आरोप है। उसके पास से .32 पिस्तौल जब्त की गई है।

### परिवार ने जहर खाया, तीन बच्चों की मौत, दंपति गंभीर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में एक ही परिवार के 5 लोगों ने जहर खा लिया जिससे तीन बच्चों की मौत हो गई है तथा दंपति गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि घटना शुक्रवार रात परतापुर थाना क्षेत्र में चंद्रपुर ग्राम पंचायत के परलकोट विलेज-70 की है जहां गांव के निवासी देवेंद्र बैरागी (36) ने खाने में जहर मिलाकर अपने बच्चों दीप्ती बैरागी (12), जुतिका बैरागी (नौ) और देवराज बैरागी (छह) को खिला दिया। इसके बाद बैरागी और उसकी पत्नी ने भी जहर खा लिया। तीनों बच्चों की मौत हो गई है तथा पति-पत्नी को गंभीर हालत में पंखाजूर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### विस्फोट में सीआरपीएफ अधिकारी की मौत


**भुवनेश्वर/चाईबासा।** ओडिशा-झारखंड सीमा पर शनिवार को नक्सल रोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के रहने वाले एएसआई सत्यवान कुमार सिंह (34) उस टीम का हिस्सा थे जो 27 मई को ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में एक पत्थर खदान के पास से माओवादियों द्वारा लूटे गए विस्फोटकों की तलाश में सारंडा जंगल में तलाश अभियान चला रही थी। ओडिशा पुलिस, झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम का तलाश अभियान जारी था और इसी दौरान आईईडी विस्फोट हुआ।

### कामरा पर विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही जल्द

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को निशाना बनाने वाले गीत को लेकर स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही जल्द शुरू होगी। वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कामरा ने एक्स पर विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही के बारे में समाचार को रीट्वीट किया और लिखा, वास्तविक विशेषाधिकार हनन लोगों को हर दिन परिवहन में मरने देना है। कामरा इस सप्ताह की शुरुआत में मुंबई में हुए लोकल ट्रेन हादसे में चार लोगों की मौत की घटना की ओर इशारा कर रहे थे।

# भारत का गलत नक्शा पोस्ट करने के लिए इजराइली सेना ने मांगी माफी

**यरूशलम, एजेंसी**





इजराइली सेना ने जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान के हिस्से के रूप में दर्शाने वाला गलत नक्शा पोस्ट करने के लिए माफी मांगी है और कहा है कि संबंधित मानचित्र सीमाओं को सटीक रूप से चित्रित करने में विफल रहा। इजराइली सेना की ओर से मानचित्र पोस्ट किए जाने के बाद भारतीय सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने आपत्ति जताई थी।

यह नक्शा इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट किया था, जिसमें ईरानी मिसाइलों की रेंज दिखाई गई थी। इस पोस्ट की भारत में सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने आलोचना की थी। इस संबंध में उपयोगकर्ता ने एक्स पर टिप्पणी की, अब आपको समझ में आ गया होगा कि भारत तटस्थ क्यों रहता है। कूटनीति में कोई भी वास्तव में आपका मित्र नहीं होता। आईडीएफ ने स्वीकार किया कि मानचित्र सीमाओं को चित्रित करने में विफल रहा है। आईडीएफ ने कहा, यह पोस्ट क्षेत्र का चित्रण है। इस छवि के कारण पहुंची किसी भी ठेस के लिए हम क्षमा चाहते हैं। इसने पोस्ट में ईरान के खिलाफ ऑपरेशन राइजिंग लॉयन शुरू करने को उचित ठहराया था और साथ ही गलत मानचित्र पेश किया था। आईडीएफ ने लिखा, ईरान वैश्विक खतरा है। इजराइल अंतिम लक्ष्य नहीं है, यह तो शुरुआत है। हमारे पास कार्रवाई के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। इजराइली वायुसेना ने भी छोटा वीडियो पोस्ट किया जिसमें ईरानी मिसाइलों की रेंज को दर्शाते हुए ऐसा ही नक्शा दिखाया गया।

# नीट अभ्यर्थियों से ठगी करने में दो को सीबीआई ने पकड़ा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2025 के अभ्यर्थियों और उनके परिजनों से ठगी के आरोप में महाराष्ट्र से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों ने दावा किया था कि वे अंकों में हेरफेर कर सकते हैं और इसके लिए वे प्रति उम्मीदवार 90 लाख रुपये वसूल रहे थे।

सीबीआई के अनुसार, संदीप शाह (सोलापुर) और सलीम पटेल (नवी मुंबई) ने दावा किया था कि उनके राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनटीए) से संपर्क हैं और वे अभ्यर्थियों के अंक बढ़वा सकते हैं। एजेंसी को तीसरे आरोपी की तलाश है और उसे पूरे प्रकरण का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर प्रति अभ्यर्थी 90 लाख तक की मांग की थी, बाद में मेधा सूची में स्थान सुनिश्चित कराने के लिए बातचीत के दौरान राशि घटाकर 87.5 लाख कर दी थी। सीबीआई ने बताया, आरोपियों के मोबाइल फोन में उम्मीदवारों के नाम, रोल नंबर, एडमिट कार्ड, ओएमआर शीट और लेनदेन के साक्ष्य हैं।

# मणिपुर : 300 से अधिक राइफल और गोला-बारूद हुए बरामद

**इंफाल, एजेंसी**



मणिपुर में सुरक्षाबलों ने इंफाल घाटी के पांच जिलों से 300 से अधिक राइफल समेत बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार और शनिवार की रात खुफिया सूचना पर समन्वित अभियान के दौरान मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और सेना की संयुक्त टीमों ने हथियार बरामद किए।

अधिकारी ने कहा कि जब्त वस्तुओं में 151 एसएलआर, 65 इंसास राइफल, 73 अन्य राइफल, 5 कार्बाइन, 2 एमपी5 बंदूक, 12 हल्की मशीन गन, एके सीरीज की 6 राइफल, 2 अमोघ राइफल, 1 मोर्टार, 6 पिस्तौल, 1 एआर-15 और 2 फ्लेयर बंदूक हैं। अधिकारी घाटी के इंफाल पूर्व और पश्चिम, बिष्णुपुर, काकचिंग और थौबल में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद छिपाए जाने की जानकारी के बाद अभियान शुरू हुआ। यह अभियान सामान्य स्थिति बहाल करने, लोक व्यवस्था बनाए रखने और जातीय हिंसा प्रभावित राज्य में लोगों और उनकी संपत्ति की सुरक्षा करने के प्रयासों में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ नो किंग्स प्रदर्शन की तैयारी

**फिलाडेल्फिया, एजेंसी**



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ पूरे अमेरिका में नो किंग्स नाम से शनिवार को होने वाले प्रदर्शन की बड़े पैमाने पर तैयारी चल रही है। अधिकारियों ने लोगों से शांति की अपील की है। इस प्रदर्शन की तैयारी ऐसे समय चल रही है जब नेशनल गार्ड के जवान एकत्र हुए हैं और ट्रंप सेना की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर वाशिंगटन में एक सैन्य परेड में शामिल हुए हैं।

फिलाडेल्फिया में नो किंग्स मार्च और रैली की योजना बनाई गई है, लेकिन वाशिंगटन में कोई कार्यक्रम आयोजित करने की योजना नहीं है, जहां ट्रंप के जन्मदिन पर सैन्य परेड होगी। अमेरिका के कई शहरों में पहले ही संघीय आव्रजन प्रवर्तन छापों और ट्रंप द्वारा नेशनल गार्ड सैनिकों और मरीन को लॉस एंजिलिस भेजने के आदेश के खिलाफ देश भर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं और इनसे उन्हें (रैली के आयोजकों को) और बल मिल रहा है। आव्रजन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने एक राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया और कारों को आग लगा दी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस, रबर की गोलियों और फ्लैश-बैंग ग्रेनेड का इस्तेमाल किया है, जबकि लॉस एंजिलिस में कर्फ्यू लगा दिया गया है। डेमोक्रेटिक पार्टी शासित राज्यों के गवर्नर ने ट्रंप द्वारा गार्ड तैनाती को सत्ता का खतरनाक दुरुपयोग करार दिया है। उनका कहना है कि फैसला दिखाता है कि ट्रंप प्रशासन स्थानीय कानून प्रवर्तन पर भरोसा नहीं करता है।

**पराक्रम की गाथा** डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड को एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने किया संबोधित

# ऑपरेशन सिंदूर ने वायुसेना की क्षमता को किया प्रदर्शित

## प्रमुख ने कहा- पहलगाम हमले के बाद वायुसेना ने अद्वितीय पराक्रम का उदाहरण किया पेश

**हैदराबाद, एजेंसी**

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने शनिवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद शुरू किया गया ऑपरेशन सिंदूर भारतीय वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का शानदार उदाहरण है। एयर चीफ मार्शल ने कहा कि इस अभियान ने दुश्मन पर त्वरित, सटीक और निर्णायक प्रहार करने की भारतीय वायुसेना की क्षमता को प्रदर्शित किया।

यहां डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने सशस्त्र बलों के बीच असाधारण समन्वय और एकीकरण को प्रदर्शित किया है। उन्होंने युवा अधिकारियों से आह्वान किया कि वे सेवा में आगे बढ़ने के साथ-साथ एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाएं। वायुसेना



प्रमुख ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर भारतीय वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का एक शानदार उदाहरण है जिसमें हमने दुश्मन पर त्वरित, सटीक और निर्णायक प्रहार करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। आप वायुसेना का भविष्य हैं तथा आपको यह समझना होगा कि वायुसेना हमेशा से ही सबसे पहला कदम उठाने वाली रही है और रहेगी।

### स्नातक प्रशिक्षुओं को प्रदान किया प्रेसिजेंट्स कमीशन

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि इन चुनौतियों के लिए उन्हें अपने काम के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध, केंद्रित, नवोन्मेषी और जुनूनी होना होगा। सिंह ने इन अधिकारियों को स्वस्थ जीवनशैली के माध्यम से शारीरिक और मानसिक चुस्ती-फुर्ती तथा व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रेरित किया। यह कार्यक्रम भारतीय वायुसेना की विभिन्न शाखाओं में फ्लाइट कैडेट्स के सेवा में शामिल होने से पहले के प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक पूरा होने पर आयोजित किया गया। समारोह के दौरान वायुसेना प्रमुख ने स्नातक प्रशिक्षुओं को 'प्रेसिजेंट्स कमीशन' प्रदान किया। इस समारोह में भारतीय वायुसेना के फ्लाइट कैडेटों, भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारियों और वियतनाम के एक अधिकारी को प्रशिक्षण के सफल समापन पर 'विंग्स' प्रदान किए गए।

उन्होंने कहा, भारत के प्रत्येक नागरिक द्वारा भारतीय वायुसेना पर जताए गए विश्वास पर खरा उतरना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए तैयार रहना चाहिए। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि युद्धक्षेत्र दिन-प्रतिदिन जटिल होता जा रहा है तथा युवा अधिकारियों को भविष्य के संघर्षों में सफल होने के लिए लगातार प्रशिक्षण और पुनः प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना तेजी से एक एयरोस्पेस बल के रूप में विकसित हो रही है तथा कई युवा अधिकारी अंतरिक्ष में राष्ट्र की अगुवाई करेंगे।